दैनिक हिन्दी अख़बार

# सच बेधड़क

www.sachbedhadak.com | twitter.com/sachbedhadak | facebook.com/sachbedhadak
YouTube: youtube.com/@sachbedhadak | Instagram: instagram.com/sach_bedhadak

वर्ष: 3 | अंक: 288 जयपुर, गुरुवार, 26 सितंबर, 2024 | आश्विन, कृष्ण पक्ष-नवमी, विसं 2081 पृष्ठ: 10 | मूल्य: 2.00

## जरूरी खबर

### सूरसागर की पूर्व विधायक सूर्यकांता व्यास का निधन



**जयपुर।** पूर्व विधायक और वरिष्ठ भाजपा नेता सूर्यकांता व्यास का बुधवार को निधन हो गया। 86 साल की उम्र में उन्होंने जोधपुर में आखिरी सांस ली। जोधपुर ही नहीं, बल्कि पूरे राजनीतिक गलियारों में सूर्यकांता व्यास को 'जीजी' के नाम से पुकारा जाता था। 23 फरवरी 1938 को जन्मी सूर्यकांता व्यास 1990 से लेकर लगातार सात बार विधानसभा चुनाव लड़ चुकीं थीं, जिसमें 6 बार उन्हें जीत हासिल हुई थी। तीन बार उन्होंने जोधपुर का विधानसभा में प्रतिनिधित्व किया, तो तीन बार सूरसागर विधानसभा क्षेत्र से हुए विधायक निर्वाचित हुईं।

### बीकानेर का जवान कस्वां जम्मू कश्मीर में शहीद



**बीकानेर।** राजस्थान के एक और सपूत बीकानेर के रामस्वरूप कस्वां ने देश के लिए अपनी जान दे दी है। वे जम्मू कश्मीर में देश की रक्षा में तैनात थे। पाकिस्तानी गोलीबारी में रामस्वरूप शहीद हो गए। कस्वां को अनंतनाग में ड्यूटी के दौरान सिर में गोली लगी थी और इलाज के दौरान उन्होंने दम तोड़ दिया। रामस्वरूप कस्वां की पार्थिव देह गुरुवार को उनके गृहनगर बीकानेर पहुंचेगी। शहीद को पूरे सैन्य सम्मान के साथ उनके पैतृक गांव पांचू, नोखा तहसील में अंतिम विदाई दी जाएगी।

### J&K में दूसरे चरण में 56.94 प्रतिशत मतदान हुआ

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर चुनाव के दूसरे चरण में 56.94% मतदान दर्ज हुआ। टर्न आउट एप के अनुसार राज्य के बड़गाम में 58.97%, गांदरबल में 62.63%, पुंछ में 73.78%, राजौरी में 67.77%, रियासी में 74.14% और श्रीनगर मे 29.24% मतदान हुआ। यानी रियासी सबसे आगे रहा। दूसरे चरण में जिन प्रमुख उम्मीदवारों की किस्मत का फैसला हुआ, उनमें एनसी के उपाध्यक्ष उमर अब्दुल्ला और बीजेपी नेता रवींद्र रैना आदि शामिल हैं। -पेज 7 भी देखें

**बेंगलुरु की एक कॉलोनी पर की गई टिप्पणी को लेकर सीजेआई की कर्नाटक हाई कोर्ट के जज को खरी-खरी**

# भारत के किसी हिस्से को पाकिस्तान कहना संप्रभुता के खिलाफ: सुप्रीम कोर्ट

■ जज ने खुली अदालत में माफी मांग ली थी, इसलिए केस किया बंद

**एजेंसी** | नई दिल्ली

कर्नाटक हाई कोर्ट के एक जज द्वारा बेंगलुरु की एक कॉलोनी को 'पाकिस्तान' कहकर संबोधित किए जाने के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को फिर तीखी टिप्पणी की।

इस केस की सुनवाई के आखिरी दिन शीर्ष अदालत ने कहा कि ऐसी टिप्पणी तो भारत की ही संप्रभुता के खिलाफ है। जज ने मुस्लिम बहुल गोरी पाल्या इलाके को 'पाकिस्तान' कहकर संबोधित किया था। इसी पर सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस डीवाई चंद्रचूड़ की अगुवाई वाली 5 जजों की सुप्रीम कोर्ट की बेंच ने कहा, 'कोई भी भारत के किसी हिस्से को पाकिस्तान नहीं कह सकता। यह तो भारत की संप्रभुता के ही खिलाफ है।' बेंच ने कहा है कि आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले कर्नाटक हाई कोर्ट के जस्टिस वी. श्रीशेषानंद ने अपनी टिप्पणियों के लिए ओपन कोर्ट में 21 सितंबर को माफी मांग ली थी और ऐसे में हम कार्यवाही बंद करते हैं।



### स्वत: संज्ञान लिया शीर्ष कोर्ट ने

दरअसल अदालती कार्यवाही के दौरान कर्नाटक हाई कोर्ट के जस्टिस वी. श्रीशेषानंद ने कथित तौर पर एक महिला वकील के खिलाफ टिप्पणी और फिर एक अन्य मामले में कार्यवाही के दौरान बेंगलुरु के एक मुस्लिम बाहुल इलाके को पाकिस्तान कहा था। इस मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 20 सितंबर को स्वत: संज्ञान लिया था।

### यह है मामला

हाई कोर्ट के जस्टिस ने मकान मालिक-किराएदार विवाद से जुड़े मामले में बेंगलुरु में मुस्लिम बहुल एक इलाके को 'पाकिस्तान' बताया था। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि अदालतों को न्यायिक प्रक्रिया के दौरा किसी भी ऐसी आपत्तिजनक टिप्पणी से बचना चाहिए। उन्हें ऐसी टिप्पणियां नहीं करनी चाहिए। ऐसी टिप्पणियां जिससे महिला के प्रति पूर्वाग्रह दिखे या फिर किसी समाज के किसी वर्ग के खिलाफ ऐसी टिप्पणी नहीं करनी चाहिए को पूर्वाग्रह वाला हो।

### देश भर के जजों को सलाह

सुप्रीम कोर्ट के चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने देश भर के जजों से कहा है कि वे सुनवाई के दौरान किसी भी अवांछित टिप्पणी से बचें। ऐसी टिप्पणी, जो किसी समुदाय विशेष के खिलाफ या फिर महिलाओं के प्रति पूर्वाग्रह दिखाता है, जज न करें। सीजेआई ने कहा कि आप भारत के किसी भी भूभाग को पाकिस्तान नहीं कह सकते हैं। चीफ जस्टिस ने मौखिक तौर पर यह टिप्पणी करते हुए कार्रवाई बंद कर दी।

### महिला के खिलाफ टिप्पणी भी गलत

एक अन्य विडियो में जस्टिस ने महिला वकील के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी की थी। वह मामला वैवाहिक विवाद का था। शीर्ष अदालत ने कहा कि सुनवाई के दौरान लापरवाही से हुई कोई भी टिप्पणी पूर्वाग्रह वाली हो सकती है। जज कोई भी ऐसा कॉमेंट ना करे जो महिलाओं के खिलाफ पूर्वाग्रह वाला हो या फिर समाज के किसी वर्ग के खिलाफ पूर्वाग्रह वाला हो।

**हाई कोर्ट ने कहा- शेखावत के खिलाफ नहीं बनता मामला**

# संजीवनी प्रकरण में गजेंद्र सिंह शेखावत को मिली क्लीन चिट

■ जस्टिस अरुण मोंगा की बेंच ने SOG की विस्तृत रिपोर्ट पर मामले में आदेश किया पारित

**बेधड़क** | जोधपुर/ जयपुर

संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव प्रकरण में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को राजस्थान हाईकोर्ट से क्लीन चिट मिली गई है। एसओजी की विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर राजस्थान हाई कोर्ट की जस्टिस अरुण मोंगा की बेंच ने बुधवार को गजेंद्र सिंह शेखावत को क्लीन चिट दे दी। जस्टिस मोंगा की बेंच ने आदेश पारित करते हुए कहा रिपोर्ट के आधार पर कोई मामला नहीं बनता है। कोर्ट ने आदेश पारित करते हुए निर्देश दिया कि एसओजी द्वारा प्रस्तुत की गई विस्तृत रिपोर्ट के आधार पर याचिकाकर्ता गजेंद्र सिंह शेखावत के खिलाफ कोई मामला नहीं बनता है।

दरअसल, शेखावत की ओर से दायर याचिका में एफआईआर के साथ-साथ जांच को भी रद्द करने को लेकर मांग की गई थी। 17 सितंबर 2024 को जस्टिस अरुण मोंगा की बेंच ने मामले में अंतिम आदेश पारित करते हुए एसओजी को इस सवाल का जवाब दाखिल करने का निर्देश दिया कि 'क्या एसओजी गजेंद्र सिंह शेखावत के खिलाफ आरोप पत्र दाखिल करने का इरादा रखता है।' मामले में स्पेशल ऑपरेशन ग्रुप (एसओजी) की ओर से एक विस्तृत रिपोर्ट दायर की गई, जिसमें कहा गया कि शेखावत के खिलाफ कोई भी सबूत नहीं है और कंपनियों में निदेशक के रूप में उनके इस्तीफे के बाद किए गए कृत्यों के लिए उन्हें जिम्मेदार नहीं ठहराया जा सकता। एडवोकेट आदित्य विक्रम सिंह ने जानकारी दी कि कोर्ट ने यह भी स्पष्ट किया है कि एसओजी ट्रायल कोर्ट से अनुमति लिए बिना शेखावत के खिलाफ आगे की जांच नहीं कर सकती है।



### सत्य की जीत हुई: गजेंद्र

अदालत के इस फैसले पर अपनी प्रतिक्रिया में केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि आज सत्य की जीत हुई है। किसी भी सत्य को झूठ के आडंबर से बहुत दिन तक नहीं ढंका जा सकता है। जयपुर में बुधवार को राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का नाम लिए बगैर तंज कसते हुए शेखावत ने कहा कि अपनी राजनीतिक महत्वाकांक्षाओं, अपने बेटे की पराजय और प्रदेश की जनता द्वारा भाजपा को विजय दिलाने की खीझ से उपजी मानसिकता के तहत जिस तरह झूठे केस में मुझे घसीटने को कोशिश की गई थी। कोर्ट का आदेश साबित करता है कि मुझे फंसाने का किस तरह का कुत्सित प्रयास किया गया था।

### सियासी मायने: गहलोत की मुश्किलें बढ़ेगी

संजीवनी क्रेडिट को-ऑपरेटिव प्रकरण मामले में केंद्रीय संस्कृति और पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत को राजस्थान हाई कोर्ट से क्लीन चिट मिलने के बाद अब इस फैसले पर सियासी चर्चा हो रही है। लोग इस फैसले के सियासी मायने निकाल रहे हैं। राजनीतिक मामलों के जानकारों के अनुसार शेखावत को मिली क्लीन चिट गहलोत की मुश्किलें बढ़ाएगी। इस मामले में क्लीन चिट मिलने के बाद शेखावत का गहलोत के खिलाफ किया मानहानि का केस भी काफी मजबूत हो जाएगा। फिलहाल गहलोत फोन टैपिंग मामले में भी मुश्किल में घिरे हैं, क्योंकि उनके ओएसडी रहे लोकेश शर्मा से दिल्ली क्राइम ब्रांच ने पूछताछ शुरू कर दी है। ऐसे में गहलोत अब दोहरी परेशानी में घिरते नजर आ रहे हैं।

### लोकेश शर्मा से 6 घंटे पूछताछ

गहलोत की सरकार में सामने आए फोन टैपिंग मामले में जांच कर रही दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने बुधवार को पूर्व सीएम गहलोत के ओएसडी रहे लोकेश शर्मा के कलमबंद बयान दर्ज करवाए। बताया जा रहा है कि लोकेश शर्मा से क्राइम ब्रांच ने 6 घंटे की पूछताछ की। इस पूछताछ के दौरान लोकेश शर्मा ने सात पेज का बयान दर्ज किया। इसमें उन्होंने कहा बताया कि इसके लिए जिम्मेदार पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हैं।

**जैसलमेर में आरएसएस का एकत्रीकरण कार्यक्रम**

# संघ एक संगठन नहीं, बल्कि नव उत्थान का अभियान: होसबोले

**बेधड़क** | जैसलमेर

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरकार्यवाह दत्तात्रेय होसबोले ने कहा कि संघ केवल एक संगठन मात्र नहीं है, बल्कि भारत के नवउत्थान एवं सर्वप्रकार के पुनरुदय का एक महाभियान है। राष्ट्र जीवन का महत्वपूर्ण आंदोलन है। उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश केटी थॉमस ने पिछले दिनों संघ को परिभाषित करते हुए कहा कि संघ ही भारत में लोकतंत्र की सुरक्षा की गारंटी है। सेना और पुलिस के समक्ष संघ देश का सुरक्षा कवच है। सुप्रीम कोर्ट के न्यायाधीश रहे थॉमस के शब्दों से संघ की भूमिका को आसानी से समझा जा सकता है। होसबोले जैसलमेर प्रवास के दौरान बुधवार को शहीद पूनमसिंह स्टेडियम में आयोजित स्वयंसेवकों के एकत्रीकरण के प्रबोधन में बोल रहे थे।

संघ के सरकार्यवाह ने कहा कि 1925 में नागपुर के छोटे से स्थान से शुरू हुआ संघ कार्य देश के सभी राज्यों, जिलों में पहुंच चुका है। इसको देश के प्रत्येक मंडल व बस्ती तक पहुंचाने का लक्ष्य है। जो दूर नहीं है। शुरुआत में संघ को उपहास स्वरुप लिया जाता था, लेकिन स्वयंसेवकों के त्याग और समर्पण से निर्मित यह संगठन विश्व के सबसे बड़े सामाजिक संगठन के रुप में पहचान बनाने में सफल रहा है।



### ये रहे मौजूद

गणवेश में हुए एकत्रीकरण में अखिल भारतीय सह प्रचारक प्रमुख अरुण कुमार, सीमा जागरण मंच के अखिल भारतीय संयोजक मुरलीधर, सहसंयोजक नींब सिंह, क्षेत्र संघ चालक डॉ. रमेश अग्रवाल, क्षेत्र प्रचारक निंबाराम, प्रांत कार्यवाह खींमाराम, प्रांत प्रचारक विजयानंद सहित अन्य दायित्वान कार्यकर्ता स्वयंसेवक और जैसलमेर नगर के स्वयंसेवक कार्यक्रम में सम्मिलित हुए।

### हिंदुत्व सांप्रदायिक भाव नहीं, जीवन दर्शन है

हिन्दू राष्ट्र की अवधारणा पर उन्होंने कहा कि यह केवल एक धर्म नहीं अपितु जीवन पद्धति है। यही संगठित विचार लेकर स्वामी विवेकानंद ने धर्म का प्रचार किया। ऐसे महापुरुषों की प्रेरणा से संघ ने देश के आमजन में विश्वास जगाया कि हिन्दू एक हो सकता है। हिंदुत्व को पहले केवल साम्प्रदायिक दृष्टि से देखा जाता था जो कि संकुचित भाव है। परंतु संघ ने समझाया कि हिंदुत्व सांप्रदायिक भाव नहीं एक जीवन दर्शन है।

### मुख्यमंत्री की केंद्रीय मंत्री से मुलाकात...



*जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल की बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री से मुलाकात हुई। वे पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना की त्रिपक्षीय समीक्षा बैठक में शरीक हुए।* -पेज 02 भी देखें

**ड्रग अलर्ट जारी**

# पेरासिटामोल समेत 53 दवाएं टेस्ट में फेल, विटामिन की गोलियां भी शामिल

- सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (CDSCO) ने किया खुलासा
- विटामिन सी और विटामिल बी कॉम्प्लेक्स सॉफ्टजेल्स भी शामिल
- पहली लिस्ट में 48 पॉपुलर दवाएं, दूसरी लिस्ट में 5 दवाइयां शामिल

**बेधड़क** | नई दिल्ली

अगर बुखार या दर्द आने पर आप तुरंत पेरासिटामोल खा लेते हैं तो सावधान हो जाइए। देश के ड्रग रेगुलेटर सेंट्रल ड्रग्स स्टैंडर्ड कंट्रोल ऑर्गेनाइजेशन (CDSCO) ने ताजा मासिक ड्रग अलर्ट जारी की है। इसमें पेरासिटामोल समेत 53 दवाएं क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गई हैं। इन दवाओं में कैल्सियम और विटामिन डी3 सप्लीमेंट्स, एंटी डायबिटीज की गोलियां और हाई ब्लड प्रेशर के लिए दवाएं भी शामिल हैं। इस रिपोर्ट ने आम आदमी के स्वास्थ्य को लेकर चिंता बढ़ा दी है।



### ये दवाएं हुई परीक्षण में फेल

सीडीएससीओ ने इन 53 दवाओं को नॉट ऑफ स्टैंडर्ड क्वालिटी (NSQ) अलर्ट के तौर पर घोषित किया है। एनएसक्यू अलर्ट स्टेट ड्रग ऑफिसर्स की ओर से लिए गए रैंडम मासिक सैंपलिंग से जेनरेट किए जाते हैं। जो दवाएं क्वालिटी टेस्ट पास नहीं कर पाईं हैं उनमें विटामिन सी और डी3 री टेबलेट शेलकेल, विटामिन बी कॉम्प्लेक्स और विटामिन सी सॉफ्टजेल्स, एंटीएसिट पैन-डी, पैरासीटामोल टैबलेट आईपी 500 एमजी, डायबिटीज की दवाई ग्लिमेपिराइड जैसी दवाएं हैं।

### कौन सी कंपनियां बनाती हैं ये दवाएं

इन दवाओं को हेटेरो ड्रग्स, एलकेम लैबोरेटरीज, हिंदुस्तान एंटीबायोटिक्स लिमिटेड, कर्नाटक एंटीबायोटिक्स एंड फार्मास्यूटिकल्स लिमिटेड, मेग लाइफसाइंसेज और प्योर एंड क्योर हेल्थकेयर जैसी कंपनियां बनाती हैं। पेट में इंफेक्शन की जांच करने के लिए बड़े स्तर पर इस्तेमाल होने वाली दवा मेट्रोनिडेजोल भी क्वालिटी टेस्ट में फेल हो गई है। इस दवाई को पीएसयू कंपनी हिंदुस्तान एंटीबायोटिक लिमिटेड बनाती है। लेकिन, ये कंपनियां इस बात की जिम्मेदारी लेती हुई नहीं दिखाई दे रही हैं।

### जिम्मेदारी लेने से बच रही हैं कंपनियां

ड्रग रेगुलेटर ने क्वालिटी टेस्ट में फेल होने वाली दवाओं की दो लिस्ट जारी की हैं। पहली लिस्ट में 48 पॉपुलर दवाइयों के नाम हैं। वहीं, दूसरी लिस्ट में 5 दवाओं को शामिल किया गया है, इसमें उन फार्मास्यूटिकल कंपनियों के लिए एक रिप्लाई सेक्शन भी रखा गया है जो क्वालिटी टेस्ट में फेल हुई हैं। लेकिन, इसे लेकर आने वाले रिस्पॉन्स यह संकेत दे रहे हैं कि ये कंपनियां दवाओं को फर्जी बताते हुए इसकी जिम्मेदारी लेने से इनकार कर रही हैं। अब देखना यह है कि इसे लेकर इन कंपनियों के खिलाफ क्या एक्शन होता है।


**जरूरी खबर**

### डिप्टी सीएम ने केंद्रीय मंत्री से की मुलाकात



**जयपुर।** प्रदेश की उप मुख्यमंत्री दिया कुमारी ने बुधवार को नई दिल्ली में केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की। मुलाकात के उपरांत उप मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्रीय मंत्री के साथ राजस्थान में जल संरक्षण, जल प्रबंधन एवं पेयजल आपूर्ति संबंधित कई महत्वपूर्ण विषयों पर सार्थक चर्चा हुई।

### उपचुनाव की तैयारियों को लेकर बैठक



**जयपुर।** मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवीन महाजन ने प्रदेश के 7 जिलों के निर्वाचन अधिकारियों के साथ उपचुनाव की तैयारियों के संबंध में बैठक की। महाजन ने दौसा, झुंझुनू, टोंक, नागौर, उदयपुर, डूंगरपुर और अलवर जिलों की एक-एक रिक्त विधानसभा सीट पर उपचुनाव के लिए प्रक्रिया से जुड़े अधिकारियों के साथ विस्तृत समीक्षा की। उन्होंने कहा कि उपचुनाव का कार्यक्रम घोषित होने से पूर्व ही सभी तैयारियां पूरी कर ली जाएं। उन्होंने सभी विधानसभा क्षेत्रों में मतदाता सूचियों में नाम जोड़ने और संशोधन से जुड़े आवेदनों को जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए संबंधित क्षेत्र के बूथ लेवल अधिकारी से लेकर रजिस्ट्रीकरण अधिकारी तक विशेष प्रयास करें

### कार्डियोवेस्कुलर साइंसेज का संचालन दिसंबर से



**जयपुर।** चिकित्सा एवं स्वास्थ्य मंत्री गजेन्द्र सिंह खींवसर ने कहा कि आमजन को बेहतरीन चिकित्सा सुविधाएं सुगमतापूर्वक उपलब्ध करवाने के लिए राज्य सरकार प्रतिबद्ध है। इसी कड़ी में दिसंबर से सवाई मानसिंह अस्पताल परिसर में निर्माणाधीन इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवेस्कुलर साइंसेज का संचालन प्रारंभ किया जाएगा। चिकित्सा मंत्री ने बुधवार को इंस्टीट्यूट ऑफ कार्डियोवेस्कुलर साइंसेज के निर्माणाधीन भवन का अवलोकन किया। उन्होंने भवन में चल रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और निर्माण कार्यों को जल्द से जल्द पूरा कर फिनिशिंग वर्क नवंबर माह तक पूरा करने के निर्देश दिए।

**भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने दौसा विधानसभा के 5 बूथों पर आमजन को दिलाई BJP की सदस्यता**

# पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार पर पीएम मोदी ने किया अमल: राठौड़


बेधड़क | जयपुर

जनसंघ संस्थापक पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती को भाजपा ने 'महा सदस्यता दिवस' के तौर पर मनाते हुए प्रदेशभर में सदस्यता अभियान को गति प्रदान की। भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने दौसा विधानसभा के पांच बूथों पर आमजन को बीजेपी की सदस्यता ग्रहण करवाई। इस अवसर पर उन्होंने कहा कि आमजन को भाजपा परिवार में शामिल करने के लिए देशभर में सदस्यता अभियान चला रही है। भाजपा की रीति और नीति से प्रभावित लोगों को सरकार की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी देते हुए भाजपा की सदस्यता दिलवाई जा रही है और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में भाजपा परिवार में शामिल होने के लिए आमजन में काफी उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़ ने कहा कि भाजपा आज पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जयंती मना रही है। पंडित उपाध्याय ने एक विचार दिया था कि हमें ऐसी राजनीति करनी है, जिससे सबका भला हो, सभी परिवार मजबूत बनें, सभी को रोजगार, रोटी, इलाज की सुविधा मिलने के साथ सबको आगे बढ़ने का मौका मिले। पंडित दीनदयाल उपाध्याय के इस विचारधारा पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कार्य किया और आमजन के लिए जन हितैषी योजनाओं को लागू किया।




### उपाध्याय को अर्पित की पुष्पांजलि

**जयपुर।** मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को मुख्यमंत्री निवास पर महान दार्शनिक एवं गहन चिंतक, 'अंत्योदय' के प्रणेता स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर उन्हें पुष्पांजलि अर्पित की। मुख्यमंत्री ने स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय को स्मरण करते हुए कहा कि संगठन कला के कुशल पारखी हमारे पथ प्रदर्शक स्व. पंडित जी ने मां भारती की सेवा में अपना पूरा जीवन समर्पित किया। वे एक महान नेता थे जिन्होंने सार्वजनिक जीवन में व्यक्तिगत शुचिता एवं गरिमा के उच्चतम आयाम स्थापित किए। शर्मा ने कहा कि सनातन विचारधारा के समर्थक स्व. पंडित जी ने देश को 'एकात्म मानववाद' की विचारधारा प्रस्तुत की थी, जिससे समावेशी विकास एवं जनसमुदाय सशक्तीकरण की परिकल्पना को साकार किया जा सके।



**पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा अनावरण कार्यक्रम**

# दार्शनिक और दूरदर्शी थे पंडित दीनदयाल उपाध्याय: धनखड़

बेधड़क | जयपुर

उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ बुधवार को पंडित दीनदयाल उपाध्याय शेखावाटी विश्वविद्यालय में पंडित दीनदयाल उपाध्याय अवतरण दिवस समारोह में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। इस अवसर पर उपराष्ट्रपति धनखड़ ने कहा कि 'पंडितजी' के विचारों और आदर्शों का अध्ययन कर उन्हें जीवन में उतारना चाहिए। उन्होंने कहा कि राष्ट्रसेवा को निजी स्वार्थ और राजनीति से ऊपर रखना चाहिए। आज युवाओं के लिए रोजगार के बहुत अवसर हैं।

इससे पहले उप राष्ट्रपति ने रिमोट दबाकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की प्रतिमा का अनावरण और ज्ञान उद्यान का लोकार्पण किया। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. अनिल कुमार राय ने आगंतुक अतिथियों को शॉल, श्रीफल और 'पंडितजी' की प्रतिमा देकर स्वागत-सम्मान किया। पंडित दीनदयाल उपाधाय की 108वीं जयंती पर आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने 'एक पेड़ मां के नाम' कार्यक्रम के तहत पौधरोपण किया। उन्होंने कहा कि सौभाग्यशाली हूं कि मुझे पंडितजी की जयंती के मौके पर उनकी प्रतिमा का अनावरण करने का अवसर मिला। उन्होंने विद्यार्थियों से विवि में एक पेड़ लगा कर उसके संरक्षण की जिम्मेदारी लेने का संकल्प भी दिलाया। विशिष्ट अतिथि उपमुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा और एकात्म मानव दर्शन अनुसंधान एवं विकास प्रतिष्ठान, नई दिल्ली के अध्यक्ष डॉ. महेश चंद्र शर्मा थे।

**आज करेंगे हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का शुभारंभः** उपराष्ट्रपति गुरुवार को जयपुर में पांच दिवसीय हिंदू आध्यात्मिक और सेवा मेले का शुभारंभ करेंगे। इनके अलावा जगतगुरु निंबार्काचार्य श्याम शरण देवाचार्य, साध्वी ऋतंभरा, स्वामी चिदानंद सरस्वती और डॉक्टर चिन्मय पंड्या भी मौजूद रहेंगे। एचएसएस प्रदेश सचिव सोमकांत शर्मा ने बताया कि 26 सितंबर को हिंदू मेले का शुभारंभ किया जाएगा।



### एकात्म मानववाद और अंत्योदय विचारों से प्रेरणा लें: बागडे

राज्यपाल ने कहा कि पंडित उपाध्याय युग पुरुष थे। एकात्म मानववाद और अंत्योदय के उनके विचारों से प्रेरणा लेने की आवश्यकता है। बागडे ने पंडित उपाध्याय के साथ बिताए दिनों को याद करते हुए अपने संस्मरण साझा किए और कहा वह सनातन संस्कृति की आधुनिक दृष्टि वाले महामानव थे। राज्यपाल ने धानक्या स्थित राष्ट्रीय स्मारक स्थल पहुंचकर पंडित दीनदयाल उपाध्याय को श्रद्धा सुमन अर्पित किए। उन्होंने बाद में वहां पर पंडित जी के जीवन से जुड़ी स्मृतियों के संग्रहालय का भी अवलोकन किया और कहा कि उनका संपूर्ण जीवन आदर्श का आलोक था। राज्यपाल ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय ने एकात्म मानववाद की मौलिक विचार दृष्टि ही हमें नहीं दी बल्कि अंत्योदय के विचारों और शिक्षाओं से आमजन के कल्याण के लिए प्रेरित किया। उन्होंने मुंबई में पंडित जी के सान्निध्य को याद करते हुए कहा कि पंडित दीनदयाल की कथनी और करनी एक थी। वह विराट मानवीय दृष्टि के युगपुरुष थे। इस अवसर पर राजस्थान धरोहर बोर्ड के अध्यक्ष ओंकार सिंह लखावत ने पंडित दीनदयाल उपाध्याय की जीवन पर विस्तार से प्रकाश डाला।



## उपाध्याय के विचार जीवन मंत्र समान: शेखावत

बेधड़क | जयपुर

केंद्रीय संस्कृति एवं पर्यटन मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत ने कहा कि पंडित दीनदयाल उपाध्याय के विचार देशभक्तों के लिए जीवन मंत्र समान हैं। यह हम सबका संकल्प होना चाहिए कि दीनदयाल ने भारत की उन्नति के लिए भविष्य का जो अंत्योदयी और सर्वोन्मुखी राह दिखाया, उसे हम नए भारत के नवनिर्माण का पाथेय बनाएं।

बुधवार को धानक्या स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय राष्ट्रीय स्मारक पर पंडित दीनदयाल उपाध्याय की 108वीं जयंती पर 'भारतीय ज्ञान परम्परा एवं पंडित दीनदयाल उपाध्याय' स्मृति व्याख्यानमाला में बतौर मुख्य अतिथि शेखावत ने कहा कि दीनदयाल जी का अंत्योदय दर्शन भारतीय नीति और परंपरा की उस शपथ की तरह है, जिसमें भारत के विकास और समृद्धि का कोई चित्र, कोई संकल्प तब तक पूरा नहीं हो सकता, जब तब समाज के अंतिम व्यक्ति के जीवन को वह बदलाव, वह समृद्धि, विकास का वह दावा स्पर्श न करे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि पंडित जी का एकात्म मानववाद आधुनिक भारत की निर्मित से जुड़ा एक ऐसा वैचारिक विवेक है, जो एक तरफ तो भारतीय ज्ञान परंपरा से जुड़ा है, वहीं इसमें भविष्य की चिंताएं भी हैं।



शेखावत ने कहा कि दीनदयाल जी की विचार प्रक्रिया को देखें तो हमें कुछ गूढ़ और सूत्र बातें समझ में आती हैं। भारत की आजादी के एक-डेढ़ दशक के अनुभव के बाद दीनदयाल जी के मन को यह बात खूब मथने लगी थी कि इस स्वतंत्रता में स्व कहां है। वे व्यवस्था से लेकर समाज के बीच लगातार पर के भाव को हावी देखते थे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि चिंतन, विचार और व्यवस्था के तीन धरातल पर विकसित औपनिवेशिक अवधारणाओं का प्रभाव उन्हें चिंतित करता था। उन्हें लगता था कि अगर ऐसा ही रहा तो देश की समस्याओं का समाधान नहीं हो सकता।

**PKC-EPCP लिंक परियोजना पर बैठक**

## राजस्थान और मध्य प्रदेश के बीच जल्द होगा एमओयू



बेधड़क | जयपुर

मध्य प्रदेश और राजस्थान के बीच जल बंटवारें को लेकर सहमति बन चुकी है। दोनों राज्यों के बीच पानी के मुद्दे को लेकर 20 सालों से चल रहा विवाद अब पूरी तरह सुलझ चुका है। इस बात की जानकारी खुद दोनों राज्यों के मुख्यमंत्रियों ने दी है। मध्य प्रदेश के सीएम मोहन यादव और राजस्थान के सीएम भजनलाल शर्मा ने दिल्ली में केंद्रीय जलशक्ति मंत्री सीआर पाटिल से मुलाकात की थी, जिसके बाद दोनों ने बताया कि जल बंटवारे का मामला सुलझ चुका है, जल्द ही एमओयू साइन होगा और दोनों राज्यों के लोगों के हित में होगा।

मध्य प्रदेश और राजस्थान के मुख्यमंत्री बुधवार को नई दिल्ली पहुंचे और दोनों ने केंद्रीय मंत्री सीआर पाटिल से एक साथ मुलाकात की। इसमें 20 साल पुराने चंबल नदी के पानी के विवाद को सुलझाने के लिए हुए फैसलों पर चर्चा हुई। इससे पहले भी दोनों राज्यों के मुख्यमंत्री कई बार मुलाकात कर चुके हैं। यह मुद्दा सुलझने से सबसे ज्यादा फायदा दोनों राज्यों के किसानों को होगा। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बताया कि पार्वती कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना पर संपन्न हुई समीक्षा बैठक में केंद्रीय जल शक्ति मंत्रालय के सहयोग से दोनों राज्यों के बीच लंबित विवादों का निवारण कर लिया गया है। शीघ्र ही इस परियोजना का मेमोरेंडम ऑफ एग्रीमेंट (एमओए) अनुबंध होने वाला है। दोनों राज्यों की जनता के हित में मध्य प्रदेश और राजस्थान की सरकारें मिलकर काम कर रही हैं।

उन्होंने बताया कि इसी दिशा में दोनों राज्यों में पार्वती-कालीसिंध-चंबल-ईआरसीपी लिंक परियोजना पर बड़े पैमाने पर काम किया जा रहा है और शीघ्र ही इसके परिणाम दिखेंगे। उन्होंने कहा कि बैठक में मध्य प्रदेश एवं राजस्थान से संबंधित विभिन्न विकास कार्यों, जल संसाधन प्रबंधन, सीमावर्ती क्षेत्रों में जल वितरण व्यवस्था तथा दोनों राज्यों के मध्य जल संबंधी मुद्दों पर भी गहन विचार-विमर्श किया गया। राजस्थान में जल संरक्षण के लिए एनजीओ की मदद से जल संचयन (वाटर हार्वेस्टिंग) के कार्यान्वयन पर चर्चा की गई, साथ ही जल भंडारण संरचनाओं को पुनर्जीवित करने पर भी जोर दिया गया।

### सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक आज



**जयपुर।** भाजपा के सदस्यता अभियान की समीक्षा बैठक गुरुवार को प्रदेश कार्यालय में आयोजित की जाएगी। भाजपा के राष्ट्रीय महामंत्री संगठन बीएल संतोष, भाजपा प्रदेश अध्यक्ष मदन राठौड़, भाजपा राजस्थान प्रभारी डॉ. राधा मोहन दास अग्रवाल, सह प्रभारी विजया राहटकर और राष्ट्रीय मंत्री एवं सदस्यता अभियान के प्रदेश प्रभारी ऋतुराज सिन्हा बैठक में कार्यकर्ताओं के साथ चर्चा करेंगे। भाजपा सदस्यता अभियान के प्रदेश संयोजक डॉ. अरुण चतुर्वेदी ने बताया कि समीक्षा बैठक के पहले सत्र में जहां भाजपा के प्रदेश पदाधिकारी, जिलाध्यक्ष, सदस्यता अभियान के जिला संयोजक, जिला प्रभारी उपस्थित रहेंगे वहीं दूसरे सत्र में भाजपा के जयपुर संभाग सांसद, विधायक, पूर्व विधायक, 2023 के विधानसभा चुनाव प्रत्याशी, संभाग के जिला प्रमुख, महापौर, उप महापौर सहित जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे।

**गांधी दर्शन से युवा पीढ़ी होगी रूबरू**

# जयपुर में 2 अक्टूबर से गांधी वाटिका का संचालन करेगा पर्यटन विभाग

बेधड़क | जयपुर

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने महात्मा गांधी के मूल्यों, सिद्धांतों एवं संघर्ष को प्रदर्शित करने वाली सेंट्रल पार्क स्थित गांधी दर्शन म्यूजियम (गांधी वाटिका) के बेहतर संचालन के लिए महत्वपूर्ण निर्णय लिया है। मुख्यमंत्री के निर्देश पर महात्मा गांधी जयंती (2 अक्टूबर) से पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग द्वारा गांधी वाटिका का संचालन किया जाएगा। इस निर्णय के अंतर्गत पुरात्तव एवं संग्रहालय तथा पर्यटन विभाग के विशेषज्ञों की सेवाएं भी ली जा सकेगी, जिससे वाटिका का उत्कृष्ट प्रबंधन सुनिश्चित हो सकेगा। पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि विभाग द्वारा डिजिटल एवं नवीन तकनीक के माध्यम से महात्मा गांधी की जीवन यात्रा को प्रदर्शित किया जाएगा। म्यूजियम के एक हिस्से में अंग्रेजों के भारत आगमन से गांधीजी के दक्षिण अफ्रीका प्रवास, दूसरे हिस्से में भारत में अंग्रेजों के खिलाफ किए गए आंदोलन एवं तीसरे हिस्से में गांधीजी के दर्शन साहित्य को प्रदर्शित किया गया है।



### बेहतर प्रबंधन के लिए गठित होगी समिति

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने गांधी वाटिका के बेहतर संचालन के उद्देश्य की पूर्ति के लिए एक समिति के गठन करने के निर्देश भी दिए हैं। ये समिति नियमित रूप से वाटिका के संचालन के अतिरिक्त गांधीजी के मूल्यों के प्रचार-प्रसार पर सुझाव भी देगी। पर्यटन, कला एवं संस्कृति विभाग के शासन सचिव रवि जैन ने बताया कि युवा पीढ़ी गांधीजी और उनके दर्शन से प्रेरणा ले सके, इसके लिए देश-विदेश से आने वाले पर्यटकों की यहां यात्रा भी कराई जाएगी। इसके लिए गांधी वाटिका म्यूजियम को पर्यटन विभाग की सूची में शामिल किया जाएगा। साथ ही गांधीजी के दर्शन पर बनी विभिन्न फिल्मों के माध्यम से सत्य एवं अहिंसा के संदेशों को प्रसारित किया जाएगा। उल्लेखनीय है कि वर्तमान में गांधी वाटिका का संचालन एवं रखरखाव जयपुर विकास प्राधिकरण द्वारा किया जा रहा है। प्राधिकरण ने 85 करोड़ रुपए की लागत से म्यूजियम का निर्माण किया है। इस वाटिका का निर्माण 3 तलों में किया गया है।

### पूर्व सीएम गहलोत ने बताया जनभावना की जीत

गांधी वाटिका संचालन की घोषणा होने के बाद पूर्व सीएम अशोक गहलोत ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर पोस्ट करते हुए इसे जनभावना की जीत बताया। पूर्व सीएम ने पोस्ट में लिखा है कि 'गांधी वाटिका म्यूजियम को आम जनता के लिए खोलने के लिए गांधी दर्शन समिति द्वारा 28 सितंबर को धरना आयोजित किया जाना था। राज्य सरकार ने गांधी वाटिका म्यूजियम को 2 अक्टूबर से खोलने की घोषणा की है। मैं गांधी दर्शन समिति के जीएस बापना, हनुमान शर्मा नायला एवं धर्मवीर कटेवा सहित सभी सदस्यों को बधाई देता हूं। इस धरने की घोषणा के बाद से ऐतिहासिक अभूतपूर्व जनसमर्थन मिल रहा था, जिसके दबाव में आखिरकार सरकार को यह फैसला करना पड़ा, यह जनभावना की जीत है।

**जरूरी खबर**

## व्यावसायिक उपयोग को रखे 78 घरेलू सिलेंडर जब्त



**जयपुर।** रसद विभाग के प्रवर्तन दस्ते ने दिल्ली रोड स्थित महाराज विनायक ग्लोबल यूनिवर्सिटी के सामने व्यावसायिक उपयोग के लिए रखे 78 घरेलू गैस सिलेंडर जब्त किए। जिला रसद अधिकारी जयपुर ग्रामीण श्री त्रिलोकचंद मीणा ने बताया कि जब्त घरेलू गैस सिलेंडर अचरोल स्थित शिवम भारत गैस एजेंसी को सुपुर्द कर दिए गए हैं। टीम में प्रवर्तन अधिकारी कल्याण सहाय करोल, निशांत पंचोली, देवेन्द्र आसोरी, प्रवर्तन निरीक्षक मुकेश खींची, शालिनी चौधरी और मीनू गोदारा शामिल रहे। यह कार्रवाई जिला कलेक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देश पर घरेलू गैस सिलेंडरों के दुरुपयोग एवं अवैध भंडारण के खिलाफ चलाए गए अभियान के तहत की गई।

## रोडवेज मुख्यालय पर कर्मचारियों ने किया प्रदर्शन

**जयपुर।** सरकार पर अनदेखी का आरोप लगाते हुए भारतीय मजदूर संघ ने रोडवेज मुख्यालय पर बुधवार को धरना प्रदर्शन किया। कर्मचारी रोडवेज में नई भर्तियां नहीं होने और बजट में घोषित नई बसों की खरीद नहीं होने से नाराज हैं। कर्मचारियों ने सकारात्मक समाधान नहीं होने पर अनशन और भूख हड़ताल की चेतावनी दी है। भारतीय मजदूर संघ फैडरेशन के प्रदेश महामंत्री सत्यनारायण शर्मा ने बताया कि रोडवेज के इतिहास में पहली बार सरकार ने बजट सत्र 2024-25 में रोडवेज को 500 नई बस खरीद करने, 1650 नए कर्मचारियों की भर्ती करने और 10 जिला बस स्टैंड को अति अत्याधुनिक विकसित करने की घोषणा की गयी थी। बजट सत्र को पेश हुए लगभग 3 महीने से ज्यादा हो चुके हैं, लेकिन उक्त घोषणा का धरातल पर कुछ भी क्रियान्वयन नहीं हो पाया है।

**राहत की पहल:** खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री गोदारा और सहकारिता राज्य मंत्री दक ने दिखाई 10 वैन को हरी झंडी

# सरकार बाजार से आधे दामों में आम जनता को बेचेगी प्याज

बेधड़क | जयपुर

महंगाई से आमजन को राहत देने के लिए बाजार में 60 से 70 रुपए किलो बिक रहा प्याज उपभोक्ताओं को सरकार आधी रेट 35 रुपए किलो में प्याज उपलब्ध करवाएगी। खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री सुमित गोदारा एवं सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने बुधवार को इस व्यवस्था के तहत नेहरू सहकार भवन से 10 वैन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। शासन सचिव, सहकारिता विभाग एवं रजिस्ट्रार, सहकारी समितियां मंजू राजपाल सहित एनसीसीएफ के अधिकारी इस अवसर पर उपस्थित रहे।

### किसानों को अच्छा दाम दिलाने पर फोकस

खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति मंत्री ने इस अवसर पर कहा कि केन्द्र और राज्य सरकार आमजन को महंगाई से राहत देने के निरंतर प्रयास कर रही हैं। इसी क्रम में खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति विभाग द्वारा प्राइस स्टेबलाइजेशन फंड (PSF) योजना के अंतर्गत तथा भारतीय राष्ट्रीय उपभोक्ता संघ (NCCF) के माध्यम से उपभोक्ताओं को महज 35 रुपए प्रति किलो की दर पर प्याज उपलब्ध करवाए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार उपभोक्ताओं को राहत के साथ ही किसानों को भी उनकी उपज के अच्छे दाम मिले इस पर फोकस कर रही है। गोदारा ने बताया कि आगामी सीजन से एनसीसीएफ के माध्यम से राजस्थान में भी प्याज की खरीद के प्रयास किये जा रहे हैं।




### राहत की शुरुआत जयपुर से

सहकारिता राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) गौतम कुमार दक ने कहा कि राज्य सरकार की सोच आमजन को महंगाई से राहत देने की है। अभी जयपुर में रियायती दर पर प्याज उपलब्ध करवाने की शुरुआत की जा रही है। आगामी दिनों में पूरे प्रदेश में इसका विस्तार किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आगामी दिनों में जरूरत के अनुसार वैन की संख्या भी बढ़ाई जाएगी। दक ने कहा कि वर्तमान में बाजार में 60 से 70 रुपये प्रति किलोग्राम की दर पर प्याज उपलब्ध हो रहे हैं। एनसीसीएफ के माध्यम से महज 35 रुपये किलो की दर पर प्याज उपलब्ध होने से उपभोक्ताओं को बड़ी राहत मिलेगी।

### एक व्यक्ति को तीन किलो से ज्यादा नहीं मिलेंगे

एनसीसीएफ के शाखा प्रबंधक ए संदीप ने बताया कि शहर के अलग-अलग स्थानों पर ये वैन उपलब्ध रहेंगी। एक व्यक्ति अधिकतम 3 किलो प्याज की सस्ती दर पर खरीद कर सकेगा। उन्होंने बताया कि आगामी दिनों में श्रीगंगानगर, हनुमानगढ़, सीकर एवं करौली में भी रियायती दरों पर प्याज उपलब्ध करवाया जाएगा।

### आज इन स्थानों पर खड़ी रहेंगी प्याज वैन

- नेहरू सहकार भवन, 22 गोदाम सर्किल
- उद्योग भवन
- श्याम नगर मेट्रो स्टेशन
- शिप्रा पथ/परमहंस मार्ग, मानसरोवर
- मध्यम मार्ग, सिटी पार्क के पास, मानसरोवर
- सांगानेर (पुलिस थाने के पास/ मालपुरा गेट)
- जगतपुरा (रेलवे फाटक के पास)
- सीकर रोड़/वीकेआई (खेतान हॉस्पिटल/ एक नम्बर बस स्टैण्ड)
- वैशाली नगर (आम्रपाली सर्किल)
- झोटवाड़ा (शालीमार सर्किल/नेताजी की चकी के पास)

**JDA में हुई PWC की बैठक में प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति जारी**

# सड़क, पाइप लाइन और ट्रैफिक सुधारने पर 52 करोड़ होंगे खर्च

बेधड़क | जयपुर

जयपुर विकास प्राधिकरण (जेडीए) शहर में बारिश के कारण खराब हुई सड़कों की मरम्मत, पानी की पाइपलाइन बिछाने और ट्रैफिक सिस्टम सुधारने जैसे कार्यों पर 52 करोड़ रुपए खर्च करेगा। यह कार्य अलग-अलग जोन में किए जाएंगे, ताकि शहर में यातायात और बुनियादी सुविधाओं की स्थिति को बेहतर बनाया जा सके। बुधवार को जयपुर विकास प्राधिकरण के मंथन सभागार में जेडीसी आनंदी की अध्यक्षता में आयोजित पीडब्ल्यूसी की बैठक में इन कार्यों के लिए प्रशासनिक और वित्तीय स्वीकृति प्रदान की गई। इन विकास कार्यों का उद्देश्य जयपुर के नागरिकों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराना और बारिश से प्रभावित क्षेत्रों में सुधार करना है।




### जोन 1, 5 और 6 में यहां पर खर्च किया जाएगा पैसा

- जोन -1 में 2.11 करोड़ रुपए की लागत से शहर के प्रमुख जंक्शनों पर मैस्टिक कार्य करवाया जाएगा।
- जोन - 5 में बॉक्स ड्रेन का निर्माण और किंग्स रोड से सी-जोन बाईपास और जनपथ से गोपालपुरा बाईपास तक 60 फीट चौड़ी सड़क का 3.12 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा।
- जोन - 5 सांगानेर विधानसभा क्षेत्र में गुर्जर की थड़ी से किसान धर्म कांटा तक 100 फीट की मुख्य गोपालपुरा सड़क का 3.69 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा।
- जोन - 6 में झोटवाड़ा आरओबी से अजमेर - दिल्ली बाईपास कमानी मोड़ तक 4.93 करोड़ रुपए की लागत से सड़क का नवीनीकरण किया जाएगा।

### जोन 9 और 10 में यहां पर कराए जाएंगे काम

- जोन - 9 के सेक्टर - 29 जगतपुरा फ्लाईओवर के आसपास क्षेत्र की 20 कॉलोनियों में पाइपलाइन बिछाने के लिए पीएचईडी द्वारा 7.77 करोड़ रुपए की लागत से रोड कट की मरम्मत कार्य करवाया जाएगा।
- दिल्ली रोड जोन -10 ट्रांसपोर्ट नगर जंक्शन से गलता गेट और सड़वा मोड़ से पीली की तलाई तक 4.71 करोड़ रुपए की लगत से मीडियन निर्माण करवाया जाएगा।
- जोन -10 में खोले के हनुमानजी से गुरु नानक सर्किल तक 2.92 करोड़ रुपए की लागत से ड्रेनेज सिस्टम डवलप किया जाएगा।
- जोन -10 में बालाजी तिराहा से जगतपुरा आरओबी तक 4.45 करोड़ रुपए की लागत से सेक्टर रोड का नवीनीकरण किया जाएगा।

### जोन 12 और 14 में होंगे ये कार्य

- जोन -12A में भंभोरी से बिंदायका जेडीए स्कीम मोड होते हुए सिवार फाटक तक 4.91 करोड़ रुपए की लगत से 6.5 किमी लंबाई में सड़क का नवीनीकरण किया जाएगा।
- जोन -14 में वाटिका रोड का 8.64 करोड़ रुपए की लागत से नवीनीकरण किया जाएगा। जयपुर शहर में 4.43 करोड़ रुपए की लागत से यातायात सिग्नल और एसीटीएस प्रणाली विकसित की जाएगी।

**एक साल में की 40 वारदातें**

## 250 किलोमीटर में लगे 200 CCTV खंगाले, तब पकड़ में आए चेन चोर



बेधड़क | जयपुर

आमजन और पुलिस के लिए सिरदर्द बने शातिर चेन स्नेचरों को आखिकार कमिश्नरेट की प्रतापनगर थाना पुलिस ने दिल्ली रोड पर दबोच लिया। आरोपी विजयप्रताप सिंह उर्फ बंशी और सुरेन्द्र सिंह उर्फ कल्ल राजाखेड़ा धोलपुर के रहने वाले है।

आरोपियों को पकड़ने के लिए पुलिस ने 60 घंटे तक काम किया और इस दौरान 1500 किलोमीटर का सफर तय किया। आरोपियों की पहचान करने के लिए प्रतापनगर थाना पुलिस ने 250 किलोमीटर तक राष्ट्रीय राजमार्ग व कॉलोनियों में लगे 200 सीसीटीवी कैमरे के फुटेज खंगाले। इस दौरान पुलिस को आरोपियों की महिला मित्र के दिल्ली संगम विहार में होने की भनक लगी। तब पुलिस टीम फतेहतपुर सीकरी से दिल्ली पहुंची और महिला मित्र की तलाश करके उससे आरोपियों के फुटेज दिखाकर शिनाख्त करने के बाद आरोपी के राजखेड़ा धोलपुर स्थित घर पर दबिश दी। आरोपी दिल्ली स्नेचिंग की वारदात के बाद दिल्ली सोने की चेने बेचने गए हुए थे। तब पुलिस टीम ने तकनीकी आधार पर आरोपियों का राजखेड़ा से पीछा किया और दिल्ली रोड़ पर दोनों आरोपियों को दबोच लिया। आरोपी विजयप्रताप राजखेड़ा थाना का हिस्ट्रीशटर है और उसके खिलाफ लूट, हत्या का प्रयास और दुष्कर्म समेत 18 अपराधिक मुकदमे दर्ज हैं। पुलिस कमिश्नर बीजू जॉर्ज जोसफ ने बताया कि आरोपी विजय और सुरेन्द्र चेन स्नेचिंग की वारदात के लिए जयपुर पॉवर बाइक से आते थे। वह रैकी करने के बाद सुबह-शाम के समय में चेन स्नेचिंग की वारदात को अंजाम देते थे और वापस धोलपुर चले जाते थे।

धोलपुर से आरोपी चेन को बेचने के लिए दिल्ली जाते थे और वहां पर अपनी महिला मित्र के साथ रुकते थे। आरोपियों से पूछताछ के बाद पुलिस ने उनसे 12 सोने की चेन बरामद की है। आरोपियों ने शहर में अलग-अलग इलाके में 40 वारदातें की हैं।

सच बेधड़क
दैनिक हिन्दी अख़बार
आपके दिल की बात अब आपके अखबार के माध्यम से...
अख़बार में प्रकाशन के लिए खब़र, विज्ञप्ति, कार्यक्रम की सूचना आलेख एवं अपनी मौलिक रचनाएं
news@sachbedhadak.com
पर E- Mail करें।

## एसएमएस की लिफ्ट में 45 मिनट फंसे रहे मरीज

बेधड़क | जयपुर

सवाई मानसिंह हॉस्पिटल में बुधवार को 3 मरीज और एक स्टाफ करीब 45 मिनट तक लिफ्ट में फंसे रहे। लिफ्ट का मेंटेनेंस देख रहे सुपरवाइजर को फोन किया, लेकिन उसने नहीं उठाया। तब इनमें से स्टाफ कर्मचारी ने स्टाफ के साथी को फोन करके इस पूरी घटना की जानकारी दी। तब जाकर प्रशासन और लिफ्ट ऑपरेट करने वाले कर्मचारी पहुंचे और सभी को बाहर निकाला। लिफ्ट में फंसे ईसीजी टेक्नीशियन जगदीश सोहू ने बताया कि वह काम करके वापस जा रहा था, तभी दूसरी मंजिल से ग्राउंड फ्लोर पर आने के दौरान लिफ्ट अचानक बंद हो गई। मेरे साथ एक महिला मरीज, एक पुरुष मरीज और उनका एक सहयोगी था। पूरे मामले में लापरवाही सामने आने के बाद अधीक्षक डॉ. सुशील भाटी ने कहा- ये मामला गंभीर है। इसमें किसी भी मरीज या उसके परिजन या स्टाफ की जनहानि हो सकती है। इस मामले पर जांच करके आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।

**दिवाली मेंटेनेंस के कारण सुबह 10 से शाम 6 बजे तक की जाएगी कटौती**

## राजधानी के 100 इलाकों में आज 8 घंटे रहेगी बिजली गुल

बेधड़क | जयपुर

दिवाली मेंटेनेंस के चलते शहर के 100 से अधिक इलाकों में गुरुवार को सुबह 10 से शाम 6 बजे तक अलग-अलग शिफ्ट में बिजली काटी जाएगी।

सुबह 10 से दोपहर 2 बजे तक संतोष सागर, सम्राट गेट, मंगोड़ी वाली बगीची, शनिचर का मंदिर, मनु मार्ग, जोरावर सिंह गेट, ब्रह्म राम मंदिर, मंगला माता मार्ग गीता आइस फैक्ट्री संतोष सागर कॉलोनी माधोविलास, मुंशी राम दासजी का रास्ता जोरावर सिंह गेट मंगोड़ी वालो की बगीची, कृष्णा नगर, मनु मार्ग, शिवाजी नगर, भट्टा बस्ती, सेक्टर 5, 90 फिट रोड, बिलाल मस्जिद और आसपास बिजली बंद रहेगी। मानसरोवरक्षेत्र में-सेक्टर 1,2,3, मिथिला विहार, वास्तु श्री कॉलोनी, सोहन नगर बी, शिवराज विहार ए बी सी ब्लाक, महेश विहार, शिव विहार सी, तीजा विहार, ज्योति विहार, प्रताप नगर क्षेत्र में सेक्टर-25, प्रताप एन्क्लेव और सांगानेर क्षेत्र में -गूलर का बंधा, मालपुरा गेट थाना इलाके में बिजली बंद रहेगी। इसी तरह दोपहर 1 शाम 5 बजे तक शास्त्री नगर -5 पी & टी कॉलोनी टेलीफोन एक्सचेंज, झूलेलाल मंदिर पेट्रोल पम्प रोड, शनि मंदिर, मयूर कॉम्प्लेक्स अभिनंदन टावर, सेक्टर न. 4, शंकर नगर बाबा फूड, लाल किराना स्टोर शंकर नगर पुलिया, नगर निगम कॉलोनी खाद फैक्ट्री, ब्रह्मपुरी टेलीफोन एक्सचेंज, प्रताप नगर, सीताराम पुरी फकीरों की डूंगरी, जयपुर माल, मांजी साहब की छतरी, गोलीमार गार्डन, कृष्णा नगर और आस पास कटौती होगी। दोपहर 2 से शाम 6 बजे तक मानसरोवर में मान्यवास, सेक्टर 40, राजपुताना स्कूल, 4 पोल लोहे की DP, ज्योति विहार, मुंडो की ढाणी, बाबा छत्रपाल का मंदिर, 200 फीट रोड, कृष्णा विहार 11, श्याम बाटिका, तिरूपति विहार और सांगानेर क्षेत्र में खटीकों की डाल जैन अतिया रोड रामवरी दालमीन में कटौती की जाएगी।

सुबह 11 से दोपहर 3 बजे तक जवाहर नगर क्षेत्र में सेक्टर 01,02,07, सब्जी मण्डी, दयानन्द स्कूल, पत्रकार कॉलोनी, मामा होटल, टेऊराम मार्ग, सूरज मैदान, राम गली नंबर 04 से 08, एम डी रोड क्षेत्र में झाडू शाह बाबा, रविन्द्र रंगमंच, लूम वाली डीपी, एमडी रोड, कमेला गली, मरदान खा की गली, मुसाफिर खाना, मोबाइल सर्जिकल यूनिट, महिला चिकित्सालय, काली माता मंदिर, मिनर्वा हाल वीके पीछे कालोनी, बाजरे वाली गली, मसाला चोक, सांगानेरी गेट, लाल कोठी पुलिस थाना, बरडिया कालोनी, अल्बर्ट हॉल, रामनिवास बाग, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, रामनिवास बाग पार्किंग, बाबू टायर वाला, जमात खाना, काली माता के पीछे, नथमल जी का कटला, अरिहंत टावर और आस पास बिजली बंद रहेगी।

**नगर निगम हेरिटेज कर रहा आमजन को जागरूक**

# स्वच्छता रथ में ही डालें कचरा, प्लास्टिक न काम में लें और न लेने दें

### निगमकर्मियों को दिखाई स्वच्छता की शॉर्ट फिल्म

बेधड़क | जयपुर

स्वच्छता ही सेवा अभियान के तहत नगर निगम हेरिटेज की ओर से बुधवार को विभिन्न जागरूकता कार्यक्रम आयोजित किए गए। इस दौरान हेरिटेज निगम अतिरिक्त आयुक्त सुरेन्द्र सिंह यादव के निर्देश पर निगम मुख्यालय में निगमकर्मी और स्वयं सहायता समूह के सदस्यों को स्वच्छता की शॉर्ट फिल्म दिखाई गई।

फिल्म के माध्यम से सभी को कचरा प्रबंधन, प्लास्टिक के उपयोग नहीं करने के बारे में बताया गया। हवामहल-आमेर जोन में उपायुक्त सीमा चौधरी के नेतृत्व में निजी स्कूल के बच्चों और अध्यापकों के लिए स्वच्छता की पाठशाला का आयोजन किया गया, जिसमें निगम अधिकारियों ने बच्चों को अपने घर–स्कूल और अपने आसपास सफाई रखने के लिए प्रेरित किया और अपने दैनिक जीवन में स्वच्छता को अपनाने के बारे में बताया।

### नुक्कड़ नाटक से किया जागरूक

नगर निगम जयपुर हेरिटेज किशनपोल जोन में अभियान के तहत वार्ड नं 55 में स्कूली बच्चों और अध्यापकों को नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता के प्रति जागरूक किया। इस दौरान स्वच्छता की पाठशाला में बच्चो को अपने घर-स्कूल और अपने आसपास सफाई रखने के लिए जागरूक किया गया। हेरिटेज निगम के स्वच्छता प्रहरियों ने नुक्कड़ नाटक के माध्यम से कचरा प्रबंधन के बारे में बताया। साथ ही बच्चों को शपथ दिलाई गई कि वे खुले में कचरा नहीं फेकेंगे और अपने घर पर चार प्रकार के डस्टबिन का उपयोग कर कचरा अलग-अलग रखेंगे और कचरा स्वच्छता रथ में ही डालेंगे। इस दौरान किशनपोल जोन उपायुक्त पूजा मीणा और पीआईयू टीम और आईईसी एक्टिविटी टीम मौजूद रही।



### सूखे और गीले कचरे की दी जानकारी

वहीं, कार्यक्रम के दौरान नुक्कड़ नाटक के माध्यम से स्वच्छता का संदेश देकर स्वच्छता और कचरा प्रबंधन के बारे में बताया। इसके अलावा आदर्श नगर जोन में हेरिटेज निगम की आईइसी टीम के द्वारा घर-घर जाकर स्थानीय निवासियों को सूखा-गीला कचरा के बारे में बताया गया। साथ ही बताया गया कि सभी लोग घर के कचरे को स्वच्छता रथ में ही डालें, प्लास्टिक का यूज ना करें और किसी को करने ना दें। इस दौरान प्लास्टिक से होने वाले दुष्परिणामों और बीमारियों के बारे में अवगत कराया गया।

**जरूरी खबर**

## संस्कृत विद्यालय के चोरों ने तीसरी बार तोड़े ताले



**बिलोंची।** बिलोंची स्थित राजकीय वरिष्ठ उपाध्याय संस्कृत में मंगलवार रात्रि चोरों ने फिर से विद्यालय में ताले तोड़ चारे विद्यालय का सामान चुरा लिए। प्रधानाचार्य डॉ. महेश दोतोलिया ने बताया की बुधवार सुबह 7 बजे विद्यालय पहुंचा तो विद्यालय के कमरों व शौचालय के ताले टूटे मिले। विद्यालय राष्ट्रीय राजमार्ग पर स्थित होने के कारण सुरक्षा के लिए विद्यालय में तीन सीसीटीवी कैमरे लगाये गए थे। वह भी तोड़ दिए गए।

## बालिका की निर्मम हत्या में महिला को आजीवन कारावास

**झालावाड़।** जिले के जिला एंव सेशन न्यायाधीश सिया रघुनाथ दान ने बुधवार को झालरापाटन खटीक मोहल्ला निवासी महिला को 4 वर्षीय बालिका की निर्मम हत्या का दोषी मानते हुए आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। न्यायाधीश ने आरोपी महिला पर 1000 रुपए का अर्थ दंड भी लगाया है। वहीं, अर्थदंड की राशि न चुकाए जाने पर एक माह के अतिरिक्त साधारण कारावास की सजा सुनाई है। लोक अभियोजक सुनील गुप्ता ने बताया कि झालावाड़ कोतवाली थाना क्षेत्र में करीब 3 वर्ष पूर्व 4 वर्षीय बालिका के पिता राजेश ने कोतवाली थाना क्षेत्र में शिकायत दी थी।

## ससुराल पक्ष से तंग होकर सुसाइड का प्रयास, बचाया



**चाकसू।** शिवदापसुरा इलाके में बुधवार को महात्मा गांधी अस्पताल पुलिया के नीचे एक व्यक्ति ने ससुराल पक्ष से तंग आकर सुसाइड का प्रयास किया और उसने ट्रेन के आगे कूदने का प्रयास किया। गनीमत रही कि शिवदासपुरा थाने का कांस्टेबल शिवनारायण मीणा ने उसे पकड़ कर कूदने से रोक लिया अन्यथा उसकी जान चली जाती। बताया जा रहा है कि बुधवार को सांगानेर इलाके का रहने वाला रणवीर सिंह शिवदासपुरा स्थित महात्मा गांधी पुलिया के नीचे ट्रेन के सामने कूदकर सुसाइड करने का प्रयास किया। लेकिन उस वक्त फरिश्ता बनकर आये कांस्टेबल शिवनारायण मीणा ने उसे पटरियों से खिंच लिया। जिससे उसकी जान बच गयी।

### किराए के मकान में रहकर कर रहा था तैयारी, आरएनटी कॉलेज में कृषि विज्ञान में द्वितीय वर्ष का था छात्र

# सप्ताहभर में आरएनटी कॉलेज के दूसरे छात्र ने की आत्महत्या

**बेधड़क | चित्तौड़गढ़**

जिले के आरएनटी कॉलेज कपासन में अध्ययनरत कृषि विज्ञान के द्वितीय वर्ष के छात्र ने आत्महत्या कर ली। छात्र आदर्श कॉलोनी में किराये पर रह रहा था। एक सप्ताह में आरएनटी कॉलेज में पढ़ने वाले दूसरे छात्र ने आत्महत्या की है। आत्महत्या के कारणों का अभी खुलासा नहीं हो पाया है। पुलिस ने छात्र का शव उतारकर उपजिला चिकित्सालय की मोर्चरी में रखवाया और पोस्टमार्टम कराकर शव परिजनों को सुपुर्द किया। वहीं छात्र के आत्महत्या के बाद साथी छात्रों ने प्रदर्शन किया। डीवाईएसपी अनिल सारण ने बताया कि 21 वर्षीय अंकित पुत्र किशनलाल वसीटा, निवासी सरदारगढ़ एक मकान में किराये पर रह रहा था। वह अपने गांव से मंगलवार दोपहर को लौटा और दोपहर 3 बजे आदर्श कॉलोनी स्थित अपने किराये के मकान पर आया। इस दौरान मकान मालिक बाहर गये हुए थे। मुख्य दरवाजे पर ताला लगा होने से छात्र ने मकान मालिक को फोन पर अंदर जाने के लिए बातचीत की। जिस पर मकान मालिक ने साइड में लगे छोटे गेट की कुंदी खोलकर अंदर प्रवेश करने को कहा। छात्र छोटा गेट खोलकर पहली मंजिल पर स्थित अपने कमरे में चला गया। बताया जाता है कि साढ़े तीन बजे उसने अपने परिजनों से भी बातचीत की।




### नहीं उठाया फोन

अंकित के परिवारजनों ने शाम साढ़े सात बजे उसे वापस फोन लगाया, तो उसने फोन नहीं उठाया। कई बार कॉल करने पर फोन नहीं उठाने पर उन्होंने मकान मालिक से बातचीत की। इस पर मकान मालिक ने भी छात्र को फोन लगाया। लगातार फोन लगाने पर फोन अटेंड नहीं होने के कारण परिजन अनहोनी को लेकर आशंकित हो उठे। वे कपासन के लिए निकल गए। इधर रात करीब साढ़े नौ बजे मकान मालिक घर पहुंचे। ऊपर जाकर देखा, तो दरवाजा केवल अटका हुआ था और छात्र ने आत्महत्या कर ली थी। यह देखकर मकान मालिक ने पड़ोसियों को आवाज दी। थोड़ी ही देर में छात्र के परिजन भी पहुंच गए। पुलिस उपाधीक्षक अनिल सारण, थानाधिकारी रतन सिंह, थानेदार राहुल सोलंकी आदि जाप्ते के साथ पहुंचे और शव को अस्पताल की मोचर्री में रखवाया।

### पिता की रिपोर्ट पर केस दर्ज

मृतक छात्र के पिता ने छात्र की मौत के संबंध में रिपोर्ट दी है। जिस पर पुलिस ने अनुसंधान शुरु कर दिया है। पुलिस के छात्र की मौत के बाद कमरे की तलाशी ली। मृतक के परिजनों का कहना था कि वह अपने पिता का इकलौता पुत्र था और उसकी बड़ी बहन की पहले शादी हो चुकी है।

### दूसरी मौत पर भड़के छात्र

आरएनटी महाविद्यालय में एक सप्ताह में ही दूसरे छात्र द्वारा आत्महत्या करने के बाद महाविद्यालय के छात्र एकत्र हो गए। वहीं नगर के भी कुछ लोग महाविद्यालय के बाहर मुख्य गेट पर पहुंच गए और प्रदर्शन करने लगे।

### मवेशियों की लड़ाई से घबराकर एक भाई कूदा था तालाब में

# तालाब में डूबने से दो चचेरे भाइयों की मौत, मचा कोहराम

**बेधड़क | बाड़मेर**

तालाब में पानी पीने के दौरान मवेशियों के भिड़ने से घबराया एक बालक बचने के लिए तालाब में कूद गया। दूसरा भाई उसने बचाने के लिए उतरा। लेकिन तालाब के गहरे होने से दलदल में फंसने से दोनों की मौत हो गई। दोनों मासूमों की मौत के से स्तब्ध है। घर पर कोहराम मच गया। हर कोई घटना को लेकर चर्चा कर रहा है। घटना बालोतरा जिले के कमठाई ग्राम पंचायत के भाटियों की ढाणी गांव की है। सूचना पर सिणधरी पुलिस मौके पर पहुंची। शवों को बाहर निकालकर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया। पुलिस ने जांच शुरू कर दी है।



चेतन सिंह



हेम सिंह

### घर से 500 मीटर दूर हुआ हादसा

पुलिस के अनुसार कमठाई ग्राम पंचायत के भाटियों की ढाणी गांव निवासी चेतन सिंह (13) पुत्र शंभु सिंह, हेम सिंह (14) पुत्र रिड़मल सिंह बुधवार की सुबह करीब साढ़े 11 बजे पशुओं को चरा रहे थे। दोनों आपस में चचेरे भाई थे। घर से करीब 500 मीटर दूर तालाब पर पशुओं को पानी पीला रहे थे। इस दौरान पशु आपस में एक-दूसरे से लड़ने लगे। इसे देखकर दोनों भाई घबरा गए, जिससे एक भाई तालाब में कूद गया। उसको डूबता देख दूसरा भाई उसे बचाने के लिए उतरा। लेकिन दोनों गहरे पानी के दलदल में फंस गए।

### डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित किया

बच्चों के चिल्लाने की आवाज सुनकर आसपास से लोग भाग कर आए। जानकारी मिलने पर सिणधरी पुलिस भी मौके पर पहुंची। पुलिस ने आसपास के लोगों की मदद से दोनों के शवों को सिणधरी हॉस्पिटल लेकर आए, वहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। सिणधरी थानाधिकारी सुरेश कुमार ने बताया कि कमठाई इलाके में बच्चों के डूबने की सूचना मिली थी। शवों को बाहर निकालकर हॉस्पिटल की मॉर्च्युरी में रखवाया है। परिजनों की रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी। पोस्टमॉर्टम करवाकर शव परिजनों को सुपुर्द किए जाएंगे। पुलिस ने बताया कि चेतन सातवीं तो हेम सिंह आठवीं क्लास का स्टूडेंट था। दोनों के परिवारजन किसान है।

## बाइक से गिरने से युवक की मौत

**कोटा।** कोटा के खातौली थाना क्षेत्र में पत्नी को लेने अपने ससुराल जा रहे युवक की मौत हो गई। वह करीब डेढ़ घंटे तक रास्ते में अचेत पड़ा रहा। मौके से गुजर रहे युवक के ससुराल पक्ष के किसी व्यक्ति ने उसे पहचानकर एंबुलेंस से हॉस्पिटल लेकर गए, जहां उसकी मौत हो गई। खातौली थाना एएसआई रूपचंद ने बताया कि युवक मुकेश (38) जोरावरपुरा का रहने वाला था। वह अपने ससुराल ढटवाड़ी जा रहा था। रास्ते में लखानी गांव के पास बाइक से गिरकर घायल हो गया। हॉस्पिटल ले जाने पर इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। परिजनों की शिकायत के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### घर से करीब 8 किमी दूर हादसा

युवक के बड़े भाई दौलतराम ने बताया कि मुकेश की पत्नी दो दिन पहले किसी काम से ससुराल गई थी। मंगलवार को मुकेश उड़द बेचने इटावा गया। वहां 7-8 हजार की उड़द बेचकर गांव वापस आ गया। दोपहर 4 बजे के करीब बाइक से पत्नी को लेने ससुराल के लिए रवाना हुआ था। करीब डेढ़ घंटे बाद घर से 7-8 किमी दूर सड़क पर उसके अचेत पड़े होने की सूचना मिली। जानकारी अनुसार गुड़ला रोड पर घायल हालात में काफी देर तक पड़ा रहा। उसके ससुराल पक्ष के एक जानकर ने उसे पहचाना और एमबीएस हॉस्पिटल लेकर गया। सूचना पर परिजन हॉस्पिटल पहुंचे। मुकेश के सिर और फेफड़ों में चोट आना बताया गया है। मंगलवार रात 2 बजे के करीब इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। मुकेश के पास उड़द बेचने के 7-8 हजार रुपए थे। उसकी जेब से केवल ढाई हजार रुपए मिले। लोगों ने बताया कि शराब के नशे में मुकेश बाइक से गिर गया। उसके एक बेटी और 2 बेटे है।

### छोटे भाई ने वीडियो व सुसाइड नोट में कहा...

# पत्नी से गलत काम किया... अब मौत के बाद जिम्मेदारी भी वही उठाएगा!

**बेधड़क | उदयपुर**

उदयपुर में सायरा थाना क्षेत्र के गुंदाली स्थित रमणा गांव में बुधवार को बड़े भाई से नाराज छोटे ने जहर की गोलियां खा कर सुसाइड कर लिया। उसने सुसाइड से पहले एक वीडियो भी बनाया। कहा- भाई ने मेरी पत्नी के साथ गलत काम किया है। अब मेरी सारी उधारी वही चुकाएगा। मेरे बच्चों का ख्याल भी वही रखेगा। ग्रामीणों ने उसे खेत में बेहोश पड़े देखा तो अस्पताल ले गए, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया सुसाइड के लिए उकसाने का मुकदमा दर्ज किया है।

सायरा थानाधिकारी प्रवीण सिंह ने बताया- मृतक की पहचान भगाराम (25) पुत्र भीमाराम गमेती के रूप में हुई है। उसके भाई के खिलाफ सुसाइड के लिए उकसाने की धारा 306 में मुकदमा दर्ज कर लिया है। वीडियो को लेकर भी जानकारी सामने आई है। ग्रामीणों ने उसे उदयपुर के MB अस्पताल में भर्ती करवाया था। जहां से पोस्टमॉर्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया गया।



प्रारंभिक पूछताछ में उसका उसके बड़े भाई से लेन-देन को लेकर विवाद सामने आया है। अन्य जो भी छेड़छाड़ के आरोप हैं उनपर जांच जारी है। पुलिस के अनुसार, भगाराम सूरत में कुक का काम करता था। वह मंगलवार को ही गांव आया था। भाई से करने की बात लिखा। मृतक ने सुसाइड से पहले अपने मोबाइल में एक वीडियो बनाया। इसे उसने सोशल मीडिया पर शेयर किया। इसमें वह कहता नजर आ रहा है कि उसके दो भाई हैं कालूराम और मोटाराम हैं। इनमें बड़ा भाई कालूराम ही उसकी मौत का जिम्मेदार है।

## युवक की गला रेतकर हत्या

**उदयपुर।** सलूंबर जिले के लसाड़िया थाना क्षेत्र में बुधवार में युवक का गला रेंतकर हत्या करने का मामला सामने आया है।

युवक के पैर की 3 अंगुलियां कटी हुई थी। शरीर पर भी कई जगह चोट के निशान हैं। राहगीरों ने खून से लथपथ शव देखकर पुलिस को बताया। सूचना पर एएसपी अशोक बिटोलिया, डिप्टी हितेष मेहता और थानाधिकारी हर्षराज सिंह जाब्ते के साथ मौके पर पहुंचे और घटना की जांच में जुटे हैं।

धामनिया गांव में लालपुरा नाका के पास धरियावद सड़क किनारे शव मिला है।

### चाकसू वीर तेजा सर्किल बोर्ड प्रकरण

# समझौते के बाद भी हुई पत्थर बाजी

**बेधड़क | चाकसू**

गरुड़वासी मोड़ पर मंगलवार को तीन दिन से चल रहा वीर तेजा सर्किल का विवाद प्रशासन व जाट समाज के लोगो की आपसी सहमति से निबटा ही था कि इसे लेकर जाट समाज का दूसरा गुट नाराज हो गया। इस पर नाराज पक्ष नेशनल हाइवे 52 बाईपास पर पहुंच गए और उन्होंने हाइवे जाम कर दिया। इस पर पुलिस ने उन्हें समझाने की कोशिश की। लेकिन मामले ने ओर तूल ओर पकड़ लिया और उपद्रवियों ने विरोध में पुलिस पर पथराव कर दिया। इस पर पुलिस ने भी बचाव पक्ष में लाठीचार्ज कर दिया। जिससे मौके पर भगदड़ मच गई। पुलिस ने उपद्रव कर रहे 9 लोगों को शांतिभंग के आरोप में पकड़ लिया। चाकसू थानाप्रभारी राजूराम बामनिया ने बताया कि उपद्रव करने वालों में से 9 जनों को मौके से रात्रि को शांतिभंग के आरोप में गिरफ्तार कर आरोपियों को बुधवार को एसीपी के सामने पेश किया गया हैं। वहीं वीडियो के आधार पर पहचान करते हुए चार नामजद व अन्य के खिलाफ राज कार्य में बाधा, हाईवे जाम करने और सरकारी संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के मामले में अलग से मुकदमा दर्ज किया गया है। इधर, कांग्रेस नेता व जाट कार्यकर्ता हरिनारायण चौधरी, मदन चौधरी, रानी चौधरी सहित जाट समाज के नेता मौजूद रहे।

### गाड़ी चढ़ाकर मारने और पैर में सरिया निकालने का लगाया आरोप

# परिजनों ने लड़के के बड़े भाई पर किया हमला

**बेधड़क | सीकर**

जिले के डांसरोली गांव में कोर्ट मैरिज से नाराज लड़की के परिजनों ने लड़के के बड़े भाई व उसके पिता पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी बड़े भाई को किडनैप कर अपने साथ सुनसान जगह पर ले गए। आरोप है कि यहां युवक के साथ बेरहमी से मारपीट की गई और उस पर कैंपर गाड़ी चढ़ाने का प्रयास किया और लोहे के सरियों से पैरों में छेद निकाल दिए गए।



युवक के पिता सुंडाराम (64) निवासी अमानीपुरा, दांतारामगढ़ (सीकर) ने पुलिस रिपोर्ट दी में बताया कि वह अपने लड़के महेश के साथ बाथरुम में लगाने के लिए प्लास्टिक की पाइप लेने के लिए डांसरोली गया था। दोनों बाइक पर सवार होकर गए थे। वह डांसरोली में रामेश्वर कुमार की दुकान पर पाइप ले रहे थे। इस दौरान अचानक आरोपी रामनिवास, प्रकाश, योगेश, महावीर सहित दो-तीन अन्य लोग आए और उन पर जानलेवा हमला कर दिया। आरोपी लाठी, सरियों व हथियारों से लैस होकर आए थे। आरोपियों ने आते ही कैंपर गाड़ी से बाइक को टक्कर मारी। जिसके बाद दुकान में घुस गए। आरोपी महेश के साथ मारपीट करने लगे और उसे जान से मारने की कोशिश की। जब आरोपियों ने महेश को जबरन कैंपर गाड़ी में डालने की कोशिश की तो उसके पिता ने बीच-बीच बचाव किया। इस दौरान आरोपियों ने सुंडाराम को धक्का देकर गिरा दिया।

### जिला प्रशासन के नवो बाड़मेर अभियान के तहत चला मेगा सफाई ड्राइव अभियान

# कलेक्टर टीना डाबी उतरीं सड़कों पर, दुकानदारों को सफाई के लिए चेताया

**बेधड़क | बाड़मेर**

बाड़मेर को स्वच्छ और सुंदर बनाने के लिए जिला कलेक्टर टीना डाबी ने नवो बाड़मेर अभियान की शुरूआत की है। अभियान के तहत बुधवार को शहर के प्रमुख रास्तों पर सुबह 8 बजे से ही मेगा सफाई ड्राइव की शुरुआत की गई। इस दौरान कलेक्टर खुद सड़कों पर उतरीं। इस दौरान वह गंदगी फैलाने वालों पर भी सख्त नजर आईं।

टीना डाबी ने गंदगी फैलाने वाले दुकानदारों को चेतावनी देते हुए कहा कि यदि सफाई नहीं हुई तो दुकान बंद करवा दूंगी। उन्होंने कहा कि आज तो प्रशासन पुरानी गंदगी को साफ कर रहा है, लेकिन कल से आप सभी को रेगुलर सफाई करनी है। साथ ही दुकान के बाहर डस्टबीन भी रखें और उसमें सारा कचरा डाले। साथ ही कहा कि 2 दिन में फिर से देखने आऊंगी। सफाई दिखनी चाहिए।

दरअसल, टीना डाबी ने बाड़मेर कलेक्टर का पदभार संभालने के साथ ही नवो बाड़मेर अभियान की शुरुआत की थी। कलेक्टर ने शहर के मुख्य मार्गों के साथ ही चौराहों पर बने सर्किल को भामाशाहों को गोद दिया है। अभियान के तहत बुधवार को मेगा सफाई अभियान की शुरुआत की गई। नगर परिषद की ओर से बाड़मेर शहर के प्रमुख स्थानों पर डस्टबीन लगाए जाएंगे। इसके लिए नगर परिषद आयुक्त को निर्देशित किया गया है। कलेक्ट्रेट परिसर में सफाई व्यवस्था सुनिश्चित करवाने का जिम्मा प्रशासनिक अधिकारी हस्तीमल को सौंपा गया है। करीब 12 घंटे तक चलने वाले इस अभियान की शुरुआत सुबह 8 बजे की गई। इसकी मॉनिटरिंग खुद कलेक्टर टीना डाबी कर रही हैं, जबकि 21 अन्य प्रशासनिक अधिकारियों को भी जिम्मेदारी सौंपी गई। टीना डाबी के नेतृत्व में जिले के प्रशासनिक अधिकारियों ने सर्किल, मुख्य मार्गों समेत मोहल्लों में उतर कर सफाई व्यवस्था का जायजा लिया। कलेक्टर टीना डाबी ने सफाई को लेकर टीम के साथ एक्टिव दिखीं। वह सुबह से फील्ड में उतरी हुईं थीं। इस दौरान उन्होंने गंदगी होने पर दुकानदारों को चेतावनी दी। शाम करीब 5 बजे टीना डाबी एक बार फिर फील्ड में पहुंचीं।



### सुबह और शाम को शहर में होगी सफाई

शहर में घर-घर कचरा संग्रहण के लिए स्मार्ट कार्ड लगेंगे। कचरा वाहन की मॉनिटरिंग इससे होगी। साथ ही स्मार्ट स्वीपिंग के जरिए सुबह-रात को दो समय शहर में सफाई कार्य किया जाएगा। शहर के प्रमुख मार्ग, सर्किल, पार्क, अण्डरब्रिज और सार्वजनिक स्थलों का सौंदर्यकरण प्राथमिकता से होगा। वृक्षारोपण, रंग रोगन, वेडिंग जोन, फ्रूड पार्क विकास पर कार्य करने का रोडमैप तैयार किया गया।

### नवो बाड़मेर मोबाइल ऐप से होगा समस्याओं का समाधान

टीना डाबी ने बाड़मेर वासियों के लिए नवो बाड़मेर ऐप लॉन्च की है। ऐप से शहर से सफाई को लेकर शिकायत को तुरंत समाधान करेंगे। जिला प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी और कलेक्टर इससे जुड़े होंगे। जिला प्रशासन 'आओ हाथ बढ़ाएं' थीम से महीने में दो बार शहर में सामूहिक श्रमदान करेगा। इस दौरान सफाई के साथ ही योग, व्यायाम, चिकित्सा और अन्य सुविधाएं रहेगी। 15 दिन से एक बार आम लोगों के साफ सफाई अभियान होने से लोगों की भागीदारी भी सुनिश्चित होगी।

### हर वार्ड में नियुक्त होंगे सफाई मित्र

कलेक्टर टीना डाबी ने बताया कि 6 जेसीबी, 6 ट्रक कचरे की सफाई के लिए रखे गए हैं। सफाई मित्रों के साथ शहर के विभिन्न इलाकों में पहुंचकर लंबे समय से एकत्रित कचरे को हटवाने का काम करवाया जा रहा है। इसके अलावा नवो बाड़मेर के तहत नियुक्त किए गए 21 विभागीय अधिकारी संबंधित वार्डों में नियमित रूप से सफाई व्यवस्था का काम करवाएंगे। उन्होंने बताया कि सफाई अभियान में सहयोग के लिए प्रत्येक वार्ड में सफाई मित्र भी नियुक्त किए जा रहे हैं।

## तीन बार के ग्रेमी अवार्ड विजेता रिकी केज होंगे मुख्य आकर्षण

# भक्ति और सूफी रहेगा संगम, कबीर यात्रा 1 से 6 अक्टूबर तक

बेधड़क | बीकानेर

दूर तक फैले रेगिस्तान के सन्नाटे को चीरते हुए हवा के झौंकों के साथ कबीर की वाणी के समवेत स्वर कानों को सुकून देने के लिए तैयार है। धोरों की यह धरा सूफियाना अंदाज, निर्गुण भजन और संतों की औजस्वी वाणी से गूंज उठेगी। अवसर होगा 'कबीर यात्रा' का। यह कबीरमय कार्यक्रम प्रदेश में 1 से 6 अक्टूबर तक चलेगा। इस बार यात्रा में खास होगा, तीन बार के ग्रैमी अवार्ड विजेता संगीतकार रिकी केज का होना। कबीर यात्रा बीकानेर अंचल के ग्रामीण क्षेत्रों के वासिंदों को कबीर की वाणी और उनके संदेशों से रूबरू कराएगी।

### मरुप्रदेश से जुड़ी है जड़ें

रिकी केज*पर्यावरण का संदेश, सांस्कृतिक धरोहरों को संगीत के स्वरों में पिरोकर उनके संरक्षण की बात को बेहद मजबूती के साथ उठाने के लिए विश्वविख्यात कलाकार रिकी केज मानते है कि उनकी जड़ें भी राजस्थान से जुड़ी हैं। इस बार बीकानेर आने वाली कबीर यात्रा का हिस्सा बन रहे रिकी केज इस अनोखे उत्सव को लेकर खासे उत्साहित हैं। बकौल रिकी "मैं मानता हूँ कि ग्रामीण भारत की पारंपरिक संगीत परंपराओं को बढ़ावा देना और संरक्षित करना एक अद्भुत विचार है। खासकर गांवों में जाकर वहां के पारंपरिक संगीत का हिस्सा बनना एक बेहद दिलचस्प अनुभव होगा।'



### वर्ष 2012 में शुरू हुआ था सफर

लोकायन संस्थान की ओर से राजस्थान कबीर यात्रा का सफर वर्ष 2012 में शुरू किया गया था। यह राजस्थान पुलिस और स्थानीय प्रशासन के सहयोग से आज भारत के प्रमुख लोक संगीत महोत्सवों में से एक बन चुकी है। इस यात्रा का मुख्य उद्देश्य संत कबीर, मीरा, बुल्ले शाह और शाह लतीफ सरीखे महान संतों और कवियों की शिक्षा और उनके संदेशों को जन-जन तक पहुंचाना है।

### प्रदेश में आध्यात्म की है एक बेजोड़ परंपरा

राजस्थान कबीर यात्रा के निदेशक गोपाल सिंह चौहान के अनुसार राजस्थान में लोक संगीत और आध्यात्म की एक बेजोड़ परंपरा है। इसमें लोक महज मनोरंजन नहीं तलाशता बल्कि उस संगीत में एक गहरे दर्शन का भी इशारा है। सत्संग यानी 'सत्य के साधकों' की संगत। जहां सभी एक साथ कबीर और मीरा को गाते हैं। चौक- चौबारों पर गाए जाने वाली ये वाणियां अपने आप में सामूहिकता को समेटे हुए हैं, यह पूरा विचार ही लोक की समृद्ध परम्परा का जश्न है। ऐसे स्थान सभी प्रकार की लोक गायन धाराओं के सुंदर संगम है। यह भेदभाव से हटकर सभी समुदायों को एक साथ जोड़ते हैं और जाति-धर्म की सीमाओं को भी तोड़ते हैं। इन वाणियों के माध्यम से हम लोक की समृद्ध अभिव्यक्ति को समझने की कोशिश करते है, क्योंकि इन गीतों से निकलने वाले संदेश महत्वपूर्ण है। सभी पंथों का सार मानवता है : जिला कलेक्टर राजस्थान कबीर यात्रा के संबंध में जिला कलेक्टर नम्रता वृष्णि ने कहा कि इस यात्रा के माध्यम से, विभिन्न धर्मों और समुदायों के लोग एक साथ आते हैं और संतों की वाणी में समाहित इस संदेश को आत्मसात करते हैं। यात्रा का उद्देश्य न केवल संगीत का आनंद लेना है, बल्कि इस विचार को प्रसारित करना है कि सभी धर्मों और पंथों का सार एक ही है।

### आध्यात्मिक अनुभव भी है राजस्थान कबीर यात्रा

एक संगीतमय उत्सव होने के साथ-साथ राजस्थान कबीर यात्रा एक गहरा आध्यात्मिक अनुभव भी है। यात्रा के दौरान आयोजित होने वाले सत्संग, जागरण और सांस्कृतिक कार्यक्रमों के माध्यम से प्रतिभागी न केवल संगीत का आनंद लेते हैं, बल्कि संत कवियों के गहरे आध्यात्मिक संदेशों को भी समझते हैं। इस महोत्सव में शामिल होने वाले कलाकार लोक संगीत, शास्त्रीय संगीत, और सूफी गायन के माध्यम से श्रोताओं को भक्ति और सूफीवाद की गहराइयों में ले जाते हैं। राजस्थान कबीर यात्रा का संदेश स्पष्ट है, सभी बाधाओं को पार कर प्रेम, शांति और एकता की स्थापना करना। यह यात्रा हमें संतों की वाणी में छिपे गहरे अर्थों को समझने और उन्हें अपने जीवन में उतारने का अवसर देती है।

## Yuva स्टोरीज

### सीए ऋषि अग्रवाल को मिला इंडियाज हीरोज अवॉर्ड



बेधड़क | जयपुर

राजधानी के पांच सितारा होटल में इंडियाज हीरोज अवार्ड 2024 का आयोजन हुआ। जिसमें देश की विभिन्न विभूतियों को इंडिया हीरोज पुरस्कार 2024 से सम्मानित किया गया।

कार्यक्रम में सीए ऋषि अग्रवाल जिन्होंने वाणिज्य के क्षेत्र में अनेकों डिग्री व डिप्लोमा हासिल किए है को कार्यक्रम की मुख्य अतिथि मशहूर अभिनेत्री सुधा चंद्रन के द्वारा सम्मानित किया गया।बता दें की सीकर जिले के रींगस के रहने वाले ऋषि अग्रवाल को पूर्व में भी कई राष्ट्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय पुरस्कारों से सम्मानित किया जा चुका है। ऋषि अग्रवाल आयकर विशेषज्ञ के रूप में कई प्रमुख न्यूज़ चैनल, रेडियो स्टेशन एवं राज्य की बजट बैठक नीति में भी शामिल हो चुके हैं। वर्तमान में सीए ऋषि अग्रवाल कृभको, सहकार भवन में स्टेट अकाउंट्स हेड के पद पर कार्यरत हैं।

### बार काउंसिल ने किया विधि कॉलेज का निरीक्षण



बेधड़क | जयपुर

बार काउंसिल ऑफ इण्डिया नई दिल्ली ने बुधवार को राजस्थान विश्वविद्यालय के विश्वविद्यालय विधि कॉलेज जयपुर का ऑनलाईन माध्यम से सफल निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान कॉलेज के पुस्तकालय, ई-रिसोर्सज, मूट-कोर्ट, छात्र/छात्राओं के लिए सुविधाएं, लीगल एड क्लीनिक और अन्य मूल-भूत सुविधाओं की जांच की गई। निरीक्षण के अंत में निरीक्षण समिति के सदस्यों ने कॉलेज के शिक्षकों से भी संवाद किया। इससे पहले सुबह से ही कॉलेज प्रिंसिपल अंकिता यादव, उपप्राचार्य तरूण जोनवाल, कॉलेज शिक्षक आरती राठी सहित अन्य शिक्षक तैयारियों को अंतिम रूप देने में लगे रहे।

### लैंगिक संवेदनशीलता पर रूवा ने किया सेमिनार



बेधड़क | जयपुर

राजस्थान विश्वविद्यालय के अंग्रेजी विभाग में राजस्थान यूनिवर्सिटी वुमन एसोसिएशन ( रूवा ) के तत्वावधान से बुधवार को "लैंगिक संवेदनशीलता' विषय पर एक सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें रूवा की अध्यक्ष डॉ. शशिलता पुरी, रूवा उपाध्यक्ष प्रोफेसर बीना अग्रवाल, अंग्रेजी की प्रोफेसर डा. चीना पुरी एवं गणित की सहायक प्रोफेसर डॉ. सुशीला चौधरी ने लैंगिक समझ एवं पुरुष या महिला के रूप में लिंग पहचान से जुड़े सामाजिक मानदंडों को लेकर अपने विचार साझा किए। स्वागत संबोधन अंग्रेजी विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. दीपा माथुर ने किया। अध्यक्ष प्रोफेसर शशिलता पुरी ने रूवा का परिचय, कार्यविधि एवं जेंडर संबंधी अनेक स्थितियों, परिणामों एवं परिवर्तन की संभावनाओं को लेकर अपनी बात साझा की। विद्यार्थियों को लैंगिक समझ से संबंधित प्रश्नावली दी गई एवं विद्यार्थियों द्वारा प्राप्त जवाबों पर प्रोफेसर बीना अग्रवाल एवं प्रोफेसर चीना पुरी द्वारा परिचर्चा की गई। डॉ. सुशीला चौधरी ने बताया कि समाज में बदलाव की शुरुआत हर घर से होती है। क्योंकि लैंगिक भेदभाव अप्रत्यक्ष रूप से हर घर में व्याप्त रहता है।

## पीएम श्री संस्था प्रधानों की एक दिवसीय आमुखीकरण

# स्कूलों में मिलेगी सोशल इमोशनल वैल्यू एजुकेशन



बेधड़क | जयपुर

प्रदेश के पीएम श्री स्कूलों में अब छात्रों को उनकी भावना के अनुरूप एजुकेशन दी जाएगी। प्रदेश के 639 पीएम श्री स्कूलों में अब सोशल इमोशनल वैल्यू एजुकेशन प्रोजेक्ट शुरू किया जा रहा है। इसके तहत बच्चों की समझ और उनकी सोच के आधार पर पढ़ाया जाएगा। इससे उनकी कौशल और मानसिक विकास में वृद्धि होगी।

### कौशल विकास को बढ़ावा

प्रदेश के नए पुराने 639 पीएम श्री स्कूलों के संस्था प्रधान बुधवार को जयपुर में जुटे। यहां उन्हें पीएमसी स्कूलों की वार्षिक कार्य योजना और बजट 2024-25 की गतिविधियों के संबंध में जानकारी दी गई। साथ ही हेमा फाउंडेशन के साथ राज्य सरकार ने सोशल इमोशनल वैल्यू एजुकेशन प्रोजेक्ट के संबंध में MoU भी साइन किया। जयपुर के एसएमएस मेडिकल कॉलेज ऑडिटोरियम में आयोजित वर्कशॉप में राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद आयुक्त अविचल चतुर्वेदी ने शिक्षा में नैतिक मूल्यों पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि आज के दौर में बच्चों को इंटरनेट के नकारात्मक प्रभाव से बचाने के लिए आध्यापकों की संवेदनशील और महत्वपूर्ण भूमिका है। उन्होंने कहा कि नकारात्मक कंटेंट बच्चों के भविष्य को खतरे में डाल सकता है। बच्चों में कौशल विकास को बढ़ावा देना आज के समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है।

### नवाचारों की सराहना

चतुर्वेदी ने कहा कि राजकीय विद्यालयों में कुछ चीजों की आदत पड़ जाती है, लेकिन पहल करके गलत परिपाटियों को तोड़ना होगा और रचनात्मक-गुणवत्तापूर्ण नावाचारों से वातावरण में सकारात्मक बदलाव लाना होगा। उन्होंने कहा कि पीएम श्री स्कूल संस्था प्रधान समस्याओं के समाधान का सार्थक प्रयास करें। वो आगे बढ़कर राजकीय विद्यालयों का कायापलट कर सकते हैं। उन्होंने संस्था प्रधानों की ओर से किए गए नवाचारों की सराहना की और नवाचारों में अभिभावकों की भागीदारी बढ़ाने पर भी जोर दिया। इसके साथ ही उन्होंने संस्था प्रधानों को आमजन के बीच अपनी साख को और उत्कृष्ट बनाने के लिए प्रेरित किया। साथ ही उन्हें फील्ड में शिक्षा विभाग का अंबेसेडर बताया। उन्होंने कहा कि पंचयात स्तर पर ग्रामीणों की ओर से संस्था प्रधानों को सबसे ज्यादा सम्मान मिलता है। इस अवसर पर उन्होंने प्रदेश के 639 पीएम श्री स्कूलों में अब सोशल इमोशनल वैल्यू एजुकेशन प्रोजेक्ट शुरू करने की बात कही।

### शिक्षा में संस्कारों से होगा राष्ट्र निर्माण : कृष्ण कुणाल

जयपुर। शासन सचिव शिक्षा विभाग कृष्ण कुणाल ने राजस्थान स्कूल शिक्षा परिषद एवं हेमा फाउंडेशन, मुंबई के संयुक्त तत्वाधान में बुधवार को एस.एम.एस. मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में आयोजित पीएम श्री संस्था प्रधानों की एक दिवसीय आमुखीकरण कार्यशाला के समापन के अवसर पर कहा है कि शिक्षा में संस्कारों का सर्वोच्च स्थान होना चाहिए। उन्होंने कहा कि शिक्षा में संस्कार देकर ही हम जिम्मेदार नागरिक तैयार कर सकते। उन्होंने कहा कि संस्कार विहीन शिक्षा का कोई महत्व नहीं हैं। उन्होंने पीएम श्री स्कूलों के संस्था प्रधानों प्रेरित किया कि वें शिक्षा में संस्कारों के महत्व को प्रतिपादित करें। शासन सचिव ने पीएम विद्यालयों को शिक्षा के क्षेत्र में मॉडल विद्यालय के रूप में विकसित करने के लिए संस्था प्रधानों का आह्वान किया। उन्होंने कहां यह हमारे लिए अवसर है कि हम पीएम श्री विद्यालयों में आने वाले विधार्थियों को बेहतर सुविधाएं और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देंकर राष्ट्र निर्माण में योगदान दें सकते हैं। आमुखीकरण कार्यशाला को हेमा फाऊंडेशन के चेयरमेन श्री महेंद्र काबरा ने सम्बोधित करते हुए कहा कि फाऊंडेशन बेहतर सुविधाओं से युक्त विद्यालय और गुणवत्ता पूर्ण शिक्षा का वातावरण तैयार करने में योगदान देने के लिए समर्पित है। आमुखीकरण कार्यशाला में हेमा फाउंडेशन के फाउंडर ट्रस्टी एवं एक्टर श्री मनोज जोशी ने "शिक्षक क्रांति का वाहक" विषय पर अपने विचार व्यक्त किये वहीं डॉ.विजयम रवि ने राष्ट्रीय शिक्षा नीति एवं समग्र शिक्षा पर अपना उद्बोधन दिया। इस अवसर पर मानोवैज्ञानिक डॉ. चीनू अग्रवाल ने अपने सम्बोधन "शिक्षा में नैतिक मूल्यो का समावेश" विषय पर प्रकाश डाला। आमुखीकरण कार्यशाला के अवसर पर पीएम श्री कम्पोनेंट प्रभारी डॉ. नीरू पोटलिया ने मंच संचालन किया। इस अवसर पर अतिरिक्त परियोजना निदेशक डॉ. रौनक बैरागी, उपायुक्त मोनिका बलारा आदि थे।

## जीएसआई इंडोर टूर्नामेंट में दिखाई दिया खेल भावना और प्रतिभा का जोड़



बेधड़क | जयपुर

38वीं अखिल भारतीय जीएसआई इंडोर टूर्नामेंट बुधवार को झालाना स्थित भारतीय भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (जीएसआई), पश्चिमी क्षेत्र कार्यालय में शुरू हुआ। इस कार्यक्रम का उद्घाटन पश्चिमी क्षेत्र के अतिरिक्त महानिदेशक और विभागाध्यक्ष विजय वी. मुगल ने सम्मानित पैरा बैडमिंटन खिलाड़ी और खेल रत्न पुरस्कार विजेता कृष्णा नागर की उपस्थिति में किया। इन्होंने मुख्य अतिथि के रूप में इस अवसर की शोभा बढ़ाई।

जॉयदीप गुहा, अतिरिक्त महानिदेशक और विभागाध्यक्ष, केंद्रीय मुख्यालय, और जीएसआई खेल परिषद के उपाध्यक्ष ने भी इस कार्यक्रम में सम्मानित अतिथि के रूप में भाग लिया। गौरतलब है कि यह दो दिवसीय टूर्नामेंट जीएसआई के सभी क्षेत्रों के एथलीटों को एक साथ लाता है, विभिन्न इनडोर खेलों में अपने कौशल का प्रदर्शन करता है, खेल भावना और प्रतिभा को बढ़ावा देता है। इस आयोजन में शतरंज, टेबल टेनिस, बैडमिंटन, कैरम और ब्रिज (कार्ड) सहित इनडोर खेलों की एक श्रृंखला शामिल है। उत्तरी क्षेत्र, मध्य क्षेत्र, उत्तर पूर्वी क्षेत्र, दक्षिणी क्षेत्र, केंद्रीय मुख्यालय और जियोलॉग के पूर्वी क्षेत्र की टीमें टूर्नामेंट का उद्देश्य प्रतिभागियों के बीच स्वस्थ प्रतिस्पर्धा, टीम वर्क और सौहार्द की भावना को बढ़ावा देना है। जबकि उन्हें अपने खेल कौशल का प्रदर्शन करने के लिए एक मंच भी प्रदान करना है। यह आयोजन अपने कर्मचारियों के बीच खेल और शारीरिक गतिविधि को बढ़ावा देने के लिए जीएसआई की प्रतिबद्धता और उत्कृष्टता और उपलब्धि की संस्कृति को प्रोत्साहित करने के प्रयासों में से एक है। 38वां अखिल भारतीय जीएसआई इंडोर टूर्नामेंट जीएसआई के कैलेंडर में एक महत्वपूर्ण कार्यक्रम है, और यह सभी प्रतिभागियों और दर्शकों के लिए समान रूप से एक रोमांचकारी और मनोरंजक अनुभव होने की उम्मीद है। टूर्नामेंट का समापन गुरुवार को विजेताओं को ट्रॉफी और पुरस्कार प्रदान करने के साथ होगा।

### संस्कृत विवि में दो दिवसीय संगोष्ठी में 60 पत्रों का वाचन

**जयपुर**। केन्द्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय जयपुर परिसर में आयोजित श्रृंगार प्रकाश की दो दिवसीय संगोष्ठी बुधवार को सम्पन्न हुई। समापन सत्र से पूर्व भी दो सत्रों का आयोजन हुआ था, प्रथम ऑनलाइन और दूसरा ऑफलाइन तथा ऑनलाइन दोनों। प्रथम सत्र की अध्यक्षता विश्वविद्यालय के देवप्रयाग परिसर की साहित्य विद्याशाखा की समन्वयिका डॉ. चन्द्रकला कौण्डी ने की और दूसरे सत्र (ऑफलाइन ) की अध्यक्षता व्याकरण विद्याशाखा के समन्वयक प्रो. बोध कुमार झा ने की तथा ऑनलाइन सत्र की अध्यक्षता भोपाल परिसर के साहित्याचार्य प्रो. सनन्दन कुमार त्रिपाठी ने की। जयपुर परिसर की साहित्य विद्याशाखा के समन्वयक प्रो. राम कुमार शर्मा ने बताया कि इस संगोष्ठी में ऑनलाइन तथा ऑफलाइन मिलाकर लगभग 60 शोध-पत्रों का वाचन हुआ।

**सेमिनार** | दो दिवसीय सम्मेलन का जेईसीआरसी में हुआ आयोजन

# अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में समकालीन मुद्दों पर चर्चा

बेधड़क | जयपुर

जेईसीआरसी यूनिवर्सिटी में "शैक्षिक, सांस्कृतिक और समाजिक दृष्टिकोणः अंग्रेजी साहित्य, संचार और अनुवाद' पर दो दिवसीय अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन का सफलतापूर्वक आयोजन हुआ।

यह सम्मेलन हाइब्रिड मोड में आयोजित किया गया, जिसमें दुनियाभर से विद्वानों, शिक्षाविदों और पेशेवरों ने भाग लिया। सम्मेलन के मुख्य वक्ताओं में डॉ. हाइलाह अलखलाफ (रियाद, सऊदी अरब), प्रो. ए. जोसेफ डोराइराज (गांधीग्राम ग्रामीण संस्थान, तमिलनाडु), डॉ. सुमन बाला (दिल्ली विश्वविद्यालय) और प्रो. मारिया सांचेज़ (एबर्डीन विश्वविद्यालय, यूके) शामिल थे।



अन्य वक्ताओं में प्रो. कमाहरा इविंग (केंटकी विश्वविद्यालय, यूएसए), प्रोफेसर पॉल इनिस (संयुक्त अरब अमीरात विश्वविद्यालय), डॉ. नबीहा मक्ताबी (अबू धाबी की तनवीन कंपनी की सीईओ), और डॉ. रिया हलीहल (प्रसिद्ध अनुवादक, बेरूत, लेबनान) शामिल थे। कार्यक्रम में विभिन्न समकालीन मुद्दों पर गहन चर्चा की गई, जिसमें खासतौर पर अंग्रेजी साहित्य, भाषा सीखने और अनुवाद पर ध्यान केंद्रित किया गया। वक्ताओं ने बताया कि कैसे आधुनिक तकनीक, जैसे मशीन लर्निंग टूल्स, भाषा सीखने और अनुवाद की प्रक्रियाओं में बदलाव ला रही हैं। इस बात पर विशेष जोर दिया गया कि तकनीकी विकास ने इन दोनों क्षेत्रों को कैसे प्रभावित किया है और इसके माध्यम से भाषा के अध्ययन को और भी सुलभ और प्रभावी बनाया जा सकता है। वक्ताओं ने अपने विचार साझा किए और अंतरविषयक दृष्टिकोणों की अहमियत पर जोर दिया, यानी एक ही विषय को विभिन्न दृष्टिकोणों से समझने की जरूरत।

### दूसरी संस्कृति के बीच की दूरी को अनुवाद कम कर सकता है

उदाहरण के तौर पर, डॉ. अलखलाफ, डॉ. रोस्विथा जोशी और डॉ. आर. के. धवन ने अनुवाद के सांस्कृतिक महत्व पर चर्चा की। उन्होंने बताया कि भाषा के माध्यम से एक संस्कृति से दूसरी संस्कृति के बीच की दूरी को अनुवाद किस तरह से कम कर सकता है। दूसरी तरफ, प्रो. इनिस और डॉ. रिया हलीहल ने तकनीकी प्रगति पर रोशनी डाली और बताया कि कैसे नई तकनीकों ने भाषा के अध्ययन और अनुवाद को आसान और तेज़ बना दिया है। सम्मेलन की समापन सत्र में, अंग्रेजी विभाग की प्रमुख डॉ. रुचिदा बर्मन और सम्मेलन संयोजक डॉ. ललित गहलोत ने साहित्य, संचार और अनुवाद में अंतरविषयक दृष्टिकोणों की आवश्यकता पर बल दिया। उन्होंने शैक्षिक, सांस्कृतिक और तकनीकी अंतर्दृष्टियों को समेकित करने की बढ़ती प्रासंगिकता पर चर्चा की, जिससे अंग्रेजी साहित्य और उसके वैश्विक प्रभाव की अधिक व्यापक समझ विकसित हो सके।

# दास्तान-ए-देव आनंद: उम्र के आखिरी पड़ाव तक रहे जवान!



ज़ाहिद ख़ान
स्वतंत्र टिप्पणीकार

'मैं ज़िंदगी का साथ निभाता चला गया, हर फ़िक्र को धुएं में उड़ाता चला गया'', फ़िल्म 'हम दोनों' में देव आनंद पर फ़िल्माया गया यह नगमा, जैसे उनका खुद का बयान है। यह उनकी ज़िंदगी के फलसफे को दर्शाता है। हिंदी सिनेमा के सौ साल से ज़्यादा के इतिहास में अनेक अदाकार हुए, मगर देव आनंद जैसा कोई दूसरा नहीं हुआ। और आइंदा भी न होगा। देव साहब ने अपना पूरा सिनेमाई सफर बेहद ज़िंदादिली से जिया।

आखिरी वक्त तक वे अपने काम में डूबे रहे। उनको जुदा हुए एक दशक से ज़्यादा समय हो गया, लेकिन देव आनंद और उनकी फ़िल्में लोगों के ज़ेहन में आज भी ज़िंदा हैं। देव आनंद जब तक इस दुनिया में रहे, सक्रिय रहे। उनको काम के अलावा कुछ नहीं सूझता था। एक लिहाज़ से कहें, तो वे निष्काम कर्मयोगी थे। रुकना और थम कर बैठ जाना, उन्होंने सीखा ही नहीं था। यही उनकी जवानी और ज़िंदादिली का राज था। फ़िल्मी दुनिया में एवरग्रीन हीरो का खिताब, जिस हीरो के आगे सबसे पहले लगा, वो देव आनंद ही हैं। वो अपनी उम्र के आखिरी पड़ाव तक जवान रहे। दिल और दिमाग़ दोनों से ही जवान। चाहे फ़िल्मी पर्दा रहा हो या फिर ज़ाती ज़िंदगी, उम्र कभी उन पर हावी नहीं रही। जिस उम्र में एक्टर कैरेक्टर रोल करने लगते हैं, उस उम्र में भी उन्होंने फ़िल्म के हीरो का रोल अदा किया। दर्शक भी उन्हें इस रोल में हमेशा पसंद करते थे। देव आनंद ने अपने फ़िल्मी करियर का आगाज़ बेशक अदाकारी से किया, लेकिन बाद में उन्होंने अपनी कई फ़िल्मों की स्टोरी, स्क्रीनप्ले लिखा और उनका निर्देशन किया। अनेक फ़िल्में बनाईं। देव आनंद के सर इस बात का भी सेहरा है कि उन्होंने कई होनहार अदाकारों को अपनी फ़िल्म में पहली बार ब्रेक देकर, उनका करियर बनाया।

हिंदी सिनेमा के इतिहास में देव आनंद ऐसे एक्टर हैं, जिनकी हिंदुस्तानी अवाम में बेहद मकबूलियत थी। एक दौर था, जब उनका पब्लिक में बड़ा चार्म था। उनकी चार्मिंग पर्सनेल्टी, अनूठी स्टाइल और अदाओं का हर कोई दीवाना था।



**अदाकार देव आनंद का जन्मदिवस**

> *अविभाजित भारत स्थित पंजाब के गुरदासपुर में 26 सितम्बर, 1923 में जन्मे देव आनंद ने अपनी आला तालीम लाहौर गवर्नमेंट कॉलेज से मुकम्मल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद वो हीरो बनने के इरादे से मुंबई चले आए, जहां उनके बड़े भाई चेतन आनंद पहले ही मौजूद थे।*

खास तौर से लड़कियों में उनका गज़ब का क्रेज़ था। देव आनंद की इमेज कुछ इस तरह से बनी थी कि उन्हें हर कोई पसंद करता था। उनकी फ़िल्में देखकर, दर्शकों को लगता कि यह तो हमारे बीच का ही कोई नौजवान है। हिंदी सिनेमा में बीसवीं सदी के पांचवे-छठवे दशक का एरा दिलीप-देव और राज का दौर है। यह एरा हिंदी सिनेमा का गोल्डन एरा माना जाता है। जिसमें देव आनंद की एक अलग ही पहचान और उनकी बड़ी फैन फॉलोइंग थी। इन तीनों में देव आनंद ही सबसे ज़्यादा स्टाइलिश हीरो थे। अविभाजित भारत स्थित पंजाब के गुरदासपुर में 26 सितम्बर, 1923 में जन्मे देव आनंद ने अपनी आला तालीम लाहौर गवर्नमेंट कॉलेज से मुकम्मल की। पढ़ाई पूरी करने के बाद वो हीरो बनने के इरादे से मुंबई चले आए, जहां उनके बड़े भाई चेतन आनंद पहले ही मौजूद थे। फ़िल्मी दुनिया में थोड़े दिनों के संघर्ष के बाद ही, उन्हें निर्देशक पीएल संतोषी ने अपनी फ़िल्म 'हम एक हैं' में पहली मर्तबा हीरो का चांस दिया। लेकिन देव आनंद का सही तरह से करियर बॉम्बे टॉकीज की 'ज़िद्दी' से शुरू हुआ। इस फ़िल्म में उनकी हीरोइन कामिनी कौशल थीं और इसमें किशोर कुमार ने उनके लिए पहली बार अपनी आवाज़ दी थी। उनके लिए गाने गाये थे। बाद में तो किशोर कुमार, उनकी आवाज ही हो गए। साल 1948 में रिलीज हुई, यह फ़िल्म ठीक-ठाक चली। गुरुदत्त के डायरेक्शन में साल 1951 में आई 'बाज़ी' वह फ़िल्म थी, जिसमें देव आनंद को एक नई पहचान मिली। फ़िल्मी दर्शकों को उनकी टोपी, लुक्स और हर अंदाज़ इस कदर भाया कि वे हमेशा के लिए उनके फैन बन गए। फ़िल्म 'बाज़ी' से देव आनंद की कामयाबी का जो सिलसिला शुरू हुआ, तो उन्होंने उसके बाद एक से बढ़कर एक फ़िल्में 'मुनीमजी', 'पेइंग गेस्ट', 'नौ दो ग्यारह', 'सीआईडी', 'ज्वेल थीप', 'फंटूश', 'सोलहवां साल', 'बम्बई का बाबू', 'जब प्यार किसी से होता है', 'काला पानी', 'असली नकली', 'जाल', 'टैक्सी ड्राइवर', 'अमीर गरीब', 'वारंट', 'गैम्बलर' और 'लूटमार' वगैरह दीं। फ़िल्मों में सुरैया, गीता बाली, कल्पना कार्तिक, वहीदा रहमान, जीनत अमान और टीना मुनीम के साथ उनकी जोड़ी खूब जमी।

'हम दोनों' और 'गाइड' वे फ़िल्में हैं, जिनमें देव आनंद की अदाकारी उरूज पर थी। यह ऐसी फ़िल्में हैं, जिनसे उन्हें हमेशा याद किया जाएगा। आरके नारायण के अंग्रेज़ी उपन्यास 'द गाइड' पर बनी फ़िल्म 'गाइड' हिंदी और अंग्रेजी दो ज़बानों में बनी। हिंदी में इस फ़िल्म का डायरेक्शन विजय आनंद ने किया, जो कि देव आनंद के छोटे भाई थे। उन्होंने 'गाइड' का इतने शानदार ढंग से पिक्चराइजेशन किया कि यह हिंदी सिनेमा में यह एक कल्ट फ़िल्म बन गई।

देव आनंद की दुनिया भर में लोकप्रियता का ही कमाल था कि हॉलीवुड के डायरेक्टर भी उनके साथ काम करना चाहते थे, मगर उन्होंने अपना देश नहीं छोड़ा। वो बॉलीवुड में ही खुश थे। भारतीय सिनेमा में विशिष्ट योगदान के लिए भारत सरकार ने देव आनंद को साल 2001 में अपने प्रमुख नागरिक सम्मानों में से एक 'पद्म भूषण' और साल 2002 में 'दादासाहेब फाल्के सम्मान' से नवाजा। फ़िल्म 'काला पानी' और 'गाइड' में शानदार अदाकारी के लिए उन्हें सर्वश्रेष्ठ अभिनेता का फ़िल्मफेयर अवार्ड मिला। देव आनंद को सियासत में भी खासी दिलचस्पी थी। इमरजेंसी के बाद साल 1977 में उन्होंने एक सियासी पार्टी 'नेशनल पार्टी ऑफ इंडिया' बनाई और चुनाव लड़ा। लेकिन बाद में राजनीति से पूरी तरह किनारा कर लिया। साल 2023 में देव आनंद का जन्मशती साल शुरू हुआ था, जो इस साल खत्म हो रहा है। इस मौके पर उन्हें याद करना, एक ऐसी ज़िंदादिल शख्सियत को याद करना है, जिसकी पूरी ज़िंदगी जोश और मुहब्बत के जज़्बे से भरी हुई थी।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

## सभी राजनीतिक दलों को सिर्फ वोट की फिक्र

# आज भी तारणहार की प्रतीक्षा में यमुना



ज्ञानेन्द्र रावत
वरिष्ठ पत्रकार व पर्यावरणविद्

> *"दिल्ली सरकार जल की शुद्धता के दावे करते नहीं थकती जबकि मौजूदा हालात में केन्द्रीय प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड की हालिया रिपोर्ट के अनुसार दिल्ली में कुल मौजूद 37 एस टी पी में से 21एस टी पी टी एस एस, बी ओ डी, सी ओ डी आदि मानकों पर पूरी तरह फेल पाये गये हैं। इन हालात में यमुना की शुद्धता की कल्पना कैसे की जा सकती है। यह दिल्ली सरकार की कथनी और करनी का जीता जागता सबूत है।"*

आज यमुना की चिंता किसी को नहीं है। न दिल्ली की सत्ता पर काबिज आम आदमी पार्टी की सरकार को और ना ही केन्द्र की भाजपा सरकार को। न दिल्ली और केन्द्र की सत्ता से बाहर हो चुकी देश की सबसे पुरानी पार्टी कांग्रेस को। आजकल दिल्ली व केन्द्र में सत्तासीन दोनों दलों के साथ कांग्रेस को हरियाणा चुनाव में कैसे सत्ता मिले, इसकी चिंता सताए जा रही है और इस हेतु हरसंभव जोड़-तोड़ में भी वे लगी हैं, लेकिन विडम्बना यह है कि हरियाणा और दिल्ली की जीवनदायिनी यमुना की किसी को चिन्ता नहीं है। दुखदायी बात तो यह है कि किसी भी दल ने यमुना के प्रदूषण के बाबत चुनाव में आज तक एक भी टिप्पणी करना तो दूर एक शब्द तक नहीं बोला है। यह राजनीतिक दलों की यमुना के प्रति संवेदनहीनता का जीता जागता सबूत है। गौरतलब है भले दिल्ली-हरियाणा की जीवनदायिनी यमुना मर रही हो, वह जहरीली हो गयी हो, उसमें लैड, कॉपर, जिंक, निकेल, कैडमियम और क्रोमियम जैसे सेहत के लिए हानिकारक तत्व मौजूद हों और तो और यमुना में रसायन के चलते बजबजाते झाग को रोकने के लिए समूचे सीवेज के ट्रीटमेंट की जरूरत हो, के अलावा बरसों से वह अपने उद्धार के लिए तरस रही हो, उसकी चिंता इस चुनाव में किसी को नहीं है। उनका येन-केन प्रयास केवल और केवल हरियाणा की सत्ता पर काबिज होना ही है और कुछ नहीं। जबकि निकट भविष्य में दिल्ली में सत्ता पर काबिज आप को पुनः सत्ता में वापसी के लिए विधान सभा चुनाव का सामना भी करना है।

उस हालत में आप संयोजक दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल विधानसभा चुनाव से पहले कहते नहीं थकते थे कि यमुना शुद्ध होने पर सबसे पहले उसमें मैं खुद स्नान करूंगा। वह दावा कहें या वायदा थोथा ही साबित हुआ। विडम्बना यह कि आप सरकार के पांच साल होने के बाद भी यमुना आज पहले से ज्यादा मैली है और अपने तारणहार की प्रतीक्षा में है। देखा जाए तो वैसे सभी यमुना की बदहाली से भलीभांति परिचित हैं ही। बीते दशकों का इतिहास इसका जीता-जागता गवाह है कि



यमुना साल-दर-साल कितनी प्रदूषित हुई है। उसका जल आचमन की बात तो दीगर है, वह भयंकर जानलेवा बीमारियों का सबब बन गया है। पहले यमुना में जल प्रवाह को ही लें, बरसात के मौसम को छोड़ दें, के अलावा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की ही मानें तो यमुना नदी के राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में पड़ने वाले हिस्से में जल प्रवाह 23 घन मीटर प्रति सेकंड क्यूमैक्स कम है। यह जल प्रवाह स्नान योग्य होने और नदी में पारिस्थितिकी बरकरार रखने के लिए भी पर्याप्त नहीं है।

वह बात दीगर है कि जल संसाधन सम्बंधी एक संसदीय स्थाई समिति ने अपनी सिफारिश में दिल्ली में यमुना के 22 किलोमीटर लम्बे हिस्से में 23 घन मीटर प्रति सैकेण्ड क्यूमैक्स ई-फ्लो रखे जाने की बात कही थी, लेकिन डीपीसीसी इस बाबत कुछ और ही बयां कर रही है। डीपीसीसी की मानें तो 23 क्यमैक्स का ई-फ्लो जैविक आक्सीजन मांग यानी बीओडी का स्तर घटाकर 12 मिलीग्राम प्रति लीटर कर देगा। गौरतलब है कि बीओडी किसी नदी या जलाशय में मौजूद कार्बनिक पदार्थों को विघटित करने के लिए सूक्ष्मजीवों द्वारा आक्सीजन की मात्रा है। यहां यह जान लेना जरूरी है कि दिल्ली में पड़ने वाला नदी का हिस्सा इसके तकरीब 80 फीसदी प्रदूषण के लिए जिम्मेदार है। ई-फ्लो जल प्रवाह की न्यूनतम मात्रा है जो किसी भी नदी या जलाशय को अपनी पारिस्थितिकी बरकरार रखने और उसके स्नान योग्य होने के लिए जरूरी है। हकीकत यह है कि आमतौर पर हरियाणा के यमुना नगर स्थित हथिनी कुंड बैराज से मात्र 10 क्यूमैक्स पानी छोडा जाता है। जबकि 23 क्यूमैक्स पानी यानी 43.7 करोड़ गैलन रोजाना अक्टूबर से जून के महीने के दौरान नदी में छोडा जाना चाहिए। उस हालत में जबकि इसकी सिफारिश राष्ट्रीय जल विज्ञान संस्थान रुड़की 2019 में ही कर चुका है। यह तो एक बानगी भर है। लोकसभा की स्थाई समिति द्वारा यमुना पर तैयार रिपोर्ट में यह खुलासा हुआ है कि यमुना के जल में भारी धातु के प्रदूषक तत्वों की भरमार है जो जानलेवा बीमारियों के कारण हैं। समिति ने यमुना में पाए जाने वाले बीओडी, सीओडी और फीकल कोलीफार्म जैसे प्रदूषक तत्वों की ही सूची नहीं तैयार की है, बल्कि समिति ने इनके साथ-साथ नदी में पाए जाने वाले सेहत के लिए जानलेवा बन रही छह धातुओं यथा लैड, कएॅपर, जिंक, निकेल, कैडमियम और क्रोमियम से होने वाले नुकसान की सूची भी तैयार की है। समिति ने माना है कि लैड से वयस्कों में रीढ़ की हड्डियों से जुडी नसों से संबंधित पैरीफेरल न्यूरोपैथीऔर खासकर बच्चों में काग्निटिव इंपेयरमेंट, कापर से सिर दर्द, किडनी सम्बंधी बीमारी,उल्टियां और दस्त के साथ नौसिया, जिंक से लिवर व किडनी से जुडी बीमारियां के साथ उल्टी-दस्त होने, निकेल से न्यूरोटाक्सिक, जेनेटाक्सिक और कार्सीनोजेनिक, कैडमियम से किडनी और लिवर से जुडी बीमारी के साथ गैस्ट्रो व आंत्रशोध और क्रोमियम से न्यूरोनल डैमेज, हेपेटिक व गैस्ट्रो इंटेस्टाइनल जानलेवा बीमारियां जन्म लेती हैं। समिति ने यमुना में झाग बनने से रोकने हेतु दिल्ली, हरियाणा और उत्तर प्रदेश से प्रवाहित होने वाले समूचे सीवेज का ट्रीटमेंट किए जाने की जरूरत बतायी है। समिति के अनुसार यमुना के इस झाग का बडा कारण बिना ट्रीटमेंट वाले सीवेज में सर्फैक्टैंट्स और फास्फेट की मौजूदगी है।

इस झाग से त्वचा रोग और संक्रमण का खतरा बना रहता है। इसके लिए जरूरी है कि सीवेज ट्रीटमेंट प्लांटों यानी एसटीपी की तकनीक को उन्नत बनाया जाए, उनकी क्षमता में बढोतरी की जाए और सभी उद्योगों को साझा अपशिष्ट उपचार संयंत्रों से जोडा जाए। इसके साथ ही समिति ने जल संसाधन विभाग से ऐसे नियम ,दिशा-निर्देश तैयार करने को कहा है कि जिसमें यमुना सहित देश की सभी नदियों में अपशिष्ट प्रवाहित किए जाने के खिलाफ दंडात्मक प्रावधान हो। समिति ने पर्यावरण मंत्रालय की इस बात पर खिंचाई की कि उसने 2018 में की गई सिफारिश पर एक्शन टेकन नोट दाखिल करने में देरी क्यों की और इसका कारण क्या था।

दरअसल, यमुना को प्रदूषण मुक्त किए जाने की दिशा में सीवेज ट्रीटमेंट की क्षमता में बढ़ोतरी किए जाने, नालों के पानी को सीधे नदी में गिरने से रोकने, शहरी और जे जे कलस्टर में सीवर नेटवर्क निर्माण, शोधित पानी के पुनःउपयोग, यमुना कछार में चलने वाली और जिलों से गाद निकालने से जुड़ी परियोजनाओं में हीला-हवाली कहें या नाकामी पूरी तरह जिम्मेदार है। इसका खुलासा दिल्ली प्रदूषण नियंत्रण समिति की बीते माह जारी रिपोर्ट में हुआ है। इन हालात में यमुना का नाले के रूप में बहना उसकी नियति बन चुकी है। ऐसे में उसकी शुद्धि की आशा बेमानी है। हरिद्वार और वाराणसी की तर्ज पर उसके घाटों का सौंदर्यीकरण कर पर्यटक स्थल बनना और वहां आरती का कार्यक्रम आयोजित करने से यमुना की बदहाली छिप जाएगी, यह जनता को धोखे में रखने के सिवाय कुछ नहीं। इस सच्चाई को झुठलाया नहीं जा सकता।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं)**

**व्यंग्य**

# ढाई आखर प्रेम का...!



पूरन सरमा
व्यंग्यकार

मैंने ढाई आखर (प्रेम) पढ़ लिया था, इसलिये बी.ए. अथवा एम.ए. करने की आवश्यकता ही नहीं रही। पिताजी ने अवश्य कहा -''बेटा पढ़ लेते तो ठीक रहता।'' मैने कहा - ''पिताजी, मैने प्रेम का ज्ञान प्राप्त कर लिया है, अतः औपचारिक शिक्षा की मुझे जरूरत नहीं है।'' पिताजी बोले - ''नौकरी धंधे के लिये पढ़ा-लिखा होना जरूरी है।'' मैंने कहा - ''मै बकौल कबीर ढाई आखर पढ़ कर पण्डित हो गया हूँ। आप किसी प्रकार की चिंता न करे।''

यही बात मैंने प्रेम में बंधी अपनी नायिका से कही तो वह भी एक बार तो चकरा गई और बोली '''यह मैंने क्या कर लिया?'' मैने कहा -''घबराओ नहीं, तुम्हारा निर्णय सौ फीसदी सही है। तुम्हारा चयन प्रश्न-चिन्ह लगाने लायक है ही नहीं।'' नायिका बोली -''मैंने पीएच.डी. कर रखी है और तुम निपट गंवार। तुमने मुझे अंधेरे में रखा है। ढाई आखर से काम चल जाता तो मैं पीएच. डी. क्यों करती? पता नहीं अब क्या होगा? मैं ठहरी एकानिष्ठ, पिता को पता चलेगा, तो वे मेरा पता नहीं क्या हाल करेंगे?'' मैं बोला- ''बहकी-बहकी बातें मत करो। मैंने बड़ी कठिनाई से ढाई आखर का पाठ पढ़ाया है, वरना तुम तो पढाई में मशगूल थी।'' नायिका तमतमा रही थी बोली- 'भले आदमी तुम मुझे बताते तो सही कि तुमने अनौपचारिक शिक्षा ग्रहण की है। बिना कमाये हम क्या कमायेंगे-खायेंगे? माफ करना अब यह ड्रामा आगे नहीं चल पायेगा।' ''इसे ड्रामा मत कहो प्रिय, मैं गोपाल काण्डा नहीं हूँ। मैंने तुमसे जो वादे किये हैं, वे सब निभाऊंगा। तुम अपनी कसमों से मुकरो मत। प्रेम को इतना साधारण मत समझो। यह खुदा ही इबादत के समान है।'' मैंने कहा तो नायिका औह भड़क उठी- ''तेल लेने गया तुम्हारा प्रेम। किसने पढ़ाया है तुम्हें यह प्रेम का पाठ?'' ''यह पाठ मैंने तुमसे ही सीखा है प्रिय! तुम बदल क्यों रही हो। ऐसा करो तुम्हारी नौकरी लगने के बाद शादी कर लेंगे।''

''और तुम क्या करोगे?'' ''मैं सिर्फ प्रेम करूंगा तुमसे। मैंने केवल ढाई आखर पढ़ा है, इसलिये मुझे कोई नौकरी नहीं देगा। नौकरी का भार तो तुम्हारे कंधो पर ही रहेगा। मैं अपने होने वाले बच्चों को संभाल लूंगा।'' मेरे कथन पर नायिका भड़क उठी- ''बच्चे और तुमसे? यह मुंह और मासूर की दाल। मैं अपनी गलती को ठीक करके तुम्हारे प्रेमपाश का त्यागती हूँ।'' ''तुम ऐसा कैसे कर सकती हो? मेरा क्या होगा, तुम्हारे अलावा जमाने में मेरा और है भी कौन? जरा मेरी आंखो में देखो, उसमें तुम्हारे लिए कितना प्यार हैं?''

नयिका को लगा जैसे मैं कुछ ठीक कह रहा हूँ। उसने मेरी आंखो में देखा और बोला- ''अरे तुम तो रो रहे हो? रोओ मत, ढाई आखर का पाठ बुरा नहीं है। चलो कमा मैं लूंगी और तुम मुझे ढेर सारा प्यार देना।'' मैं बोला- ''इतना प्यार कि तुम्हारी झोली छोटी पड़ जायेगी प्रिय। मैं वही करूंगा, जो तुम कहोगी।'' नायिका ने बढ़कर मुझे गले से लगा लिया। ढाई आखर साकार होता देख मेरी आंखो से आंसू टपक पड़े। नायिका ने अपने हाथों से आंसू पोंछे और बोली- ''चलो हम अपने माता-पिता का अपनी मर्जी का करने की बात बताते हैं।'' मैं खुश हो गया। तभी मेरे पिताजी ने आकर प्रियतमा के सिर पर हाथ फेरा और कहा- ''घबराओ मत बेटी, तुम्हारे पिता से बात मैं करूंगा।'' हम दोनों पिता के पीछे-पीछे चल गये। हम खुश थे।

## नॉलेज कॉर्नर: 'हरियाल' पक्षी पाए जाते हैं भारतीय उपमहाद्वीप में

# पक्षी जो कभी भी नहीं बैठता जमीन पर!

संसार में कई प्रकार के जीव-जंतु पाए जाते हैं। एक अध्ययन के मुताबिक संपूर्ण पृथ्वी पर करीब 80 लाख 70 हजार जीव प्रजातियां निवास करती हैं। लेकिन मनुष्य को केवल 10 प्रतिशत प्रजातियों का ज्ञान है। इन्हीं में से एक प्रजाति पक्षियों की। अधिकतर पक्षी उड़ सकते हैं, लेकिन कुछ पक्षी जमीन पर ही रहते हैं। जैसे- शुतुरमुर्ग, पेंग्विन, ऐमू, गुआल रेल, स्टीमर डक तथा काकाओ। पक्षियों के बारे में कहा जाता है कि "पक्षी की उड़ान उसकी खुद की उड़ान होती है, वह अपनी उड़ान को अपनी पंखों से करते हैं।" ऐसा ही एक अनोखा पक्षी है जो कभी जमीन पर पैर नहीं रखता। इस पक्षी का नाम है हरियाल।

### पक्षी की विशेषताएं

इसके हरे रंग के कारण इसका नाम हरियाल है। इसे हरियल भी कहा जाता है। हरियाल का वैज्ञानिक नाम ट्रेरन फीनिकोप्टेरस है। यह हरे कबूतर की एक ऐसी प्रजाति है, जो केवल भारतीय उपमहाद्वीप में मिलती है। इस पक्षी की खास विशेषता यह है कि यह कभी जमीन पर नहीं बैठता है। कहा जाता है कि अगर ये पक्षी कभी धरती पर उतरता है तो अपने पैरों पर लकड़ी का टुकड़ा साथ लेकर आता है और उसी पर बैठता है। हरियाल महाराष्ट्र राज्य का राजकीय पक्षी है। यह पक्षी अधिकतर ऊंचे-ऊंचे पेड़ों वाले जंगलों में रहना पसंद करते हैं। इसे सामाजिक प्राणी के तौर पर जाना जाता है, क्योंकि ये झुंड बनाकर रहते हैं।



### हरियाल के बारे में

हरियाल पक्षी सबसे ज्यादा बरगद और पीपल के पेड़ पर ही अपना घोंसला बनाते हैं। इसका आकार 29 सेंटीमीटर से 33 सेंटीमीटर के बीच होता है। इनका वजन केवल 225 ग्राम से लेकर 260 ग्राम के बीच होता है। यह पक्षी बहुतायत में पाया जाता है, जिनके पंखों का फैलाव 17 से 19 सेंटीमीटर तक होता है। यूं तो इनका रंग हल्का पीला व हरा होता है लेकिन इनके सिर पर हल्के नीले भूरे रंग के बाल होते हैं। आंखों का रंग काला होता है और उनके आसपास लाल रंग की रिंग होती है। इनके पैर चमकीले पीले रंग के होते हैं। यह अधिकतर सदाबहार जंगलों में पाए जाते हैं। यह एक शाकाहारी पक्षी है जो कई प्रकार के फल, अनाज और दाने खाते हैं।

**सभी का भोजन अलग**

*पक्षियों का शरीर नौकाकार होता है, इनका शरीर पंखों से ढंका होता है। सभी पक्षियों का भोजन अलग होता है, कुछ शाकाहारी होते हैं तो कुछ मांसाहारी। पक्षी पराग, पौधे, बीज, फल, सड़ा हुआ मांस और कुछ छोटे जानवरों को भोजन के रूप में काम में लेते हैं।*

*कंटेंट: प्रताप सिंह नेगी*

X



**भजनलाल शर्मा,** मुख्यमंत्री, राजस्थान
@BhajanLalBJP

भाजपा पार्टी नहीं! परिवार है, विकसित भारत का उत्कृष्ट विचार है! त्याग- तपस्या के प्रतिमूर्ति, अंत्योदय और एकात्म मानववाद के प्रणेता, असंख्य कार्यकर्ताओं के पथ प्रदर्शक स्व. पंडित दीनदयाल उपाध्याय जी की जयंती के उपलक्ष्य पर आज निर्वाचन क्षेत्र सांगानेर के श्योपुर मंडल में घर-घर सदस्यता अभियान को लेकर आयोजित कार्यक्रम में सहभागिता की।



**राज्यवर्धन सिंह राठौड़,** मंत्री राजस्थान
@Ra_THORe

मां भारती की सेवा को समर्पित बीकानेर, राजस्थान के अदम्य साहसी भारतीय सैनिक रामस्वरूप कस्वां जी के निधन का हृदय विदारक समाचार प्राप्त हुआ। संपूर्ण भारतवर्ष आपके संघर्ष व त्याग का सदैव ऋणी रहेगा। शत्-शत् नमन एवं विनम्र श्रद्धांजलि। ईश्वर दिवंगत पुण्यात्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान और शोकाकुल परिवार को इस अपार दु:ख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। शोक संतप्त परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं।

**जम्मू कश्मीर:** दूसरे चरण में भी मतदान में दिखा उत्साह, कड़ी सुरक्षा के बीच हुई वोटिंग

# फिर मुस्कुराया लोकतंत्र... रियासी में 74% वोट पड़े, श्रीनगर फिसड्डी रहा

एजेंसी | श्रीनगर



केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर में दूसरे चरण में बुधवार को 26 विधानसभा सीटों पर कड़ी सुरक्षा के बीच 56 फीसदी से अधिक वोट पड़े हैं। इस चरण में भी लोगों में मतदान के प्रति उत्साह दिखा।

दूसरे चरण का मतदान समाप्त होने के साथ ही पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष रविंदर रैना और कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष शेख हमीद कर्रा समेत कई दिग्गज नेताओं का चुनावी भाग्य ईवीएम में बंद हो गया। राजधानी श्रीनगर में सबसे कम 29 प्रतिशत तो रियासी में 74 फीसदी से अधिक वोट डाले गए। हालांकि पहले चरण की तुलना में इस बार वोटिंग प्रतिशत थोड़ा कम रहा। पहले चरण में 61 फीसदी से अधिक वोटिंग हुई थी। चुनाव आयोग ने बताया कि जम्मू-कश्मीर में बुधवार को दूसरे चरण के चुनाव में 56.94 फीसदी वोट पड़े। मतदान शांतिपूर्ण रहाद्ध पुंछ और राजौरी जिले में नियंत्रण रेखा के पास 106 सीमावर्ती पोलिंग बूथ पर भी शांतिपूर्ण तरीके से मतदान हुआ। मुख्य चुनाव आयुक्त राजीव कुमार ने कहा कि जम्मू-कश्मीर के मतदाताओं ने हिंसा और बहिष्कार की जगह लोकतांत्रिक प्रक्रिया को अपनाया, यहां इतिहास बन रहा है। जम्मू-कश्मीर के मुख्य चुनाव अधिकारी पीके पोले ने श्रीनगर में कहा कि मतदान शांतिपूर्ण और कुल मिलाकर सुचारू रहा।

वोटिंग के दौरान कुछ छिटपुट घटनाएं जैसे बहस आदि हुईं, लेकिन कहीं भी पुनर्मतदान की जरूरत नहीं दिखी है।

### कटरा सीट पर 79.95% वोटिंग

पोले ने कहा, जम्मू क्षेत्र की श्री माता वैष्णो देवी कटरा विधानसभा सीट पर सबसे अधिक 79.95 प्रतिशत वोटिंग हुई है। रियासी जिले में 3 विधानसभा क्षेत्र हैं और इसका मतदान प्रतिशत सबसे अधिक 74.14% दर्ज किया गया। पुंछ जिले में 73.78%, राजौरी में 69.85%, गांदेरबल में 62.63% और बडगाम में 61.31% और श्रीनगर में 29.24% मतदान हुआ है। श्री माता वैष्णो देवी सीट पर पहली बार मतदान हुआ है। जबकि कश्मीर घाटी में 15 विधानसभा क्षेत्रों मतदान कराया गया। इसमें सबसे अधिक वोटिंग प्रतिशत खानसाहिब सीट पर दर्ज की गई जहां पर 67.70 प्रतिशत वोटिंग दर्ज की गई। इसके बाद कंगन सीट (ST) पर 67.60 प्रतिशत और चरार-ए-शरीफ सीट पर 66 प्रतिशत मतदान हुआ।

### कहां कितना मतदान

- रियासी 74.14%
- पुंछ 73.78%
- राजौरी 69.85%
- गांदेरबल 62.63%
- बडगाम 61.31%
- श्रीनगर में 29.24%

### तीसरे चरण में 40 सीटों पर 1 को वोटिंग

केंद्र शासित प्रदेश में 3 चरणों में चुनाव कराया जा रहा है। पहले चरण के तहत 18 सितंबर को 24 सीटों के लिए वोटिंग कराई गई जिसमें 61.38 फीसदी मतदान हुआ। दूसरे चरण में 26 सीटों पर वोट डाले गए। अब तीसरे और अंतिम चरण के तहत 40 सीटों पर एक अक्टूबर को मतदान होना है. वोटों की गिनती हरियाणा विधानसभा चुनाव के साथ ही 8 अक्टूबर को कराई जाएगी।

### विदेशी राजनयिकों ने देखी मतदान प्रक्रिया

इस बीच दूसरे चरण के दौरान, वोटिंग देखने के लिए विदेशी राजनयिकों की 16 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल ने बुधवार को घाटी का दौरा किया। घाटी में आतंकवाद के उभरने के बाद संभवतः यह पहली बार है कि अंतरराष्ट्रीय पर्यवेक्षकों को जम्मू-कश्मीर में चुनाव देखने की अनुमति दी गई. हालांकि, केंद्र सरकार के इस कदम की पूर्व मुख्यमंत्री उमर अब्दुल्ला ने कड़ी आलोचना की, उन्होंने कहा कि जम्मू-कश्मीर में चुनाव देश का आंतरिक मामला है।

## युवक की टिप्पणी पर भड़के खट्टर, बाहर निकलवाया

**चंडीगढ़।** हरियाणा में विधानसभा चुनाव प्रचार के लिए गहमागहमी तेज हो गई है। इसी बीच, पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर की बैठक का एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें एक युवक की बात सुन वह भड़क गए। इतना ही नहीं उन्होंने युवक को हॉल से बाहर निकालने तक के लिए कहा दिया। मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, खट्टर हरियाणा के हिसार में स्थित पंजाबी धर्मशाला में एक सभा को संबोधित कर रहे थे। इसी दौरान उन्होने कहा., हरियाणा में भाजपाकी सरकार बनाने में हिसार विधानसभा के विधायक की विशेष भूमिका रहती है इस बार भी रहेगी। इसी बीच, कार्यक्रम में मंच के नीचे मौजूद एक युवक ने जवाब देना शुरू कर दिया। युवक ने खट्टर के सामने ही कह दिया कि भाजपा हरियाणा में सत्ता में आ जाएगी, लेकिन उनका उम्मीदवार नहीं जीतेगा। इसके कुछ देर बाद खट्‌टर ने युवक को 'पकड़ने' और 'बाहर निकालने' के निर्देश दे दिए। वहां मौजूद सुरक्षाकर्मियों ने युवक को सभा से बाहर निकाल दिया।

## दिल्ली की सीएम आतिशी को जेड श्रेणी की सुरक्षा

**नई दिल्ली।** दिल्ली की मुख्यमंत्री आतिशी को जेड श्रेणी की सुरक्षा दी गई है। आतिशी हाल ही में दिल्ली की मुख्यमंत्री बनी हैं, उन्होंने 21 सितंबर को मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। दिल्ली पुलिस ने बुधवार को जानकारी दी कि शपथ लेने के कुछ दिनों बाद जेड सुरक्षा कवर प्रदान किया है। प्रोटोकॉल के अनुसार, दिल्ली के मुख्यमंत्री गृह मंत्रालय के निर्देश पर 'जेड' श्रेणी की सुरक्षा के हकदार हैं। जेड श्रेणी की सुरक्षा में सीएम आतिशी के लिए शिफ्ट में दिल्ली पुलिस के 22 कर्मियों की तैनाती रहेगी। जेड श्रेणी की सुरक्षा में पीएसओ, एस्कॉर्ट और सशस्त्र गार्ड भी शामिल हैं। पुलिस के एक सूत्र ने कहा कि खतरे के आकलन के बाद केंद्रीय एजेंसियों द्वारा उनकी सुरक्षा की आगे समीक्षा की जा सकती है।

## हरियाणा में तेज हुआ सियासी घमासान...

हरियाणा विधानसभा चुनाव के लिए प्रचार अभियान अंतिम चरण में पहुंच चुका है। कई दिग्गज नेताओं ने बुधवार को राज्य में रैलियों को संबोधित किया। जिससे चुनावी माहौल और भी गर्म हो गया है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने गोहाना में एक रैली को संबोधित किया।

**प्रधानमंत्री मोदी ने रैली में कांग्रेस पर जमकर साधा निशाना**

# आरक्षण का विरोध कांग्रेस के डीएनए में, सावधान रहे जनता

एजेंसी | गोहाना(सोनीपत)

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार आरक्षण और भ्रष्टाचार को लेकर कांग्रेस पर निशाना साधा। उन्होंने कहा कि आरक्षण का विरोध, आरक्षण से नफरत कांग्रेस के डीएनए में है। हरियाणा की जनता को कांग्रेस की आरक्षण विरोधी रणनीति से सावधान रहना होगा। इसके साथ ही उन्होंने कहा कि कांग्रेस सत्ता में आ गई तो हरियाणा को बर्बाद कर देगी। उन्होंने कहा कि कर्नाटक और हिमाचल प्रदेश में ये आपस में लड़ रहे हैं। कश्मीर में आतंकवाद और अलगाववाद को हवा देना चाहते हैं।

पीएम मोदी बुधवार को सोनीपत के गोहाना में आयोजित भाजपा की चुनाव रैली को संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि कांग्रेस के शाही परिवार की चौथी पीढ़ी भी आरक्षण का विरोध कर रही है। इसलिए आपको सावधान रहना है। मोदी ने कहा, कांग्रेस के शाही परिवार से जो भी प्रधानमंत्री बना, उसने हमेशा आरक्षण का विरोध किया है। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा ही एससी, एसटी और ओबीसी को भागीदारी से वंचित रखा है। बाबा साहेब अंबेडकर की बदौलत दलितों को आरक्षण दिया गया, वरना दलितों को भी आरक्षण के लिए कांग्रेस की हार का इंतजार करना पड़ता। जब भी कांग्रेस सरकार में रही है, उसने दलितों-पिछड़ों का हक छीना है।



### भाजपा ने वंचित व पिछड़ों को आगे बढ़ाया

उन्होंने कहा कि भाजपा ने वंचित और पिछड़े समाज को हरियाणा में आगे बढ़ाया है। ओबीसी वर्ग से आने वाले नायब सैनी को भाजपा ने मुख्यमंत्री बनाया। नायब सैनी एक किसान-मजदूर का बेटा है। इनके दरवाजे लोगों के लिए चौबीस घंटों के लिए खुले रहते हैं। कांग्रेस सरकार अस्थिरता के लिए भी जानी जाती है।

### झगड़ों में उलझे हुए हैं कांग्रेस के मुख्यमंत्री

मोदी ने कहा कि कांग्रेस शासित हर राज्य में उनके मुख्यमंत्री झगड़ों में उलझे हुए हैं, उनको जनता की तकलीफ से कोई लेना देना नहीं है। कर्नाटक के सीएम और डिप्टी सीएम आपस की लड़ाई में व्यस्त हैं। तेलंगाना और हिमाचल प्रदेश में भी यहीं हाल हैं। इसलिए हरियाणा को भी बहुत सावधान रहना चाहिए। उन्होंने कहा कि गलती से भी कांग्रेस आ गई तो अपने झगड़ों में हरियाणा को बर्बाद कर देंगे।

### कांग्रेस ने दलितों के साथ अन्याय किया

मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने दलितों, पिछड़ों, शोषितों के साथ भी धोखा किया है। आजकल कांग्रेस के भीतर सिर-फुटौव्वल हो रही है, ये पुराने पापों का ही परिणाम है। 2014 में जब हुड्डा जी यहां सीएम हुआ करते थे, तब ऐसा कोई साल नहीं था जब दलितों के साथ अन्याय नहीं हुआ। हर कोई जानता था कि दलितों के खिलाफ कांग्रेस खाद-पानी देती है।

### कांग्रेस की सरकार में प्रदेश को लूटा गया

पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस का शाही परिवार देश का सबसे भ्रष्ट परिवार है और जब हाईकमान भ्रष्टाचारी होती है, तो नीचे लूट का खुला लाइसेंस मिल ही जाता है। 10 साल पहले जब हरियाणा में कांग्रेस की सरकार थी, तब प्रदेश को लूटा गया था। किसानों की जमीनों को लूटा गया, प्रदेश को दलालों और दामादों के हवाले कर दिया गया था। उन्होंने कहा कि जहां भी कांग्रेस को मौका मिला, जहां-जहां कांग्रेस ने पैर रखा, वहां भ्रष्टाचार और भाई भतीजावाद पक्का है।

**सुप्रिया सुले ने अजित पर कसा तंज**

## मांग लिया होता... सब दे देते... पार्टी तोड़ने की क्या जरूरत थी!

एजेंसी | मुंबई



महाराष्ट्र में विधानसभा चुनावों की सरगर्मियों के बीच राकांपा के संस्थापक शरद पवार की बेटी और बारामती से सांसद सुप्रिया सुले ने अपने भाई और राज्य के उप मुख्यमंत्री अजित पवार पर तंज कसा है। उन्होंने मुंबई में आयोजित एक कार्यक्रम कहा कि अगर दादा ने मांग लिया होता तो पार्टी उन्हें दे देती, पार्टी को तोड़ने की क्या जरूरत थी। जब उनसे पूछा गया कि उनके पिता शरद पवार उन पर ज्यादा प्यार लुटा रहे थे, जबकि पार्टी के असली उत्तराधिकारी अजित पवार थे, तो सुप्रिया ने कहा, अरे मांग लेता ना, सब दे देती... पार्टी तोड़ने की जरूरत ही नहीं थी। ये कौन सी बड़ी डील है... जाने की च्वाइस उनकी थी।

इससे आगे सुप्रिया ने कहा कि उनके पिता की अगुवाई वाली पार्टी अजित दादा को पार्टी में ही रखना चाहती थी, लेकिन उन्होंने हमारे जीवन को अस्त-व्यस्त करके छोड़ दिया है। बता दें कि शरद पवार के भतीजे अजित पवार पिछले साल जुलाई में राकांपा को तोड़कर राजग गठबंधन में शामिल हो गए थे और राज्य का एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली भाजपा-शिवसेना सरकार में उप मुख्यमंत्री बन गए थे। अजित पवार ने तब राकांपा के अधिकांश विधायकों को अपने साथ कर लिया था । राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी में विभाजन के कारण पार्टी के नाम और चुनाव चिह्न को लेकर भी तीखी लड़ाई हुई, जिसके बाद चुनाव आयोग ने विधायकों के समर्थन के आधार पर अजित पवार के नेतृत्व वाले गुट को 'असली एनसीपी' घोषित कर दिया। वहीं शरद पवार वाले गुट को राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शरदचंद्र पवार) का नाम दिया गया।

एनसीपी (एसपी) की कार्यकारी अध्यक्ष सुप्रिया सुले ने शरद पवार के अपनी बेटी के प्रति पक्षपातपूर्ण रवैये के आरोपों को खारिज किया है। उन्होंने कहा, मैं इस मुद्दे पर अजित पवार या उनके खेमे के किसी भी व्यक्ति के साथ खुली बहस के लिए तैयार हूं। सुले ने कहा कि पार्टी में उत्तराधिकार को लेकर कोई विवाद नहीं था, लेकिन अजित पवार ने जिस तरह से काम किया, वह गलत था।

**केजरीवाल:** हरियाणा की जनता को दी 5 गारंटी, दिल्ली-पंजाब की तरह सुधार का वादा

## आप के सहयोग के बिना हरियाणा में नहीं बनेगी कोई सरकार

एजेंसी | रोहतक



दिल्ली के पूर्व मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि हरियाणा में बिना आम आदमी पार्टी के सहयोग से सरकार नहीं बन सकती। भाजपा पर आप नेताओं को झूठे आरोपों में गिरफ्तार करवाने का आरोप लगाया।

केजरीवाल रोहतक जिले के महम विधानसभा क्षेत्र में आप प्रत्याशी के चुनाव प्रचार में पहुंचे थे। उन्होंने चुनाव रैली को संबोधित करते हुए पांच गारंटी की घोषणा की, जिसमें मुफ्त बिजली, मुफ्त चिकित्सा सेवाएं, बेहतरीन सरकारी स्कूल, 18 वर्ष से अधिक उम्र की महिलाओं के लिए 1000 रुपये और युवाओं को रोजगार शामिल हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा में स्कूल, कॉलेज हॉस्पिटलों की हालत खस्ता हो गई है जबकि दिल्ली और पंजाब में लोगों को मुफ्त में सुविधा मिल रही है। उन्होंने भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा की प्रदेश में आम लोगों का जीना दुश्वार हो गया है।

### ईमानदारी के लिए CM की कुर्सी को मारी लात

केजरीवाल ने कहा कि प्रधानमंत्री को लगता था कि केजरीवाल बहुत काम कर रहे हैं। उन्हें रोका जाना चाहिए। उन्होंने हमारी पार्टी के सभी नेताओं को गिरफ्तार कर लिया। आप नेता ने कहा, वे मेरी ईमानदारी पर हमला करना चाहते थे। उन्होंने झूठे आरोप लगाए। मुझे 'भ्रष्टाचारी' और 'चोर' कहा। मैं दिल्ली में घूम रहा हूं, लोग कह रहे हैं कि मैं 'चोर' के अलावा कुछ भी हो सकता हूं। मैंने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कहा कि दिल्ली की जनता तय करेगी कि मैं ईमानदार हूं या नहीं। केजरीवाल ने यह भी कहा कि उन्होंने ईमानदारी के चलते दिल्ली की में मुख्यमंत्री की कुर्सी को लात मार दी और जब तक दिल्ली की जनता उन्हें ईमानदार नहीं साबित करती वह दिल्ली की कुर्सी पर नहीं बैठेंगे।

### किसान कानूनों की हिमायत पर साधा निशाना

जिस तरह से पूर्व मुख्यमंत्री मनोहर लाल खट्टर और कंगना रानौत किसान आंदोलन को नकली बता रहे हैं, उससे हरियाणा की जनता में रोष है। उन्होंने कहा कि कंगना रानौत फिर से तीन काले कानून को लागू करने की मांग कर रही है जो प्रदेश की जनता को गवारा नहीं होंगे। उन्होंने कहा कि अब समय आ गया है कि प्रदेश की जनता बदलाव करें और आम आदमी पार्टी के प्रत्याशियों को जिताए।

### केजरीवाल की गारंटी

- महिलाओं को प्रति महीना एक हजार रुपए
- मुफ्त बिजली-पानह
- मुफ्त चिकित्सा सेवाएं
- बेहतरीन सरकारी स्कूल
- युवाओं को रोजगार

**राहुल से बात होने के बाद मानी शैलजा**

## प्रचार में जुटेंगी, राहुल के साथ मंच करेंगी साझा

एजेंसी | रोहतक

**चंडीगढ़।** हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच कांग्रेस खेमे में खींचतान के बीच पार्टी की महासचिव कुमारी शैलजा गुरुवार को पार्टी के प्रचार अभियान में जुटेंगी। वह राहुल गांधी के साथ मंच साझा करेंगी।

कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि कुमारी शैलजा से सीधे राहुल गांधी ने ही बात की है। इसके बाद ही उनका रुख बदला है। वे मंगलवार को कांग्रेस मल्लिकार्जुन खरगे से मिलने भी पहुंची थीं। अब खबर है कि वह गुरुवार से प्रचार पर निकलेंगी और सीधे राहुल गांधी के साथ मंच साझा करेंगी। राहुल गांधी की करनाल की असंध सीट पर एक रैली होने वाली है। इस सीट से शैलजा खेमे के शमशेर सिंह गोगी चुनाव मैदान में हैं और उनके लिए राहुल गांधी प्रचार में आ रहे हैं। इसके अलावा कुमारी सैलजा टोहाना से प्रत्याशी परमवीर सिंह और हिसाब में राम निवास रारा के लिए भी प्रचार करेंगी। इस तरह से वह अपने समर्थकों के लिए प्रचार करेंगी। लेकिन अहम बात यह है कि कैंपेन की शुरुआत वह राहुल गांधी के साथ रैली से करेंगी।

**हरियाणा की चुनावी डायरी: कंगना के बयान के कोई संग 'ना'**

# कांग्रेस-आप का तीखा प्रहार... राहुल गांधी ने पीएम मोदी पर साधा निशाना

एजेंसी | चंडीगढ़/ नई दिल्ली



हरियाणा विधानसभा चुनाव के बीच भाजपा सांसद कंगना रनौत के वापस लिए गए तीन कृषि कानून को लेकर बयान पर राज्य में सियासत गरमा गई है। कांग्रेस सांसद व नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी समेत कांग्रेस के कई नेताओं व आम आदमी पार्टी के नेता अरविंद केजरीवाल ने कंगना के बयान को लेकर तीखा प्रहार किया है।

हरियाणा में चुनाव सभाओं में कांग्रेस व आप नेता इस मुद्दे का उठा रहे हैं। ज्ञात रहे कि कंगना ने कृषि कानूनों को लेकर कहा था कि मुझे लगता है कि निरस्त किए गए तीन कृषि कानूनों को वापस लाया जाना चाहिए। किसानों को भी इसकी मांग करनी चाहिए। हालांकि, विवाद बढ़ने पर कंगना ने खेद जताते हुए अपने शब्दों को वापस ले लिया। वहीं, भाजपा ने कंगना के बयान से किनारा करते हुए कहा कि यह उनके व्यक्तिगत विचार हैं।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने कंगना के बयान को लेकर सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में पीएम नरेंद्र मोदी पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि इस मामले में पीएम मोदी को स्पष्टीकरण देना चाहिए।

राहुल ने कहा, सरकार की नीति कौन तय कर रहा है? एक भाजपा सांसद या प्रधानमंत्री मोदी? 700 से ज्यादा किसानों, खास कर हरियाणा और पंजाब के किसानों की शहादत ले कर भी भाजपा वालों का मन नहीं भरा। विपक्षी गठबंधन इंडिया हमारे अन्नदाताओं के विरुद्ध भाजपा का कोई भी षड्यंत्र कामयाब नहीं होने देगा। अगर किसानों को नुकसान पहुंचाने के लिए कोई भी कदम उठाया जाएगा तो मोदी जी को फिर से माफी मांगनी पड़ेगी।

### भाजपा के लोग विचारों को लेकर करते हैं जांच-परख

राहुल गांधी ने एक वीडियो में कहा, भाजपा के लोग विचारों को लेकर जांच-परख करते रहते हैं। वे किसी से कहते हैं कि सार्वजनिक रूप से विचार रखिए और फिर देखते हैं कि प्रतिक्रिया क्या होती है। यही हुआ है। इनके एक सांसद ने काले कृषि कानूनों को फिर से लाने की बात की है। उन्होंने कहा, मोदी जी स्पष्ट कीजिए कि क्या आप उन कानूनों को फिर से लाना चाहते हैं। आप फिर से 'बदमाशी' तो नहीं करेंगे?' उन्होंने दावा किया कि प्रधानमंत्री मोदी ने शहीद किसानों के लिए संसद में दो मिनट का मौन भी नहीं रखने दिया था।

### यह कहा था कंगना ने मंगलवार को

किसान भारत की प्रगति के शक्तिस्तंभ हैं। केवल चंद राज्यों में ही उन्होंने कृषि कानूनों का विरोध किया। मैं हाथ जोड़कर अपील करती हूं कि किसानों के हित में इन कृषि कानूनों को वापस लाया जाए।

### कृषि कानूनों को वापस नहीं आने देंगे: हुड्डा

वहीं, कांग्रेस सांसद दीपेंद्र हुड्डा ने हरियाणा के विभिन्न रैलियों में कंगना के बयान का जिक्र करते हुए कहा कि वह इन कृषि कानूनों को फिर से वापस नहीं आने देंगे। दीपेंद्र हुड्डा ने रैली में कहा, 750 किसानों ने अपनी शहादत देकर एमएसपी और मंडी प्रणाली को भाजपा की तानशाही सरकार से बचाया है। काले कृषि कानून वापस लाने के मंसूबे रखने वाले तमाम भाजपा सांसदों को हमारी चुनौती है कि हरियाणा में कांग्रेस की सरकार बनने के बाद देश में ऐसी कोई ताकत नहीं जो ये कानून वापस लागू कर सके।

### कंगना का बयान उसकी निजी राय: BJP

कांग्रेस के ओर से मुद्दा उठाए जाने के बीच भाजपा ने भी कंगना के बयान से अपने आप को अलग किया। भाजपा प्रवक्ता गौरव भाटिया ने कहा, भाजपा सांसद कंगना रनौत का एक बयान सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। मैं यह स्पष्ट करना चाहता हूं कि यह बयान कंगना रनौत के व्यक्तिगत विचारों को दर्शाता है और किसी भी तरह से 3 कृषि कानूनों से संबंधित बयान में भाजपा के विचारों को नहीं दर्शाता। कंगना को भाजपा द्वारा 3 कृषि कानूनों के विषय पर बोलने के लिए अधिकृत नहीं किया गया है।

## जरूरी खबर

### इस बार UN में कश्मीर पर मौन रहा तुर्की



**न्यूयॉर्क।** तुर्किये (तुर्की) के राष्ट्रपति रेचेप तैय्यप एर्दोगन ने इस साल पहली बार संयुक्त राष्ट्र महासभा में अपने भाषण के दौरान कश्मीर का जिक्र नहीं किया। भारत का केंद्र शासित प्रदेश वर्षों से तुर्की के राष्ट्रपति के संबोधन का एक प्रमुख हिस्सा रहा है। 2019 में भारत द्वारा जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा समाप्त करने के बाद से एर्दोगन ने नियमित रूप से कश्मीर का मुद्दा उठाया है। इस साल कश्मीर पर एर्दोगान की चुप्पी को भारत-तुर्किये संबंधों के सकारात्मक विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में देखा जा रहा है। बता दें कि तुर्किये ब्रिक्स समूह का सदस्य बनने के लिए प्रयासरत है।

### उड़ान से पहले विमान के पंखों से निकलने लगा धुआं

**चेन्नई।** चेन्नई अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उड़ान से पहले विमान के पंखों से धुआं निकलने का मामला सामने आया है। इससे यात्रियों में हड़कंप मच गया। तत्काल मामले की जानकारी अधिकारियों को दी गई। इस वजह से फ्लाइट देरी से उड़ सकी। घटना मंगलवार रात की है। विमान से 280 यात्री दुबई जा रहे थे। हवाई अड्डे के अधिकारियों ने बताया कि मंगलवार की रात करीब सवा नौ बजे विमान के चालक दल ने धुआं निकलने की जानकारी दी। धुआं पंखों के पास से निकल रहा था। तुरंत तकनीकी टीम को मौके पर भेजा गया। टीम ने विमान की गहन जांच की। अधिकारियों के मुताबिक धुआं 10 मिनट बाद ही निकलना बंद हो गया। दमकल की गाड़ियों को भी तुरंत मौके पर भेजा गयाअधिकारियों ने धुआं निकलने की वजह नहीं बताई।

### बदलापुर: कोर्ट ने किए सवाल... कहा यह मुठभेड़ नहीं

**मुंबई।** महाराष्ट्र के बदलापुर यौन उत्पीड़न केस के आरोपी अक्षय शिंदे के एनकाउंटर पर बोम्बे हाई कोर्ट ने पुलिस पर सवाल खड़े किए हैं। अदालत ने कहा, इसे मुठभेड़ नहीं कहा जा सकता... यह मुठभेड़ नहीं है। उच्च न्यायालय ने यह भी कहा कि पुलिस को यह पता लगाना होगा कि क्या शिंदे ने पहले कभी बंदूक का इस्तेमाल किया था। शिंदे सोमवार को पुलिस एनकाउंटर में मारा गया था। अदालत ने पुलिस के इस दावे पर सवाल उठाया कि आरोपी ने एक पुलिसकर्मी का हथियार छीन लिया था, जिसके कारण पुलिसकर्मियों ने उस पर गोली चला दी।

## शतरंज ओलंपियाड विजेता टीम से मुलाकात



*नई दिल्ली। प्रधानमंत्री ने बुधवार को नई दिल्ली में शतरंज ओलंपियाड विजेता भारतीय टीम से मुलाकात की। इस दौरान टीम के सदस्यों के साथ चर्चा करते पीएम मोदी। भारत की पुरुष और महिला शतरंज महिला टीम ने रविवार को चेस ओलंपियाड में गोल्ड मेडल जीते। भारत की पुरुष और महिला टीमों ने पहली बार चेस ओलंपियाड में गोल्ड पर कब्जा किया।*

### महिला के 50 टुकड़े करने के आरोपी ने की सुसाइड

**नई दिल्ली।** कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु के महालक्ष्मी हत्याकांड की गुत्थी और उलझ गई है। इस मामले के आरोपी मुक्तिरंजन प्रताप रॉय ने आत्महत्या कर ली है। ओडिशा में उसकी लाश पेड़ से लटकती हुई मिली है। सेंट्रल-बेंगलुरु के डीसीपी शेखर एच टेककन्नावर ने इसकी जानकारी दी है। आरोप है कि मुक्तिरंजन ने बेंगलुरू में मल्लेश्वरम इलाके की एक इमारत में महालक्ष्मी की हत्या कर शव के 50 से अधिक टुकड़े कर दिए थे, जो एक फ्रिज से बरामद हुए थे। महालक्ष्मी की मां और बहन के शनिवार को उनके घर पहुंचने पर इस घटना की जानकारी मिली थी। बेंगलुरु पुलिस को सूचना मिली थी कि महालक्ष्मी की नृशंस हत्या करने वाला मुक्तिरंजन अलग-अलग लोकेशन बदलते हुए ओडिशा पहुंच गया है। इस सूचना पर बेंगलुरु पुलिस की टीम आरोपी की धरपकड़ करने ओडिशा गई थी, लेकिन पुलिस को फांसी के फंदे से लटका उसका शव मिला। मौके पर से उसका एक सुसाइड नोट भी बरामद हुआ है, जिसमें उसने महालक्ष्मी का कत्ल किए जाने की बात भी कबूल की है।

## MUDA भूमि घोटाला मामला


# सिद्धारमैया के खिलाफ लोकायुक्त करेंगे जांच

**एजेंसी | बेंगलुरु**

हाईकोर्ट के बाद कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दारमैया को बुधवार को एमपी/एमएलए कोर्ट से भी बड़ा झटका लगा है। विशेष अदालत ने मैसूर शहरी विकास प्राधिकरण (एमयूडीए) घोटाला में सीएम सिद्दारमैया के खिलाफ लोकायुक्त जांच का आदेश दिया है।

स्पेशल कोर्ट न्यायाधीश संतोष गजानन भट्ट ने मामले की जांच मैसूर जिले के लोकायुक्त अधीक्षक को सौंपी है। उन्हें तीन महीने यानी 24 दिसंबर को अपनी रिपोर्ट सौंपनी होगी। कोर्ट ने मैसूरु के स्नेहामाई कृष्णा की याचिका पर सुनवाई के दौरान यह आदेश दिया। याचिका में सिद्धारमैया के खिलाफ जांच का आदेश देने का अनुरोध किया गया था। अदालत ने स्पष्ट कहा कि मामले की जांच सीआरपीसी की धारा 156 (3) के प्रावधानों के तहत की जाएगी। सीएम सिद्दारमैया के खिलाफ एफआईआर दर्ज करने के बाद जांच शुरू की जाएगी। याचिकाकर्ता स्नेहमयी कृष्णा ने कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत के सामने एमयूडीए घोटाला उठाया था। राज्यपाल ने सीएम के खिलाफ अभियोजन चलाने की मंजूरी दी थी। मगर 19 अगस्त को सीएम सिद्दारमैया ने राज्यपाल के आदेश को कर्नाटक हाईकोर्ट में चुनौती दी। मगर वहां भी राहत नहीं मिली।

हाईकोर्ट ने राज्यपाल के आदेश को बरकरार रखा। स्नेहमयी कृष्णा के वकील लक्ष्मी अयंगर ने कहा कि यह पहला कदम है। मैसूर लोकायुक्त को एफआईआर दर्ज करने और जांच को आगे बढ़ाने का निर्देश दिया गया है। अदालत ने कहा कि सीएम सिद्दारमैया को जांच से हिचकिचाना नहीं चाहिए।



### क्या है मामला

यह विवाद मुआवजा जमीन के आवंटन में कथित अनियमितताओं से संबंधित है। सिद्धारमैया की पत्नी पार्वती को उनके भाई मल्लिकार्जुनस्वामी ने 3.2 एकड़ जमीन 2010 में गिफ्ट में दी थी। एमयूडीए के जमीन अधिग्रहण के बाद पार्वती ने मुआवजे की मांग की और इसके बाद उन्हें 14 प्लॉट आवंटित किए गए थे। कहा जाता है कि ये प्लॉट मूल भूमि के टुकड़े से काफी अधिक कीमत के हैं। विपक्षी दलों का दावा है कि घोटाले का कुल मूल्य संभावित रूप से 3 हजार करोड़ रुपए तक हो सकता है।

## मुंबई में भारी बारिश

# कई जगह भरा पानी, 11 उड़ानें भी रद्द



**एजेंसी | मुंबई**

मानसून की विदाई से ठीक पहले महाराष्ट्र की राजधानी मुंबई में जमकर बारिश हो रही है। इससे कई निचले इलाकों में घुटनों तक पानी भर गया। कुर्ला और ठाणे स्टेशनों के बीच लोकल ट्रेनें रुक गईं और यात्री फंस गए, जबकि सड़कों पर ट्रैफिक धीमा हो गया। इसके अलावा, 11 उड़ानों को कैंसल कर दिया गया, जबकि 10 उड़ानों को डायवर्ट करना पड़ा। भारतीय मौसम विभाग ने मुंबई शहर और उसके पड़ोसी जिलों के लिए अपने ऑरेंज अलर्ट को गुरुवार सुबह 8.30 बजे तक रेड अलर्ट में बदल दिया है। वहीं, छात्रों की सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए मुंबई के सभी स्कूलों और कॉलेजों में गुरुवार को छुट्टी घोषित कर दी गई है।मुंबई के कई उपनगरों में बुधवार दोपहर से भारी बारिश हो रही है। मुलुंड और उसके आसपास के इलाकों में सबसे भारी बारिश हुई, जिससे निचले इलाके जलमग्न हो गए। जलभराव और खराब दृश्यता के कारण सड़कों पर यातायात धीमा हो गया है। लोकल ट्रेन भी देरी से चल रही थी।

■ **स्कूल कॉलेज आज रहेंगे बंद**

### रनवे का संचालन दो बार रोकना पड़ा

मुंबई में भारी बारिश के कारण। मुंबई हवाई अड्डे पर रनवे संचालन को दो बार रोकना पड़ा, क्योंकि दृश्यता घटकर 300 मीटर रह गई, जबकि एयरलाइनों ने यात्रियों को सलाह जारी की गई कि वे महानगर के कुछ हिस्सों में यातायात की भीड़ और जल-जमाव के मद्देनजर हवाई अड्डे पर जल्दी पहुंचें।

## अब हिमाचल को भाया यूपी का योगी मॉडल

# होटल-रेहड़ी वालों को लगानी होगी ID

**शिमला।** हिमाचल प्रदेश में कांग्रेस सरकार ने उत्तर प्रदेश सरकार का मॉडल अपनाया है। राज्य सरकार ने नई स्ट्रीट वेंडर पॉलिसी तैयार की है। इसके तहत अब प्रदेश में रेहड़ी, पटरी और होटल वालों को अपना पहचान पत्र प्रदर्शित करना होगा। यानी उनके लिए नेमप्लेट लगाना अनिवार्य होगा। प्रदेश में शहरी विकास मंत्री विक्रमादित्य सिंह ने कहा कि हिमाचल में भी हर भोजनालय और फास्टफूड रेहड़ी पर मालिक कीआईडी लगाई जाएगी ताकि लोगों को किसी भी तरीके की परेशानी न हो। बीते दिन शहरी विकास और नगर निगम की बैठक में निर्देश जारी कर दिए गए हैं। सिंह ने कहा कि हमने यूडी (शहरी विकास) और नगर निगम के साथ एक बैठक की। इसमें सुनिश्चित किया गया कि लोगों को स्वच्छ भोजन बेचा जाए। जिसके बाद सभी स्ट्रीट वेंडरों के लिए एक निर्णय लिया गया है, खासतौर से उनके लिए जो खाने-पीने की चीजें बेचते हैं। विक्रमादित्य ने कहा कि लोगों ने अपनी चिंताएं और शंकाएं व्यक्त कीं थीं जिन पर विचार करते हुए, हमने यह अनिवार्य कर दिया गया है कि विक्रेताओं को अपना नाम और आईडी प्रदर्शित करना होगा। हर दुकानदार और स्ट्रीट वेंडर को अपनी पहचान बतानी होगी।

### यूपी में भी दिए गए निर्देश

वहीं, दूसरी ओर उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने भी खान-पान की वस्तुओं में मानव अपशिष्ट या गंदी चीजों की मिलावट करने वालों के खिलाफ कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए हैं।


## राहुल गांधी ने जम्मू में किया सभा को संबोधित

# राज्य का दर्जा बहाली के लिए सड़क पर उतरेगा इंडिया

**एजेंसी | जम्मू**

लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने बुधवार को कहा कि अगर भाजपा नीत सरकार विधानसभा चुनाव के बाद जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल नहीं करती है तो विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' संसद के भीतर अपनी पूरी ताकत का इस्तेमाल करेगा और सड़कों पर भी उतरेगा।

जम्मू में पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में एक रैली को संबोधित करते हुए कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि पूर्ववर्ती जम्मू कश्मीर राज्य को 2019 में दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित कर प्रदेश के लोगों के साथ बड़ा अन्याय किया गया था। यह तकरीबन पिछले तीन सप्ताहों में राहुल का जम्मू कश्मीर का तीसरा दौरा है। उन्होंने 18 सितंबर को विधानसभा चुनाव के पहले चरण से पूर्व चार सितंबर को बनिहाल और डूरू निर्वाचन क्षेत्रों का दौरा किया था। बुधवार को जम्मू पहुंचने के तुरंत बाद राहुल ने एक होटल में पेशेवरों के साथ बातचीत की और इसके बाद एक जनसभा को संबोधित किया।



जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल करने के लिए काम करने का संकल्प दोहराते हुए राहुल ने कहा,भारत के इतिहास में ऐसा पहले कभी नहीं हुआ कि हमने किसी राज्य का दर्जा छीन लिया हो और उस राज्य को केंद्र शासित प्रदेश बना दिया हो। उन्होंने रैली में कहा, ऐसा कभी नहीं होना चाहिए था। उन्होंने आरोप लगाया कि उपराज्यपाल के माध्यम से 'बाहरी लोगों' को फायदा पहुंचाने के लिए जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया।

राहुल ने कहा, जब तक उपराज्यपाल हैं, बाहरी लोगों को फायदा मिलेगा और स्थानीय लोगों को नजरअंदाज किया जाता रहेगा। यही वजह है कि जम्मू कश्मीर से राज्य का दर्जा छीन लिया गया। वे चाहते हैं कि जम्मू कश्मीर को बाहरी लोग चलाए न कि स्थानीय लोग।

## परमाणु ऊर्जा क्षेत्र में नई पहल की तैयारी

# देश में ही विकसित होंगे छोटे न्यूक्लियर रिएक्टर

■ **लेंगे थर्मल पावर प्लांट की जगह**

**एजेंसी | नई दिल्ली**

केंद्र सरकार ने देश स्मॉल न्यूक्लियर रिएक्टर के विकास की योजना अब मूर्त लेने की ओर बढ़ रही है। सरकार निजी क्षेत्र की भागीदारी के साथ 50 स्मॉल न्यूक्लियर रिएक्टर तैयार करने पर काम कर रही है।

सरकार का लक्ष्य 40-50 छोटे मॉड्यूलर परमाणु रिएक्टरों को स्थापित करना है, जो ज्यादातर कैप्टिव थर्मल पावर प्लांट्स को प्रतिस्थापित करेंगे। ताकि 2070 तक नेट-जीरो उत्सर्जन का लक्ष्य हासिल किया जा सके। ऐसे में यह कदम क्लीन एनर्जी की दिशा में अहम साबित हो सकता है। मोदी सरकार जब तीसरी बार सत्ता में आने के बाद वित्त मंत्री ने बजट 2024 में परमाणु ऊर्जा पर जोर दिया। न्यूक्लियर एनर्जी को एनर्जी के घटक के रूप में भविष्य के लिए महत्वपूर्ण माना जा रहा है। यह देश में सीमेंट और स्टील उद्योग में एनर्जी का बेहतर विकल्प बनेगा। टाटा कंसल्टिंग इंजीनियर्स के प्रबंध निदेशक और मुख्य कार्यकारी अधिकारी अमित शर्मा पहले ही कह चुके हैं कि हम प्रेशराइज्ड हेवी वाटर रिएक्टर (पीएचडब्ल्यूआर) के पुराने डिजाइन को लेंगे। फिर इसे मॉड्यूलर, स्केलेबल और फुकुशिमा के बाद के स्टैंडर्ड के अनुरूप सुरक्षा के लिए पुनःसंयोजित और पुनःडिजाइन करेंगे।

शर्मा ने कहा कि छोटे मॉड्यूलर रिएक्टरों (एसएमआर) के मामले में, सात से आठ वर्षों से कम समय में 40-50 रिएक्टर बनाने की योजना है। हालांकि, उन्होंने कहा कि इसके लिए उच्च स्तर के मानकीकरण, सुरक्षा और मॉड्यूलरिटी की आवश्यकता है। भारत की योजना 2070 तक नेट-जीरे एमिशन प्राप्त करने के लिए क्लीन एनर्जी के लिए अपने परमाणु ऊर्जा क्षेत्र का विस्तार करने मंशा है। इसके लिए सरकारी वित्त पोषण और निजी भागीदारी की मदद से छोटे रिएक्टरों के देसी संस्करण विकसित करने की योजना बनाई गई है।

नई टेक्नोलॉजी को आधिकारिक रूप से अपनाने से भारतीय सार्वजनिक या निजी क्षेत्र की संस्थाओं और भारतीय बाजार पर नजर रखने वाली कई विदेशी कंपनियों के बीच गठजोड़ के लिए सकारात्मक माहौल बनेगा। बजट में प्रस्तावित देसी संस्करणों को 'भारत स्मॉल रिएक्टर' और 'भारत स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर' के रूप में चिह्नित किया गया था।



### क्या है स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर

स्मॉल मॉड्यूलर रिएक्टर (एसएमआर) एडवांस न्यूक्लियर रिएक्टर हैं जिनकी बिजली क्षमता 300 मेगावाट (ई) प्रति यूनिट तक होती हैं। ये पारंपरिक न्यूक्लियर एनर्जी रिएक्टरों की उत्पादन क्षमता का लगभग एक तिहाई है। एसएमआर, बड़ी मात्रा में कम-कार्बन वाली बिजली का उत्पादन कर सकते हैं।

## ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े से टकराई ट्रेन

# गुजरात में ट्रेन को डिरेल करने की कोशिश

**एजेंसी | गांधीनगर**

उत्तर प्रदेश और मध्यप्रदेश के बाद अब गुजरात में ट्रेन को बेपटरी (डिरेल) करने की कोशिश की गई। गनीमत यह रही कि ट्रैक पर रखे 4 फीट लंबे लोहे से टुकड़े से टकराने के बाद इंजन बंद हो गया और बड़ा हादसा टल गया। जानकारी के अनुसार, बुधवार सुबह ओखा-भावनगर पैसेंजर ट्रेन बोटाद में ट्रैक पर रखे लोहे के टुकड़े से टकरा गई। इससे चार दिन पहले गुजरात के सूरत के पास वडोदरा में रेलवे ट्रैक से छेड़छाड़ की गई थी। अराजक तत्वों ने पटरी के बीच फिश प्लेट खोल दिए थे। गुजरात में सूरत के बाद बोटाद में ट्रेन की पटरियों से छेड़छाड़ की गई। अज्ञात लोगों ने मंगलवार रात ओखा-भावनगर पैसेंजर ट्रेन के रास्ते में ट्रैक पर 4 फीट लंबा लोहे का टुकड़ा रख दिया। बुधवार तड़के बोटाद से गुजरने के दौरान ओखा-भावनगर पैसेंजर ट्रेन इस टुकड़े से टकरा गई। टक्कर लगते ही इंजन बंद हो गया। इस कारण ट्रेन करीब 3 घंटे तक खड़ी रही। घटना की जानकारी मिलते ही रेलवे के अधिकारी आरपीएफ और राणपुर पुलिस के साथ मौके पर पहुंची। पुलिस के मुताबिक, लोहे का टुकड़ा कुंडली गांव से दो किमी की दूरी पर रखा गया था। पुलिस मामले की जांच कर रही है।

**पार्श्वनाथ पुराण का वाचन:** मधुवन टोंक फाटक के मंदिर में गुरुवार को होगी धर्म सभा

# गुरुओं के सान्निध्य में रहने से ही व्यक्ति को मिलती है मोक्ष की राह

**बेधड़क.**जयपुर। हम देव शास्त्र गुरु की नित्य पूजा करते हैं, पर यह नहीं जानते हैं कि तीनों एक ही हैं। गुरु ही शास्त्र को अपने अंतरंग में उतारकर अपनी चर्या का पालन करते हुए देव बनते हैं। हमें हमेशा गुरुओं की भक्ति व उनकी महिमा को समझना चाहिए। हमें नियम कानून पवित्रता को बढ़ाने के लिए लगाना चाहिए। गुरुओं के सान्निध्य में हमें मोक्ष पथ की राह मिलती है। यह कहना था मुनि प्रणम्य सागर का जो जनकपुरी के श्रीनेमीनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में कवि भूधरदास द्वारा विरचित पार्श्वनाथ पुराण का वाचन किया गया। इससे पूर्व मुनिश्री ससंघ का गाजों-बाजों से जनकपुरी जैन मंदिर में मंगल प्रवेश हुआ। इससे पूर्व मुनिश्री त्रिवेणी नगर दिगम्बर जैन मंदिर से मंगल विहार कर शक्ति नगर, महेश नगर के मंदिरों के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए जनकपुरी पहुंचे। मार्ग में जगह-जगह मुनि संघ की श्रद्धालुओं द्वारा भव्य अगवानी व पाद पक्षालन किए गए।






## प्रणम्य सागर महाराज ससंघ आज यहां करेंगे मंगल प्रवेश

गुरुवार सुबह 6 बजे जनकपुरी जैन मंदिर से मंगल विहार कर बरकत नगर के श्रीचन्द्रप्रभू दिगम्बर जैन मंदिर के दर्शन लाभ प्राप्त करते हुए मधुवन टोंक फाटक के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मंगल प्रवेश होगा। अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी ने बताया कि मधुवन टोंक फाटक के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर में मुनि प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में गुरुवार श्रीपार्श्वनाथ कथा का संगीतमय आयोजन किया जाएगा। शुक्रवार सुबह 6 बजे मधुवन टोंक फाटक मंदिर से कीर्ति नगर के श्रीपार्श्वनाथ दिगम्बर जैन मंदिर के लिए मंगल विहार होगा।

## 22 थालों में किए पाद प्रक्षालन

जनकपुरी में 22वें तीर्थंकर भगवान नेमिनाथ का मंदिर होने के कारण श्रद्धालुओं द्वारा मंदिर अध्यक्ष पदम चंद बिलाला के नेतृत्व में मुनि प्रणम्य सागर का 22 थालों में पाद प्रक्षालन किया। युवा मंच ने आरती उतारी। इस मौके पर आयोजित धर्म सभा में प्रियंका बिंदायक्या ने मंगलाचरण किया। चित्र अनावरण व दीप प्रज्ज्वलन राज कुमार बाकलीवाल परिवार ने तथा मुनि के पाद प्रक्षालन देवेन्द्र कासलीवाल परिवार ने किए। मुनि ने पारस पुराण कथा का वाचन किया। इस मौके पर राजस्थान जैन सभा जयपुर के मंत्री विनोद जैन, राजस्थान जैन युवा महासभा जयपुर प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जैन, नेमीसागर जैन समाज अध्यक्ष जे के जैन नेमीसागर आदि ने मुनिश्री प्रणम्य सागर महाराज को श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

## पिंक पोस्टर का किया विमोचन

इस मौके पर 2 अक्टूबर को प्रणम्य सागर महाराज ससंघ के सानिध्य में सवाई मान सिंह स्टेडियम में होने वाले विशाल अर्हं ध्यान योग शिविर के पिंक पोस्टर का विमोचन किया गया। मीरा मार्ग के श्रीआदिनाथ दिगम्बर जैन मंदिर समिति अध्यक्ष सुशील पहाड़िया व मंत्री राजेन्द्र सेठी, पदम चन्द बिलाला आदि उपस्थित रहे। जवाहर नगर, बरकतनगर, मधुवन टोंक फाटक, लालकोठी, के जैन समाज ने मुनिश्री को श्रीफल भेंट किया। मंच संचालन मनोज जैन ने किया। सैकड़ों श्रद्धालुओं ने मुनि संघ को आहार के लिए पडगाहन किया। दोपहर में स्वाध्याय के बाद रेवाड़ी से आए बच्चों का अभिनन्दन किया गया। शाम को आरती व गुरु भक्ति के आयोजन हुए।

## बुंदेलखंड के लिए दल रवाना, 19 अतिशय क्षेत्र के दर्शन करेंगे यात्री



**बेधड़क. जयपुर।** श्रीपार्श्वनाथ यात्रा संघ कल्लावाला वाटिका के तत्वावधान में छः दिवसीय धार्मिक यात्रा जयपुर से रवाना हुई। कमलेश जैन बावड़ी के नेतृत्व में यात्रा मुख्य संयोजक व यात्रियों का माला, दुपट्टा और मुंह मीठा कराकर जयकारे लगाए गए। इस दौरान पिंटू जैन पारली, नरेंद्र जैन, राकेश जैन बावड़ी, त्रिलोक चंद जैन, पारस जैन बिची, अमन जैन सहित बड़ी संख्या में समाज बंधु उपस्थित रहे। यात्रा संघ के मुख्य संयोजक समर जैन कठमाणा ने बताया कि यात्रा दल चांदखेड़ी, बजरंग गढ़, चंदेरी, खंडारगिरी, गोलाकोट, पॉवागिरी, द्रोणागिरी, नेनगिरी, बीना बाहर, कुंडलपुर, सोनागिरजी, ग्वालियर होते हुए 1 अक्टूबर को वापसी जयपुर लौटेगी। राजस्थान जैन युवा महासभा ग्रामीण महामंत्री अमन जैन ने बताया कि यात्रा के दौरान अभिषेक, शांतिधारा, सामूहिक पूजा-अर्चना, साधु संतों के दर्शन लाभ व प्रवचन लाभ के साथ भगवान महावीर के सिद्धांतों अहिंसा शाकाहार का प्रचार-प्रसार किया जाएगा। रवानगी से पहले जयपुर के प्रताप नगर से सभी यात्रियों का सम्मान किया गया और मंदिर में पूजा-अर्चना कर शुभकामनाओं सहित दल को बुंदेलखंड भेजा गया। यात्रा के दौरान 19 अतिशय क्षेत्र के दर्शन किए जाएंगे।

## महान गुरमत समागम कल से



**बेधड़क. जयपुर।** महान गुरमत समागम गुरुद्वारा हीदा की मोरी रामगंज में 27 से 29 सितंबर को आयोजित किया जाएगा। गुरुद्वारे के प्रधान सरदार सुच्चा सिंह ने बताया कि सुबह 8:30 बजे गुरुद्वारा साहिब में श्रीअखंड पाठ साहिब की आरंभता की गई, जिसकी समाप्ति 27 सितंबर को होगी। समागम 5 सत्रों में होगा।

## 65 पौधे लगाकर दिया ग्रीनरी का संदेश

**बेधड़क. जयपुर।** जयपुर की टीम 10 ने 65 पेड़-पौधे लगाकर जाती बरसात से पहले ग्रीनरी बढ़ाई। साथ ही साफ-सफाई करके लोगों को मैसेज दिए। इस मौके पर 26 लोगों ने श्रमदान किया। आयोजकों ने बताया, कि टीम 10 ने पिछले 10 साल में एक भी दिन छुट्टी नहीं की है। दिवाली और बड़े त्योहारों को भी सुबह जाकर श्रमदान या प्लांटेशन जरूर किया जाता है, जिससे लोगों को स्वच्छता का मैसेज दिया जा सके।

# City इवेंट्स

## जीएसटी परिवर्तन पर रखे विचार




**बेधड़क. जयपुर।** विश्वकर्मा इंडस्ट्रीज एसोसिएशन भवन में जीएसटी पर सत्र का आयोजन किया गया। अध्यक्ष जगदीश सोमानी व महासचिव पुष्प कुमार स्वामी और समस्त कार्यकारिणी ने शिरकत की। भारतीय उद्योग व्यापार मंडल राष्ट्रीय उपाध्यक्ष फोर्टी कार्यकारी अध्यक्ष व महासचिव राजस्थान चैम्बर ऑफ कॉमर्स एंड इण्डस्ट्री डॉ. अरूण अग्रवाल ने मंच संचालन किया। जगदीश सोमानी ने कहा कि जीएसटी विभाग ने हाल ही 53वीं-54वीं बैठक में जीएसटी विभाग ने कई बदलाव किए हैं। जीएसटी संबंधित जानकारी से जागरूकता के लिए विभिन्न सत्र व कार्यक्रमों का आयोजन होना चाहिए। जीएसटी से आए महेन्द्र रंगा, मुख्य आयुक्त जीएसटी सी के जैन, प्रधान आयुक्त जीएसटी गौरव सिन्हा आदि ने चर्चा की।

## 'अनोखा पेड़' का मंचन पटना में होगा

**बेधड़क. जयपुर।** रंग उमंग संस्थान पटना की ओर से आयोजित किए जा रहे 8वें राष्ट्रीय बाल नाटय समारोह में देश भर की विभिन्न चिल्ड्रेंस थिएटर की प्रस्तुतियां 26 से 28 सितंबर तक पटना के प्रेमचंद्र रंगशाला ऑडिटोरियम में होंगी। इसी में क्यूरियो जयपुर की चिल्ड्रंस थिएटर की प्रस्तुति 'अनोखा पेड़' का मंचन 27 सितंबर को शाम 6:30 बजे होगा। जयपुर, बोरुंदा, बीकानेर, कन्या कुमारी तमिलनाडु, केरला के 8 शोज के बाद पटना में होने वाली पद्मश्री विजयदान देथा की इस लोक कथा की बाल नाटय परिकल्पना और निर्देशन प्रियदर्शिनी मिश्रा ने की है। इस प्रस्तुति में क्यूरियो किलकारी के अथर्व, दक्षेश, ख्याति, समर्थ और अनुज अभिनय करेंगे।

## प्रतियोगिता में युवाओं ने साधे निशाने



**बेधड़क. जयपुर।** उत्तर पश्चिम रेलवे जयपुर की मेजबानी में जगतपुरा शूटिंग रेंज में 57वीं अंतर रेलवे निशानेबाजी प्रतियोगिता में 10 मीटर एयर पिस्टल में सौरभ ने प्रथम व 10 मीटर एयर राइफल में साहू माने ने प्रथम स्थान प्राप्त किया। 50 मीटर राइफल 3 पोजिशन में साहू माने ने पुरुष वर्ग और आयुशी पोद्दार ने महिला वर्ग में प्रथम स्थान पर कब्जा किया। इस मौके पर 50 मीटर राइफल 3 पोजीशन की टीम स्पर्धा में पश्चिम रेलवे ने प्रथम स्थान, मध्य रेलवे ने द्वितीय व पूर्वी रेलवे ने तृतीय स्थान प्राप्त किया।

**27-29 सितंबर तक 'वॉयस ऑफ डॉक्टर्स' का** आयोजन

# दुनियाभर के 7 हजार डॉक्टर्स जगाएंगे अपनी आवाज का जादू




**बेधड़क** | जयपुर

विश्वभर के डॉक्टर्स की संगीत प्रतिभा को जयपुर में इंटरनेशनल मंच मिलेगा और बॉलीवुड के दिग्गज सिंगर उनकी आवाज को जज करेंगे। इसके लिए एक बार फिर मेडिकल कम्यूनिटी के बीच एकता, रचनात्मकता और तनाव से राहत की भावना को बढ़ावा देने के उद्देश्य से 27 से 29 सितंबर को ग्लोबल सिंगिंग कॉम्पिटिशन- 'वॉयस ऑफ डॉक्टर्स' का दूसरा सीजन होगा। कॉम्पिटिशन में विश्वभर से 7 हजार से ज्यादा डॉक्टर्स हिस्सा ले रहे हैं। कार्यक्रम में संगीत जगत की प्रख्यात हस्तियां शामिल होंगी।

इनमें भारतीय प्लेबैक सिंगर्स पद्मश्री कविता कृष्णमूर्ति, अमित कुमार और कुणाल गांजावाला विशेष अतिथि के रूप में शिरकत करेंगे। 27 सितंबर को आरआईसी में और 28 को जेईसीआरसी में प्री-फिनाले राउंड होगा। ग्रैंड फिनाले 29 सितंबर को सीतापुरा स्थित जेईसीसी में आयोजित किया जाएगा। आयोजक समिति चेयरमैन डॉ. जितेंद्र एस मक्कड़ के साथ संयोजक व समिति सचिव डॉ. सौरभ जैन और म्यूजिक मेंटर डॉ. गौरव जैन ने कार्यक्रम की रूप रेखा बताई। डॉ. सौरभ जैन ने बताया कि आयोजन ऑनलाइन और ऑफलाइन दोनों तरह से है। विशेष रूप से डॉक्स सीएमई ऐप पर। अंडर 40, 40-55 वर्ष और 55 से ज्यादा आयु वर्ग में बांटा गया है। विजेता का चयन बॉलीवुड की विशेष जूरी द्वारा किया जाएगा।

**आरतीया और यस बैंक के बीच हुआ** एमओयू

# एमएसएमई क्षेत्र में उद्योगों के लिए खुलेंगे और नए अवसर




**बेधड़क** | जयपुर

एमएसएमई क्षेत्र में उद्योगों के प्रोत्साहन के लिए आरतीया और यस बैंक के बीच एमएसएमई एमओयू हुआ है। इस एमओयू से एमएसएमई क्षेत्र में उद्योगों के लिए नए अवसर खुलेंगे। इस समझौते के अनुसार यस बैंक द्वारा आरतिया को प्रेफर्ड बैंकिंग पार्टनर बनाकर अपनी सेवाएं प्रदान की जाएगी और साथ ही यस बैंक एमएसएमई लोन, सीजीटीएमएससी, मशीनरी, मेडिकल इक्विपमेंट लोन, इंडस्ट्रीज लोन, सोलर लोन और गोल्ड लोन में कम ब्याज दर और कम दस्तावेजों के साथ तेजी से बिजनेस बैंकिंग की सेवाएं प्रदान करेगा।

इस समझौते पर यस बैंक की ओर से नितिन बस्सी, सीनियर वाइस प्रेसिडेंट एमएसएमई एलायंसेज (नॉर्थ एवं वेस्ट इंडिया) एवं कमल कन्दोई चेयरमैन आरतिया ने संयुक्त रूप से हस्ताक्षर किए। आरतिया अध्यक्ष विष्णु भूत एवं मुख्य संरक्षक आशीष सराफ ने बताया कि आरतिया द्वारा एमएसएमईज को आमंत्रित कर यस बैंक के साथ मीटिंग्स आयोजित करवाई जाएगी तथा सभी प्रकार का सहयोग प्रदान किया जाएगा। यह समझौता एमएसएमई क्षेत्र में विकास और बढ़त के लिए एक अत्यंत महत्वपूर्ण कदम है और राजस्थान उद्योग जगत में नए आयाम स्थापित करेगा। इस अवसर पर रामसिंह यादव, प्रोग्राम मैनेजर, एमएसएमई राजस्थान जॉन, यस बैंक, प्रेम बियानी, कार्यकारी अध्यक्ष, आरतिया, विष्णु जी गोयल, उपाध्यक्ष, ओ पी राजपुरोहित, स्ट्रेटजी एडवाइजर मौजूद रहे।

**बैठक** SLTMC ने की नई परियोजनाओं की स्वीकृति की सिफारिश

# दूध और दुग्ध उत्पादों की गुणवत्ता से नहीं करें समझौता

**बेधड़क** | जयपुर

केन्द्रीय प्रवर्तित डेयरी विकास योजना के क्रियान्वयन के लिए गठित स्टेट लेवल टेक्निकल मैनेजमेंट कमेटी ने राज्य में 40 करोड़ रुपए से अधिक की नई परियोजनाओं की स्वीकृति की सिफारिश की है। पशुपालन व गोपालन शासन सचिव डॉ. समित शर्मा की अध्यक्षता में आयोजित एसएलटीएमसी की बैठक में सिफारिश की गई। बैठक में दूध व दुग्ध उत्पादों की जांच के लिए अत्याधुनिक उपकरणों की खरीद के लिए 5 करोड़ रुपए की राशि स्वीकृति की अभिशंषा की गई, जिस पर बैठक में उपस्थित भारत सरकार के प्रतिनिधी ने सैद्धान्तिक सहमति व्यक्त की। गोपालन सचिव डॉ. समित शर्मा ने बैठक में उपस्थित जिला दुग्ध संघों के प्रबन्ध संचालकों को दूध व दूध से बने उत्पादों की गुणवत्ता से कोई समझौता नहीं करने के निर्देश दिए।



## 135 नए बल्क मिल्क कूलर लगाए जाएंगे

उन्होंने कहा कि उच्च गुणवत्तायुक्त दूध उपभोक्ताओं का हक है और यह उन्हें मिलना ही चाहिए। राजस्थान को-ऑपरेटिव डेयरी फैडरेशन की प्रबंध संचालक श्रुति भारद्वाज ने बताया कि एसएलटीएमसी की बैठक में निर्णय लिया गया कि राज्यभर में ग्रामीण अंचलों में स्थित प्राथमिक दुग्ध उत्पादक सहकारी समितियों पर 135 नए बल्क मिल्क कूलर लगाए जाएंगे। उन्होंने कहा कि समयबद्ध कार्यक्रम में बल्क मिल्क कूलर की स्थापना कर संकलित दूध की गुणवत्ता में आशातीत सुधार लाया जाएगा।

## डेयरी विकास के लिए राशि स्वीकृत

पाली जिले के क्षेत्राधिकार में उक्त योजना के अन्तर्गत दुग्ध संकलन में सुदृढ़ीकरण, विपणन व प्रशिक्षण तथा क्षमता विस्तार मद में 16.41 करोड़ रुपए स्वीकृत किए गए हैं, जिसे निंदिष्ठ समय में पूरा करने के निर्देश दिए गए। वहीं के लिए 8 करोड़, भीलवाड़ा 8.40 करोड़ और जोधपुर जिले में ग्रामीण स्तर पर समग्र डेयरी विकास के लिए 23.15 करोड़ रुपए स्वीकृत करने की सिफारिश की गई है। बैठक में डेयरी फैडरेशन के वरिष्ठ अधिकारी, जिला दुग्ध संघों के प्रबन्ध संचालक, पशुपालन विभाग निदेशक भवानी सिंह और भारत सरकार के प्रतिनिधी के रुप में पशुपालन व डेयरी विकास विभाग के तकनीकी अधिकारी नरेश कुमार यादव मौजूद थे।

पोस्टल रजि. नं. : जयपुर सिटी/006/2023-25

# न्यूज़ बेधड़क

सच बेधड़क
जयपुर, गुरुवार, 26 सितंबर, 2024


सबकी नकल की जा सकती है, लेकिन चरित्र, व्यवहार, संस्कार और ज्ञान की नकल नहीं हो सकती।
विनायक शर्मा, फाउंडर एंड एडिटर इन चीफ, सच बेधड़क मीडिया ग्रुप

### इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत पर किए हवाई हमले... 560 से अधिक लोगों की मौत

# हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर समेत छह की मौत

एजेंसी | बेरूत/यरूशलम

इजराइल ने लेबनान की राजधानी बेरूत में एक बार फिर हमला किया है। बेरूत में अपार्टमेंट बिल्डिंग पर इजराइली सेना (आईडीएफ) के हमले में हिजबुल्लाह के टॉप कमांडर एवं आतंकवादी समूह की मिसाइल यूनिट के चीफ समेत छह लोगों की मौत हो गई, जबकि 15 अन्य घायल हुए हैं। इजराइली मिसाइलों ने बेरूत की एक रिहायशी इमारत की दो मंजिलों को निशाना बनाया, जहां कुबैसी छिपा हुआ था। इजराइली सेना ने बताया कि यह हमला हिजबुल्लाह के खिलाफ जारी अभियान का हिस्सा था। आईडीएफ के प्रमुख हर्जी हलेवी ने कहा कि हम अपनी कार्रवाई को और तेज करेंगे और हिजबुल्लाह को कोई मौका नहीं देंगे। हमें अपनी पूरी ताकत के साथ काम करना होगा, और हर मोर्चे पर आक्रामक रूप से आगे बढ़ना होगा।






### अब हिजबुल्लाह का काउंटर अटैक

इस बीच हिजबुल्लाह ने उत्तरी इजराइल में रॉकेटों की बौछार जारी रखी, जबकि आईडीएफ ने ईरान समर्थित समूह के सैकड़ों स्थलों पर हमले कर जवाब दिया, जिनमें आवासीय भवन भी शामिल थे। आईडीएफ ने कहा कि उन स्थलों पर हमला किया गया, जहां हिजबुल्लाह ने इजराइल पर हमले के लिए रॉकेट और मिसाइलें छिपाई हुई थीं। इन ठिकानों में आवासीय भवन भी शामिल थे, जिससे स्थानीय लोगों में भय और आतंक फैल गया। इजराइल और लेबनान दोनों देशों में बढ़ते तनाव के बीच यूरोपीय संघ के एक शीर्ष अधिकारी ने इस स्थिति को पूर्ण युद्ध के कगार पर बताया। इस संघर्ष की शुरुआत एक साल पहले हुई थी, जब हिजबुल्लाह ने हमास के समर्थन में इजराइल पर हमले किए थे।

### ईरानी राष्ट्रपति बोले... 'हिजबुल्लाह अकेले मुकाबला नहीं कर सकता'



न्यूयॉर्क। ईरान के राष्ट्रपति मसूद पेजेशकियन ने इजराइल और लेबनान के चरमपंथी समूह हिजबुल्लाह के बीच संघर्ष से क्षेत्र में युद्ध बढ़ने के खतरे की ओर इशारा किया है। अमेरिकी न्यूज चैनल को दिए विशेष इंटरव्यू में ईरानी राष्ट्रपति ने कहा कि लेबनान में हिजबुल्लाह के खिलाफ इजराइल के बड़े पैमाने पर हमले मानवता के खिलाफ हैं, जो इस क्षेत्र को बड़े संघर्ष में धकेल सकते हैं। पेजेशकियन ने कहा कि खतरा यह है कि लेबनान में इजराइल के हमलों की आग पूरे क्षेत्र में फैल जाएगी। उन्होंने चेतावनी दी कि दुनिया को इजराइल के हाथों लेबनान को दूसरा गाजा नहीं बनने देना चाहिए। उन्होंने कहा कि हिजबुल्लाह अकेले उस देश का मुकाबला नहीं कर सकता, जिसका बचाव, समर्थन और आपूर्ति पश्चिमी देशों, यूरोपीय देशों और अमेरिका द्वारा की जा रही है। पेजेशकियन ने चेतावनी दी कि ताजा घटनाक्रम क्षेत्रीय संघर्ष में बदल सकते हैं, जो दुनिया और हमारे ग्रह पृथ्वी के भविष्य के लिए खतरनाक हो सकता है, इसलिए हमें इजराइल द्वारा किए जा रहे आपराधिक कृत्यों को रोकना चाहिए।


### DF-41 के खौफ में अमेरिका, फिलीपींस और ताइवान

# चीन ने किया बैलिस्टिक मिसाइल का परीक्षण

एजेंसी | बीजिंग

दक्षिण चीन सागर में चल रहे तनाव के बीच चीन ने अमेरिका तक तबाही मचाने वाली अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल DF-41 मिसाइल का परीक्षण किया है। चीन की सेना पीएलए ने बुधवार की सुबह इस मिसाइल का टेस्ट किया। चीनी मीडिया ने रक्षा मंत्रालय के हवाले से बताया कि ऐसा 44 साल बाद हुआ है जब चीन की सेना ने खुलकर अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का टेस्ट किया है। यह परमाणु मिसाइल ताइवान, फिलीपीन्स और अमेरिकी नेवल बेस गुआम के पास से गुजरी और प्रशांत महासागर में जाकर गिरी। इस मिसाइल के अंदर एक डमी पेलोड लदा हुआ था। चीन की इस DF-41 मिसाइल को साल 2017 में सेना के अंदर शामिल किया गया था और इसकी मारक क्षमता 12 हजार से लेकर 15 हजार किमी तक है।

इससे यह नवीनतम चीनी मिसाइल अमेरिका की मुख्य भूमि के अंदर तबाही मचाने की ताकत रखती है। एक अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल की रेंज आमतौर पर 5500 किमी तक होती है और इसे परमाणु बम ले जाने के लिए डिजाइन किया गया होता है। चीन के रक्षा मंत्रालय ने बताया कि पीएलएल की रॉकेट फोर्स ने सफलतापूर्वक इस मिसाइल का परीक्षण किया है। यह मिसाइल पहले से निर्धारित इलाके में सटीक तरीके से जाकर समुद्र में गिरी है। चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि यह मिसाइल टेस्ट पीएलए के वार्षिक सैन्य ट्रेनिंग के तहत सामान्य व्यवस्था है। इसमें हथियार के प्रदर्शन और सैनिकों के ट्रैनिग का प्रभावी तरीके से टेस्ट किया गया।



### मई 1980 में किया था DF-5 का परीक्षण

चीनी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि इस परीक्षण का उद्देश्य सफल रहा। चीन ने इसकी सूचना सभी पक्षों को दे दी थी। ऐसा 44 साल में पहली बार हुआ है जब चीन ने समुद्र के ऊपर अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का वायुमंडलीय परीक्षण किया है। इससे पहले साल मई 1980 में चीन ने DF-5 का परीक्षण किया था। चीन की इस पहली अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल की मारक क्षमता 9 हजार किमी तक थी। चीन ने इस मिसाइल का परीक्षण ऐसे समय पर किया है जब पूरे एशिया प्रशांत क्षेत्र में मिसाइलों से जुड़ी गतिविधियों में भारी तेजी आई है। इससे पहले उत्तर कोरिया ने कम दूरी तक मार करने वाली मिसाइलों का परीक्षण किया था। यह मिसाइल जापान के पास जाकर समुद्र में गिरी थी। वहीं अप्रैल महीने में अमेरिका ने फिलीपीन्स के पास के पास अपनी मध्यम दूरी तक मार करने वाली मिसाइल को तैनात किया था। साल 1987 के बाद ऐसा पहली बार हुआ है जब अमेरिका ने एक मध्यम दूरी तक मार करने वाली मिसाइल को एशिया प्रशांत क्षेत्र में तैनात किया है। अमेरिका साल 2019 में आईएनएफ की संधि से हट गया था और आरोप लगाया था कि रूस इस समझौते का उल्लंघन कर रहा है। अमेरिकी रक्षा मंत्रालय का कहना है कि चीन की सेना की रॉकेट फोर्स अपने रणनीतिक प्रतिरोधक क्षमता को आधुनिक बना रही है जिसमें नए अंतरमहाद्वीपीय मिसाइल का विकास शामिल है।

### चीन के पास 350 आईसीबीएम

अमेरिकी रक्षा मंत्रालय ने कहा कि चीन ने अपने अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलों के जखीरे को दोगुना कर लिया है और इसे लगातार बढ़ा रहा है। चीन के पास अनुमान के मुताबिक 350 अंतरमहाद्वीपीय मिसाइलें हैं। इसमें DF-31 और DF-41 मिसाइल शामिल है। इन मिसाइलों के लिए चीन साइलो का निर्माण कर रहा है। चीन के सैन्य विश्लेषक सोंग झोंगपिंग ने कहा कि यह मिसाइल टेस्ट दिखाता है कि चीन की मिसाइल ताकत विश्वसनीय है और ऑपरेशनल क्षमता मजबूत है। उन्होंने कहा कि यह मिसाइल टेस्ट या तो DF-31 है या फिर DF-41 है। इस क्षमता के बाद अब कुछ देश चीन को परमाणु धमकी नहीं दे सकेंगे।

### बांग्लादेश अंतरिम सरकार के मुखिया की बाइडेन से मुलाकात

# अमेरिकी सरकार का यूनुस को 'पूर्ण समर्थन'

एजेंसी | न्यूयार्क

बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने 79वीं संयुक्त राष्ट्र महासभा के अवसर पर अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मुलाकात की। इस दौरान राष्ट्रपति बाइडेन ने यूनुस को अंतरिम सरकार के प्रमुख के रूप में उनकी नियुक्ति पर बधाई दी। व्हाइट हाउस ने बयान जारी करते हुए कहा कि दोनों नेताओं ने अमेरिका और बांग्लादेश के बीच 'घनिष्ठ साझेदारी' की बात कही है, जो साझा लोकतांत्रिक मूल्यों



और लोगों के बीच मजबूत संबंधों पर आधारित है। राष्ट्रपति बाइडेन ने दोनों सरकारों के बीच आगे की भागीदारी का स्वागत किया और बांग्लादेश द्वारा अपने नए सुधार एजेंडे को लागू करने में निरंतर अमेरिकी समर्थन की पेशकश की।

वहीं, बांग्लादेश की ओर से जारी प्रेस विज्ञप्ति में कहा गया कि राष्ट्रपति बाइडेन ने बैठक के दौरान बांग्लादेश और प्रोफेसर यूनुस के नेतृत्व वाली अंतरिम सरकार के प्रति अमेरिकी सरकार का 'पूर्ण समर्थन' देने का भरोसा दिया। मोहम्मद यूनुस ने सोशल मीडिया 'एक्स' पर पोस्ट शेयर करते हुए लिखा कि राष्ट्रपति बाइडेन ने मुख्य सलाहकार डॉ। मुहम्मद यूनुस और उनकी सरकार के लिए अमेरिकी सरकार का पूर्ण समर्थन व्यक्त किया, जैसा कि उन्होंने संयुक्त राष्ट्र महासभा के दौरान मुलाकात की थी। यूनुस ने बाइडेन को बांग्लादेश की स्थिति से भी अवगत कराया। उन्होंने यह भी बताया कि कैसे छात्रों ने 'पिछली सरकार के अत्याचार' के खिलाफ आवाज उठाई और बांग्लादेश के पुनर्निर्माण के लिए अपनी जान दे दी। मुख्य सलाहकार ने देश के पुनर्निर्माण में अपनी सरकार को सफल बनाने के लिए अमेरिका के सहयोग की आवश्यकता पर बल दिया।




### शहबाज सरकार को दी चेतावनी

# पाक भिखारियों से टेंशन में सऊदी अरब

एजेंसी | रियाद

सऊदी अरब ने पाकिस्तान से आने वाले भिखारियों की बढ़ती संख्या को लेकर शहबाज सरकार को चेतावनी दी है। पाकिस्तान से हर साल बड़ी संख्या में लोग उमराह वीजा पर सऊदी अरब जाते हैं और वहां भीख मांगने लग जाते हैं। एक रिपोर्ट के मुताबिक सऊदी हज मंत्रालय ने पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय से कहा है कि वे इस पर जल्द रोक लगाएं।



मंत्रालय ने कहा कि अगर पाकिस्तान सरकार ऐसा नहीं करती है तो इसका असर पाकिस्तानी उमराह और हज यात्रियों पर पड़ सकता है। रिपोर्ट के मुताबिक भिखारियों को सऊदी भेजने से रोकने के लिए पाकिस्तान के धार्मिक मामलों के मंत्रालय ने 'उमराह एक्ट' लाने करने का फैसला किया है। इसका मकसद उमराह वीजा दिलाने में मदद करने वाली ट्रैवल एजेंसियों को रेग्युलेट करना और उन्हें कानूनी निगरानी के तहत लाना है। इससे पहले सऊदी राजदूत नवाफ बिन सैद अहमद अल-मलिकी और पाकिस्तानी गृह मंत्री मोहसिन नकवी के बीच मुलाकात हुई थी। इसमें नकवी ने राजदूत को यकीन दिलाया था कि सरकार सऊदी अरब में भिखारियों को भेजने के लिए जिम्मेदार माफियाओं के खिलाफ सख्त कदम उठाएगी। रिपोर्ट के मुताबिक गृह मंत्री नकवी का मानना है कि ऐसी घटना पाकिस्तान की छवि को नुकसान पहुंचा रही है। इस पर नकेल कसने के लिए अब संघीय जांच एजेंसी को जिम्मेदारी दी गई है।

### उमराह एक्ट पेश करेगा पाकिस्तान

इसके बाद पाकिस्तान का धार्मिक मामलों का मंत्रालय उमराह यात्राओं की सुविधा देने वाली ट्रैवल एजेंसियों को रेगूलेट करने के लिए 'उमराह एक्ट' पेश करने की योजना बना रहा है। पाकिस्तान के गृह मंत्री मोहसिन नकवी ने सऊदी राजदूत नवाफ बिन सईद अहमद अल-मल्की को आश्वासन दिया कि सख्त उपाय लागू किए जाएंगे और संघीय जांच एजेंसी (FIA) को कार्रवाई का नेतृत्व करने का काम सौंपा गया है।

### चिंता जताई थी

पिछले साल भी प्रवासी पाकिस्तानियों के सचिव अरशद महमूद ने बताया था कि कई खाड़ी देशों ने कुछ पाकिस्तानी नागरिकों के व्यवहार, विशेष रूप से कार्य नैतिकता, दृष्टिकोण और आपराधिक गतिविधियों में शामिल होने के संबंध में चिंता व्यक्त की थी।

सृष्टिविनायक एंटरटेनमेंट मीडिया प्राइवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक व प्रकाशक मिताली यादव द्वारा सच बेधड़क दैनिक हिन्दी अखबार, 34/16-ए, शिप्रा पथ, मानसरोवर, जयपुर-302020 (राजस्थान) से प्रकाशित एवं भास्कर प्रिंटिंग प्रेस, शिवदासपुरा, रेलवे क्रॉसिंग टोंक रोड, जयपुर (राजस्थान) से मुद्रित।
**संपादक:** विनायक शर्मा*, **फोन नं. :** 9664014179 (ऑफिस), **ई-मेल:** news@sachbedhadak.com, **RNI No. :** RAJHIN/2021/82557 *समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।

दैनिक हिन्दी अख़बार
# सच बेधड़क

"सच बेधड़क" दैनिक हिन्दी अख़बार की प्रति PDF के माध्यम से मुफ़्त प्राप्त करने के लिए इस लिंक पर Click कीजिए

Telegram

https://rb.gy/3bkrnl